॥ श्रीः ॥

जैमिनीयसूत्राणि ।

ढाढोलिग्रामनिवासि–श्रीपाठकमंगलसेनात्मज-

काशिरामविरचितभाषाटीकया समेतानि ।

तानि च

श्रीकृष्णदासात्मज–गंगाविष्णोः

स्वकीये "लक्ष्मीवेंकटेश्वर" मुद्रणागारे

रामचंद्र राघो इत्यनेन स्वाम्यर्थं

मुद्रितानि प्रकाशितानि च ।

संवत् १९७०, शकाब्दाः १८३५.

कल्याण–मुंबई.

Registered under Act XXV of 1867.

	नाम.	की. रु.	आ.	ट.	म. रु.	आ०
३८१	अर्घप्रकाश ज्योतिष भाषाटीका इसमें तेजी मंदी वस्तु देखनेका विचार है	क	०	–६	०	–॥
३८२	अयोध्याजातक ज्योतिष भाषाटीका (इसमें बालकका जन्म जातकादि भलिभांति वर्णित है)	क	०	–४	०	–॥
३८३	कालज्ञान भाषाटीका	क	०	–३	०	–॥
३८४	करेरखासंख्यावली(छंदबद्ध सुगमसामुद्रिक)	क	०	–४	०	–॥
३८५	गंगास्थित्वनिर्णय भाषाटीका	क	०	–२	०	–॥
३८६	केरलमत प्रश्नसंग्रह इसमें प्रश्न देखनेके है	क	०	–४	०	–॥
३८७	गर्गमनोरमा भाषा और संस्कृत टीकासह	क	०	–९	०	–॥
३८८	गर्गजातक भाषाटीका	क	०	–३	०	–॥
३८९	ग्रहगोचर भा० टी०	क	०	–२	०	–॥
३९०	ग्रहलाघव भा० टी०	क	१	–०	०	–२
३९१	ग्रहशांति संस्कृत (अतिउत्तम)	श्री	०	–१०	०	–२
३९२	चमत्कारचिन्तामणि भाषाटीका	क	०	–४	०	–॥
३९३	जन्मपत्र और वर्षपत्रके फार्म प्रत्येकका	क	०	–१॥	०	–॥
३९४	जातकालङ्कार भाषाटीका	क	०	–६	०	–१
३९५	जातकालङ्कारसटीक....	क	०	–६	०	–१
३९६	जातकाभरण मूल ग्लेज १२ आ. रुफ्	क	०	–१०	०	–२
३९७	जातकाभरण भा० टी० चिकना कागज	क	१	–८	०	–४
×××	जातकाभरण भा. टी. रफ़	क	१	–४	०	–४
३९८	जातकचन्द्रिका भा० टी० (अत्युत्तम जन्मजातक तन्वादि भावफल षड्वर्गफल अनेकानेक योग दशादिवर्णित पासमें अवश्य रखने योग्य है)	क	०	–१२	०	–२
३९९	जातक संग्रह भाषाटीका इसमें जिन विषयोंकी कि जन्मपत्रफलादेशमें आवश्यकता होती है वेही समस्त विषय अनेक संस्कृत जातकग्रंथोंसे सार २ लेकर भाषाटीकासहित छपे हैं	क	२	–८	२	–४

४०० जैमिनिसूत्रसटीक चार अध्याय .... ख ०-६ ०-१
४०१ जैमिनीसूत्र भा० टी० .... क ०-१० ०-१
४०२ ज्योतिषश्यामसंग्रह भा०टी० श्लो०(इसमें बहुत प्रकारसे जन्मपत्रका भाव योगानुयोग उच्चादिबल दशा अरिष्ट राजयोगादि भाव भलीप्रकार कह सकते हैं.) .... क २-८ ०-४
४०३ „ रफ .... क २-० ०-४
४०४ ज्योतिषसार भाषाटीका सहित .... क १-० ०-२
४०५ ज्योतिषकी लावणी .... क ०-१ ०-॥
४०६ ज्योतिःशास्त्र निघंटु .... क ०-२ ०-॥
४०७ ज्योतिषकी चावी भाषामें .... क ०-१ ०-॥
४०८ तत्वप्रदीप (जातक ग्रन्थ देखने योग्य) क ०-३ ०-॥
४०९ ताजिकनीलकण्ठी सटीक तन्त्रत्रयात्मक संस्कृत टीकासह खुलापाना. .... क १-० ०-२
४१० „ „ जिल्दकी.... क १-४ ०-२
४११ ताजकनीलकण्ठी महीधरकृत भाषाटीका क १-८ ०-३
४१२ ताजिकभूषण भाषाटीका .... * ०-८ ०-१
४१३ तिथिनिर्णय मूल संस्कृत .... क ०-१॥ ०-॥
४१४ नष्टजन्माङ्गदीपिका और पंचागदीपिकागद्यपद्यटीका समेत (ऐसी उपयोगी कुंजीहैं जो हजारों रु० खर्चसेभी अलभ्यहैं ज्योतिषी इससे अमूल्य लाभ पावेंगे) .... क ०-४ ०-॥
४१५ परीक्षा चक्रावली प्रश्नग्रंथ भा० टी.... क ०-४ ०-॥
४१६ पल्लीपतन भाषाटीका.... .... क ०-१॥ ०-॥
४१७ पत्रीवर्षदीपक भा. टी.(महिधरशर्माकृत)क ०-१० ०-१

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" छापाखाना
कल्याण-मुंबई.

अथ

जैमिनीयसूत्रकी विषयानुक्रमणिका।

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
मंगलाचरण या ग्रंथारंभ	१	निसर्गबल	११
ग्रहोंका द्रष्टृदृश्यभाव	२	विषम समराशिभेद कर गणना	१२
राशिदृष्टिचक्र	,,	क्रमव्युत्क्रमगणनाकी विपरीतता	,,
अर्गलाकथन	३	तत्तद्राशिके दशावर्ष लानेके लिये अवधि	१३
पापग्रहोंके योगसे होनेवाली अर्गला	४	फलविशेषके जनानेके लिये राशियोंका आरूढस्थान.	१४
कटपयादिसंख्याचक्र	,,	आरूढपदका उदाहरण	१६
अर्गलाके बाधा करनेवाले योग	५	भावराशियोंके वर्णदस्थान	,,
अर्गलायोगके दूर करनेवाले योगकेभी दूर करनेवाले योग.	,,	ग्रहोंके वर्णदका निषेध	१९
अर्गलाकारक और अर्गलाप्रतिबन्धक योग	६	अन्तर्दशाविभाग	,,
कतुग्रहके लिये कुछ विशेष.	७	होरा द्रेष्काणादिकोंका उपलक्षणमात्र	२०
आत्मकारक	,,	होराचक्र	२१
आत्मकारकका उत्कर्ष	९	द्रेष्काणचक्र	,,
अमात्यकारक	,,	विषमत्रिंशांशचक्र	२२
भ्रातृकारक	,,	समत्रिंशांशचक्र....	,,
मातृकारक	,,	नवांशचक्र	२३
पुत्रकारक	१०	द्वादशांशचक्र	२४
ज्ञातिकारक	,,	सप्तांशचक्र	२५
दारकारक	,,	आत्मकारकके नवांशका फल.	२६
मतान्तरसे पुत्रकारक	,,	आत्मकारकके मेषादि नवांशोंका फल	,,
भगिन्यादिकारक	,,	आत्मकारकके नवांशका ग्रहस्थितिसे फल	२८
मातुलादिकारक	११		
पितामहादिकारक	,,		
पत्न्यादि स्थिरकारक	,,		

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
आत्मकारकके नवांशसे दशम नवांशका विचार	३२	आपद्योग	६७
आत्मकारकके नवमांशसे चतुर्थ नवमांशका विचार	३३	नेत्रभंगयोग	६८
आत्मकारकके नवमांशसे नवम नवमांशका विचार	३४	उपपदादिके आश्रयसे फल.	६९
आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशका विचार	३५	आयुर्दायका विचार	६८
आत्मकारकके नवांशसे तृतीय नवांशका विचार	३६	दीर्घायुयोग	,,
आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशका विचार	३७	मध्यायुयोग	६९
केमद्रुमयोग	४५	अल्पायुयोग	,,
पूर्व कहे हुए फल किस काल-विशेषमें होते हैं उसका निर्णय	४६	लग्न चन्द्रमा इन दोनोंसे आयुर्योग	७०
आरूढकुण्डलीस्थ ग्रहोंके आश्रय करके फलोंके कहनेको पदका अधिकार	४७	आयुर्दायके निर्णय करनेका तृतीय प्रकार	,,
लग्नारूढसे एकादशस्थानका फल	,,	दो प्रकारसे एकाकार आयु आवे और एक प्रकारसे भिन्न आयु आवे तहां निर्णय	७१
लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानका फल	४८	जन्मलग्न होरालग्नसे आये हुए आयुका निषेध	,,
एकादश स्थानमें व्ययवत्ही लाभका विचार	४९	प्रस्तारचक्र	,,
लग्नारूढसे सप्तम स्थानका फल	,,	दीर्घमध्याल्पायुर्योगोंके विषे कुछ विशेष	७२
आरूढ स्थानसे द्वितीयस्थ केतुका फल....	,,	इसी विषयमें मतान्तर	७३
धनयोग	५४	परमत कहकर निज मत कथन	,,
		कक्ष्यावृद्धियोग	,,
		प्रमाणसिद्ध आयुमेंही मरण होता है या बीचमेंभी मरण हो जाता है इस आकांक्षामें निर्णय	७४
		मरणयोगका निषेध	,,
		शुभ ग्रहोंकी दृष्टि योग न	

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
होनेपरभी नवांशका कालमृत्युका निषेध	७५	वली रुद्रका फल	८२
नवांशदशामें राशिवृद्धि हो जावे है तौ फिर किस राशिमें मृत्यु होता है इस शंकामें निर्णय	,,	दोनों रुद्रोंका गुणविशेषकर फल	,,
अन्य प्रकारसे दीर्घमध्याल्पा युर्योग	,,	रुद्राश्रितराशिमें मरणयोग.	८३
इस प्रकरणमें कौन बल ग्रहण करना चाहिये इसका निर्णय	७६	योगभेदसे मरणस्थान	८४
अन्य प्रकारसे मध्यायुर्योग....	७७	फलविशेषके कहनेके लिये महेश्वरग्रहकथन	,,
दीर्घादि योगोंके विषे कक्ष्याह्रास	,,	द्वितीय प्रकारसे महेश्वर ग्रह.	८५
कक्ष्याह्रासयोगमें निषेध	७८	ब्रह्मग्रह	,,
बृहस्पतिके विषेभी ह्रासवृद्धि प्रकार	,,	अन्य प्रकारसे ब्रह्मग्रह	,,
पापयोगसे जो कि कक्ष्याह्रास कहा उसमें अपवाद	७९	बहुत ग्रह ब्रह्मयोगकारक होवें तो कौन ब्रह्मा होता है इस शंकामें निर्णय	८६
स्थिरदशाके आश्रयसे मरणयोग	,,	इस योगमें कुछ विशेष	,,
विशेषकर मरणकालज्ञान	८०	अन्य प्रकारसे ब्रह्मग्रह	,,
मरणकारक राशिविशेष	,,	यदि अष्टमेश अष्टमस्थ इन दोनोंमें भेद होवे तो कौन ब्रह्मा होता है इस शंकामें निर्णय	८७
बहुवर्षव्यापिनी दशा होवे तौ कब मरण होगा इस शंकामें निर्णय	८१	महादशामेंभी मरणकारक अन्तर्दशा	,,
निर्याणदशाविशेषको अन्य प्रकारसे दिखानेके वास्ते रुद्रग्रहकथन	,,	मारकग्रह	,,
द्वितीय रुद्रग्रह	,,	मारकका फल	८८
		मारकमहादशामें मरणकारक अन्तर्दशा	,,
		पित्रादिकोंका मरणकाल जतानेके लिये पित्रादि कारक कथन	८९
		वली पितृमातृकारकका फल.	९०
		पितृमरणमें विशेष	,,

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
बाल्यावस्थामेंही मातापितृके मरणयोग	९१	द्वारबाह्यराशियोंका फल	१०४
पुत्रमातुलादिकोंका मरणकाल.	,,	उक्त दोषका अपवाद	,,
मरणमें शुभाशुभ भेद	,,	केंद्रदशाका आरम्भस्थान	,,
मरणमें देशभेद	९४	केन्द्रदशाके क्रमभेद	१०५
दशाभेद बलभेद तथा नवांशदशा	९५	कारककेंद्रादिदशा	१०६
स्थिरदशाका आरम्भस्थान.	९६	अन्य केन्द्रकी दशा	१०७
राशियोंका निसर्ग बल	९७	कारकादिदशाके वर्ष बनानेका विधान	,,
स्वामीका बलाबल	९८	फल	१०८
निर्याणशूलदशा	९९	मंडूकदशा	,,
पिताकी निर्याणशूलदशा	,,	शूलदशा	१०९
मांताकी निर्याणशूलदशा	,,	समस्त साधारण दशाओंके आरम्भमें तथा वर्ष लानेमें कुछ विशेष	,,
भ्राताकी निर्याणशूलदशा....	१००	नक्षत्रदशा	११०
भगिनी पुत्र इन दोनोंकी निर्याणशूलदशा	,,	योगार्द्धदशा	,,
ज्येष्ठ भ्राताकी निर्याणशूलदशा	,,	योगार्द्धदशाके आरम्भराशि.	१११
पितृवर्गकी निर्याणशूलदशा.	,,	द्रग्दशा	,,
ब्रह्मदशा	१०१	त्रिकोणदशा	११२
चतुर्थ बल	,,	त्रिकोणदशाका फल	११३
चरदशामें क्रमव्युत्क्रम भेद....	१०२	नक्षत्रदशा	,,
द्वारराशि और बाह्यराशि....	१०३	दशाफलविशेष	११५

इति विषयानुक्रमणिका समाप्ता।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास.
" लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर " छापाखाना, कल्याण—मुंबई.

॥ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथ

भाषाटीकासहितानि

जैमिनीयसूत्राणि ।



यो हत्वा ध्वान्तसङ्घैः सुरमयति जनान्योजयन्कर्ममार्गे ।
चाम्बह्लादैर्वयांसि क्षिपति स विगजन्नार्त्तवान्सर्वधर्मान् ॥
यत्पन्थानं ह्युपेत्य व्रजति यतिगणा ब्रह्म निर्वाणधाम ।
तं ध्यात्वा हृत्सरोजे तमिह विरचये जैमिनेःसूत्रभाषाम् ॥ १ ॥

पूर्वजन्मार्जित कर्मज्ञानसे अनुष्ठान किये हुए काशीवासादि निज वृत्तसे जगत्के उद्धार करनेकी इच्छावाले करुणासमुद्र जैमिनिमुनि इस प्रारिप्सित ग्रंथके रोकनेवाले विघ्नकी शान्तिके लिये श्रीशंकर भगवान्को प्रणाम कर समस्त जनोंके शुभ अशुभ जतानेवाले जातकशास्त्रकी रचना करनेकी प्रतिज्ञा करते हैं ॥ १ ॥

उपदेशं व्याख्यास्यामः ॥ १ ॥

उकार इस अक्षरके स्वामी जो कि शंकरभगवान् हैं तिनको प्रणाम करते हैं अथवा जिस करके पूर्वजन्मार्जित शुभ अशुभ कर्मोंका फल प्रगट किया जाता है ऐसे उपदेशनाम जातकशास्त्रविशेषको कहते हैं ॥ १ ॥

इस शास्त्रमें अन्य शास्त्रवतही दृष्टिविचार है अथवा अन्य शास्त्रसे विलक्षण है इस संशयको दूर करते हुए कहते हैं ।

अभिपश्यन्त्यृक्षाणि ॥ २ ॥ पार्श्वभे च ॥ ३ ॥

---

१ " उकारः शंकरः प्रोक्तः " इत्येकाक्षरकोशः ॥

ऋक्षनाम राशि अपने सन्मुख और पार्श्वराशिको देखते हैं। भाव यह है कि चरसंज्ञक मेष, कर्क, तुला, मकरराशि अपने पंचम, अष्टम, एकादशराशिको देखते हैं और स्थिरसंज्ञक वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भराशि अपने षष्ठ, तृतीय, नवमराशिको देखते हैं और द्विस्वभावसंज्ञक मिथुन, कन्या, धनुः, मीनराशि अपने चतुर्थ, सप्तम, दशमराशिको देखते हैं ॥ २ ॥ ३ ॥

इसके अनन्तर ग्रहोंकाभी दृष्टदृश्यभाव कहते हैं।

तन्निष्ठाश्च तद्वत् ॥ ४ ॥

तिन चरादिराशियोंमें स्थित हुए ग्रहभी उन चरादिराशियोंके समान राशिको देखते हैं। भाव यह है कि जिस प्रकार चरादिराशि अपने अष्टमादि राशियोंको देखते हैं तिसी प्रकार चरादिस्थ ग्रहभी अपनेसे अष्टमादि राशियोंको और उनपर युक्त हुए ग्रहोंको

१ इस प्रकारकी दृष्टिमें प्रमाण वृद्धकारिकाका है। "चरं चरं विना स्थारतु स्थिरमन्त्यं विना चरम्। युग्मं स्वेन विना युग्मं पश्यतीत्ययमागमः ॥" अर्थ—चरराशि अपने द्वितीय स्थिरराशिको छोडकर अन्य समस्त स्थिरराशियोंको देखता है और स्थिरराशि अपने पिछले चरराशिको छोडकर अन्य समस्त चरराशियोंको देखता है और द्विस्वभावराशि अपने प्रथम स्थानको छोडकर अन्य समस्त द्विस्वभाव राशियोंको देखता है। अन्यच्च—"चरा नाग ८ वाणे ५ श ११ राशीन्स्वतो वै स्थिराः षट् ६ तृतीयां ३ क ९ राशीन् क्रमेण। स्वतः शैलभं ७ वेदभं ४ पंक्तिभं १० च क्रमाद् द्विस्वभावः प्रपश्यन्ति पूर्णम् ॥" इति राशिषु सिद्धम् ॥

अथ राशिदृष्टिचक्रम्.

चरसंज्ञक.					स्थिरसंज्ञक.				द्विस्वभावसंज्ञक			
द्रष्टा	म.	क.	तु.	म	वृष.	सि.	वृ.	कुं.	मि	क.	ध.	मी.
दृश्य	९ सिं.	९ वृ.	९ कुं.	०९ वृष.	०३ कं.	०३ तु.	०३ म	०३ मे.	४ क.	४ ध	४ मी.	०४ मि.
दृश्य	०८ वृ.	०८ कुं.	०८ वृष.	०८ सिं.	०६ तु.	०६ म.	०६ मे.	०६ क.	७ ध.	७ मी.	७ मि.	७ क.
दृश्य	११ कुं.	११ वृष.	११ सिं.	११ तु.	०९ मं.	०९ मे.	०९ क.	०९ तु.	१० मी.	१० मि.	१० क.	१० ध.

देखता है। जैसे चरराशिपर जो कि ग्रह स्थित हो वह ग्रह अपनेसे अष्टम, पञ्चम, एकादशराशि और अष्टम, पञ्चम, एकादश स्थान-स्थित ग्रहोंको देखता है और जो कि ग्रह स्थिरराशिपर स्थित हो वह षष्ठ, तृतीय, नवमराशि और ग्रहोंको देखता है और जो कि ग्रह द्विस्वभावराशिपर स्थित हो वह चतुर्थ, सप्तम, दशमराशि और ग्रहोंको देखता[1] है ॥ ४ ॥

" शुभार्गले धनसमृद्धिः " इत्यादि प्रथमाध्यायके तृतीयपादमें आया है कि शुभ अर्गल होवे तो धनकी वृद्धि होवे है सो अर्गल किसका नाम इसीको कहते हैं।

दारभाग्यशूलस्थार्गला निधातुः ॥ ५ ॥

जिस राशिका विचार किया जावे उस राशिका निधाता नाम जो कि देखनेवाला है उससे दार नाम चतुर्थ और भाग्य नाम द्वितीय और शूलनाम एकादश स्थानपर जो ग्रह होवें वे ग्रह विचार किये जानेवाले राशिके देखनेवाले ग्रहके अर्गलासंज्ञक होते हैं। अर्गलाको कर्तरीभी कहते हैं[2] ॥ ५ ॥

---

१ इस प्रकार ग्रहदृष्टिमें वृद्धवाक्य प्रमाण है। " चरस्थं स्थिरगः पश्येत्स्थिरस्थं चरराशिगः। उभयस्थं तूभयगो निकटस्थं विना ग्रहम् ॥ " अर्थ—स्थिरराशिपर स्थित हुआ ग्रह चरराशिपर स्थित हुए ग्रहको देखता है परन्तु निकटके चरराशिपर स्थित हुए ग्रहको नहीं देखता है इसी प्रकार निकटके स्थिरराशिपर स्थित हुए ग्रहको छोडकर अन्य स्थिरराशिपर स्थित हुए ग्रहको चरराशिपर स्थित हुआ ग्रह देखता है और सायके द्विस्वभाव राशिस्थ ग्रहको छोडकर द्विस्वभावराशिस्थ ग्रह शेष द्विस्वभावस्थ ग्रहको देखता है ॥

२ " निधातुः " इस सूत्र पदकी व्याख्या स्वाम्यादि आचार्योंने तो " फलदातुः " इस प्रकार की है परन्तु यहांपर वृद्धवाक्यसे " द्रष्टुः " इस प्रकारही अभिप्रेत है क्योंकि कहा है। " भय २ पुण्य ११ विना ४ भावाद् द्रष्टु राहुः शुभार्गलम् । " इस ग्रंथमें कटपयादि क्रमकरके अंक ग्रहण करने योग्य हैं क्योंकि उन्हीं अंकोंसे राशिभावज्ञान होता है। कटपयादि क्रमसे आये हुए अंक १२ से अधिक होवें तो १२ के भागसे बचा हुआ राशिभाव जानना। कटपयादि क्रमसे अंक ग्रहण करनेमें प्राच्यकारिका प्रमाण है। " कटपयवर्गमधैरिह पिंडान्त्यैरक्षरैरंकाः। नञि च शून्यं ज्ञेयं तथा स्वरे केवले कथितम् ॥ " अर्थ—ककारसे लेकर क. ख. ग. घ. ङ. च. छ. ज. झ. ञ.

यह अर्गला शुभग्रह तथा पापग्रह दोनोंकेही योगसे होनेवाली कही गई। अब केवल पापग्रहोंके योगसे होनेवाली अर्गलाको कहते हैं।

कामस्था भूयसा पापानाम् ॥ ६ ॥

पापग्रह अर्थात् सूर्य और कृष्ण पंचमीसे लेकर शुक्ल पंचमी-तकका चन्द्रमा और मङ्गल और पापग्रहोंके साथका बुध और शनैश्चर तथा राहु और केतु इनमेंसे तीन वा तीनसे अधिक पाप-ग्रह जिस राशिके तृतीयस्थानपर स्थित होवें तौ उस राशिके देख-नेवाले ग्रहके अर्गलासंज्ञक होते हैं। सूत्रमें पापग्रहोंका बाहुल्य कहनेसे तृतीयस्थानपर एक वा दो पापग्रह होवें तो अर्गला नहीं होती है यह अर्गला पापसंबन्धिनी कही ॥ ६ ॥

यहांतक और टकारसे लेकर ट. ठ. ड. ढ. ण. त. थ. द. ध. न. यहांतक और पका-रसे लेकर प. फ. ब. भ. म. यहांतक और यकारसे लेकर य. र. ल. व. श. ष. स. ह. यहांतक इन चारों पिण्डोंमें राशिभावसूचक अक्षर जिस संख्यापर हो उस संख्याको ग्रहण कर वाम रीतिसे लिखता चला जाय। यदि संख्यामें नकार ञकार आ जावें तौ शून्य ले लेवे और यदि व्यञ्जनवर्जित केवल स्वर आ जावे तौभी शून्य लेवे। यदि यह संख्या १२ से अधिक होवे तौ १२ का भाग देवे। जो अंक शेष बचें वहही राशिभावसंज्ञक है। उदाहरण—दार इस भावसूचक पदमें दकारकी संख्या ८ है और रकारकी संख्या दो अब दोनोंको वाम गतिसे रखनेसे २८ हुए इनमें १२ का भाग देनेसे ४ बचे यहही दारभावकी संख्या है अर्थात् चतुर्थस्थान दारसंज्ञक है। इसी प्रकार समस्तभाव जानने चाहिये। संख्याक्रम चक्रमें है। " दारभाग्यगृहस्थाः अर्गला निघातुः " इसमें विसर्गका लोप श् करनेपर सन्धि हुई है। यह छान्दस है क्योंकि सूत्रभी छन्दोवत् होते हैं इति ॥

कटपयादिसंख्याचक्रम्.

क १	ख २	ग ३	घ ४	ङ ५	च ६	छ ७	ज ८	झ ९	ञ०
ट १	ठ २	ड ३	ढ ४	ण ५	त ६	थ ७	द ८	ध ९	न०
प १	फ २	ब ३	भ ४	म ५					
य १	र २	ल ३	व ४	श ५	ष ६	स ७	ह ८		

१ इस सूत्रकी कोई प्रेमनिधि आदिक पण्डित ऐसी व्याख्या करते हैं। पापग्रहोंके

इसके अनन्तर प्रथम कही हुई अर्गलाके बाधा करनेवाले योगको कहते हैं।

रिःफेनीचेकासंस्था विरोधिनः ॥ ७ ॥

जिस राशिका विचार किया जावे उस राशिके देखनेवाले ग्रहसे यदि दशमस्थानपर कोई ग्रह होवे तो चतुर्थ स्थानमें स्थित हुए अर्गलाकारक ग्रहका बाधक होता है और बारहवें स्थानपर यदि कोई ग्रह होवे तौ द्वितीय स्थानमें स्थित हुए अर्गलाकारक ग्रहका बाधक होता है और यदि तृतीय स्थानपर स्थित कोई ग्रह होवे तौ ग्यारहवें स्थानपर स्थित हुए अर्गलाकारक ग्रहका विरोधी होता है। भाव यह है कि चतुर्थ, द्वितीय, एकादश स्थानपर स्थित हुए अर्गलाकारक ग्रहोंकी अर्गला तब नहीं होती है जब कि क्रमसे दशम, द्वादश, तृतीय स्थानपर ग्रह स्थित होवें ॥ ७ ॥

इसके अनन्तर अर्गलायोगके दूर करनेवाले योगकेभी दूर करनेवाले योगको कहते हैं॥

न न्यूना विदलाश्च ॥ ८ ॥

यदि अर्गलाकारक ग्रहोंसे अर्गलाके दूर करनेवाले ग्रह अल्प संख्यावाले हों अथवा अर्गलाकारक ग्रहोंसे अर्गलाके दूर करनेवाले ग्रह निर्बल होवें तो वह अर्गलाके दूर करनेवाले ग्रह अर्गलायोगको दूर नहीं कर सकते हैं। भाव यह है कि जैसे अर्गलाकारक ग्रह दो होवें और अर्गलाके दूर करनेवाला एकही होवे तौ अर्गलायोग रहता है और यदि अर्गलाकारक ग्रहोंसे अर्गलाप्रतिबंधक ग्रह निर्बली होवें तौभी अर्गलायोग रहता है।

मध्यमें जो अधिक अंशवाला हो वह यदि तृतीय स्थानपर होवे तौ अर्गला होवे है। यह व्याख्या सूत्राक्षरोंसे असंगत प्रतीत होवे है क्योंकि सूत्रसे तौ पापबाहुल्यही सिद्ध होता है। अन्य अर्गलाके बाधक योग हैं परन्तु तृतीयस्थानस्थित बहु पापग्रहोंकर करी हुई अर्गलाका कोई बाधक योग नहीं है इस कारण यह सूत्र पृथक् किया है पूर्वसूत्रम संमिलित नहीं किया॥

ग्रहोंका बल अगाडी कहेंगे ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर अर्गलाकारक और अर्गलाप्रतिबन्धक योगको कहते हैं।

प्राग्वत् त्रिकोणे ॥ ९ ॥

त्रिकोणनाम पंचम और नवम स्थानमें ग्रह होनेपर पूर्ववत् अर्गला और अर्गलाप्रतिबन्धक योग होता है। भाव यह है कि जिस राशिका विचार किया जावे उस राशिके देखनेवाले ग्रहसे पंचम स्थानमें ग्रह होवें तौ अर्गला होवे है और यदि उसी देखनेवाले ग्रहसे नवम स्थानमें कोई ग्रह होवें तौ अर्गलाप्रतिबन्धकयोग होता है परंतु नवमस्थानस्थित ग्रह अल्प संख्यावाले और निर्बली होवें तो पंचम स्थानस्थित ग्रहकी अर्गलाको दूर नहीं कर सक्ते हैं[२] ॥ ९ ॥

---

१ अर्गलाकारक योग और अर्गलाप्रतिबन्धक योग वृद्धोंनेभी कहे हैं। " भय २ पुण्य ११ विना ४ भावाद् द्वयू राहुः शुभार्गलम्। स्फुटां १२ ग ३ ज्ञेय १० भावात्तु विपरीतार्गलं विदुः ॥ " अर्थ—जिस राशिका विचार किया जावे उस राशिके देखनेवाले ग्रहसे भयनाम द्वितीय और पुण्यनाम एकादश और विनानाम चतुर्थ स्थानपर कोई ग्रह होवे तो अर्गला होवे है परन्तु उक्त स्थानपर राहु होवे तौ शुभ अर्गला होवे है और यदि उसी देखनेवाले ग्रहसे स्फुट नाम द्वादश और अंग नाम तृतीय और ज्ञेय दशम भावमें ग्रह होवे तौ क्रमसे द्वितीय एकादश चतुर्थ स्थानास्थित अर्गलाकारक ग्रहोंके प्रतिबन्धक होवे हैं अर्थात् अर्गलाके दूर करनेवाले होते हैं॥

२ यदि कहो कि दार ४ भाग्य २ शूलेत्यादि सूत्रमें शान्त ५ पदके ग्रहणसे और रिःफ १० नीचेत्यादि सूत्रमें धातु ९ पदके ग्रहणसे अर्गला और अर्गलाप्रतिबन्धक योगका लाभ होही सक्ता फिर "प्राग्वत् त्रिकोणे" इस सूत्रकी रचना व्यर्थ क्यों करी? **समाधान**—"विपरीतं केतोः" इस सूत्रमें केतुकी जो कि अर्गला और अर्गलाप्रतिबन्धक योगमें विपरीतता कही है वह त्रिकोणनाम पंचम और नवमस्थानकेही विषे कही है। न कि अन्य स्थानोंके विषे इस कारण "प्राग्वत् त्रिकोणे" इस सूत्रकी पृथक् आवश्यकता है। यदि इस सूत्रको पृथक् न करते तौ दारभाग्यशूलेषु इत्यादिकमें कतुकृत विपरीतता सिद्ध हो जाती और जो कि कोई एक आचार्योंने कहा कि "प्राग्वत् त्रिकोणे" इस सूत्रके पृथक करनेके सामर्थ्यसे यह अर्गला अप्रतिबन्धक है। यदि उन आचार्योंके मतसे यह अर्गला अप्रतिबन्धक होती तौ प्रसंगसे "कामस्था तु भूयसा"

इसके अनन्तर केतुग्रहके लिये कुछ विशेष कहते हैं।

विपरीतं केतोः ॥ १० ॥

केतुग्रहका नवम अर्गलास्थान है और पञ्चम अर्गलाप्रतिबन्धक स्थान है। भाव यह है कि केतुके कोई ग्रह नवम स्थानमें स्थित होवे तौ अर्गला होवे है और उसी केतुसे कोई ग्रह अल्प संख्या और निर्बलत्वदोषवर्जित होकर पंचम स्थानमेंभी स्थित होवे तौ नवमस्थानस्थित ग्रहकी अर्गला नहीं होवे है ॥ १० ॥

इस ग्रंथमें विशेषकर कारकोंसे फलादेश किया जाता है इस कारण कारकोंके कहनेकी इच्छावाले मुनि प्रथम आत्मकारकको दिखाते हैं।

आत्माधिकः कलादिभिर्नभोगः सप्तानामष्टानां वा॥११॥

सूर्यसे लेकर शनैश्चरपर्यंत सात ग्रह अथवा राहुपर्यन्त आठ ग्रहोंके मध्यमें जो कि ग्रह अंश कलादिकरकर सब ग्रहोंसे अधिक होवे तो वह ग्रह आत्मकारक होता है। भाव यह है कि सूर्य, चंद्रमा, भौम, बुध, गुरु, भृगु, शनि, राहु इन ग्रहोंमें जिस ग्रहके अंश अधिक होवें अथवा अंशोंके बराबर होनेपर कला वा विकलाही अधिक होवे तो वह ग्रह आत्मकारक होता है और यदि दो तीन ग्रहोंके अंश कला विकला सब बराबर होवें तो उनमें जो कि बली होवे

सूत्रके अनन्तर इसकी रचना होती और जो यह कहो कि "विपरीतं केतोः" इसकर केतुकृत विपरीतता सब जगह हो सक्ती है सोभी नहीं क्योंकि "कामस्था" इत्यादि सूत्रके अनन्तर "प्राग्वत्" यह सूत्र होता तौ केतुकृत विपरीतता सब जगह हो सक्ती परन्तु "प्राग्वत्" इस सूत्रके अनन्तर "विपरीतं केतोः" इस सूत्रके रचनेसे "प्राग्वत्" इसी सूत्रमेंही केतुकृत विपरीतता है न कि अन्य जगह और जो यह कहो कि "विपरीतं केतोः" इस सूत्रका अगले "आत्माधिकः" इत्यादि सूत्रमें अन्वय हो सक्ता है सोभी नहीं क्योंकि "अष्टानां वा" यह जो कि पद सूत्रमें पृथक् रचा है इसीके सामर्थ्यसेही राहुको न्यूनांश होनेपर कारकत्वका लाभ हो गया है फिर इस अन्वयकी तौ व्यर्थताही रही और जो यह हो कि "अष्टानां वा" यह पद सूत्रमें अन्यमतसे है सो इसमें कुछ प्रमाण नहीं है॥

सोही आत्मकारक होता है और दो तीन ग्रहोंके अंशादिककी समता होनेपर बलवान् स्थिरकारकसेही तत्तत्कारकोंका विचार करने योग्य है। जैसे प्रथम आत्मकारकके देखनेमेंही दो तीन ग्रहोंके अंशादि समान होवें तो उनमें जो कि बली होय उससेही आत्मकारक जानें इसी प्रकार अन्य कारकोंका विचार करें ॥ ११ ॥

---

१ शङ्का—" आत्माधिकः कलादिभिर्नभोगोष्टानाम् " ऐसा पाठ थोडा होनेसे होवो ? **समाधान**—सूत्रमें " अष्टानां वा " इस अधिक पदके स्थित होनेसे सर्व ग्रहोंके अंशोंसे राहुके कम अंश होनेकरही आत्मकारकता होती है इस बातके जतानेके लिये " अष्टानां वा " यह पद पृथक् कहा है । क्योंकि राहुकी विपरीत गति होनेसे राहुके कम अंश होनेकरही राहुकी अधिकता है। " नभोगोष्टानाम् " ऐसा यदि पाठ होता तो अन्य ग्रहकी रीतिकर राहुकीभी अधिकता प्रतीत हो सक्ती सो है नहीं इस कारण राहुकी न्यूनताही अधिकता मानी जाती है। दूसरा कारण यह है कि जब कि दो तीन ग्रहोंका तुल्यत्व योगमें प्रसंग होता है तब " राहोर्योगे विपरीतम् " इस द्वितीयाध्यायके प्रथमपादसंबन्धी ५० सूत्रकर राहुके योगमात्रसेही कम अंशवाला ग्रह बली होता है फिर स्वयं राहुको कम अंश होनेसे कारक होनेमें क्या आश्चर्य है। यहांपर वृद्धवाक्यभी है कारकनिर्णयमें "भागाधिकः कारकःस्यादल्पभागोऽन्यकारकः। मध्यांशो मध्यखेटः स्याद्दग्खेटः स एव हि ॥ " कदाचित् कहो कि इस वृद्धवाक्यसे तो ऐसा नहीं प्रतीत होता है कि राहु अल्पांश होनेपर आत्मकारक होता है तहां कहते हैं कि शास्त्रप्रसिद्ध होनेसे बालभी ऐसा जानते हैं कि राहु अल्पांशही अधिक माना जाता है इसी कारण पृथक् करके नहीं कहा है। राहुके अल्पांश होनेपर कारकत्व होनेमें वृद्धवाक्यान्तरभी है " मेषादिषडव्यमार्गेण राहुकेतू न कारकौ । " अर्थ—राहु केतु दक्षिणमार्ग अर्थात् मेषवृषादि क्रमकरके कारक नहीं हो सक्ते किन्तु विपरीत क्रमकरके कारक होते हैं। कारकनिर्णयमें राशियोंकी अधिकता अपेक्षित नहीं है किन्तु अंशादिकी अधिकता अपेक्षित है यह संप्रदाय है। अथवा अंशादिककर दो ग्रह बराबर होवेंगे तो सप्तम कारक नहीं होगा इस कारण राहुकाभी ग्रहण किया है। " अष्टानां वा " इस पदके द्वारा और जो कि प्रेमनिधि आदिकोंने " विपरीतं केतोः " इस सूत्रका " आत्माधिकः " इस सूत्रमें देहलीदीपकन्यायकर अन्वय किया है सो अयुक्त है । क्योंकि सूर्यादिक्रम त्यागकर प्रथम केतुका निरूपण करना अयोग्य है और ऐसा अर्थभी नहीं हो सक्ता कि राहुकी अंशाधिकतासे कारकता है और केतुकी अल्पांशतासे कारकता है क्योंकि राहु केतुके अंशादि बराबर रहते हैं । **शंका**—ग्रह तो नौ हैं फिर सूत्रमें " नवानाम् " ऐसा क्यों नहीं कहा ? **समाधान**—राहु केतु अंशादि समान होते हैं इस कारण अन्यकारक नहीं हो सक्ता इसीसे " अष्टानाम् " यह पाठ सूत्रमें उचित है ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकका उत्कर्ष कहते हैं।

स ईष्टे बन्धमोक्षयोः ॥ १२ ॥

सो यह कहा हुआ आत्मकारक नीच राशि पापयोगसे बन्धनका स्वामी होता है और उच्चादि राशि शुभयोगसे मोक्षका स्वामी होता है। भाव यह है कि नीच तथा पापग्रहसे युक्त होकर आत्मकारक अपने दशान्तर्दशामें बंधनादि दुःख देनेवाला होता है और उच्चादि शुभग्रहसे युक्त होकर आत्मकारक अपने दशान्तर्दशामें अन्यग्रहके बलसे बंधे हुएकाभी मोक्षणकर्त्ता होवे है अथवा आत्मकारक प्रतिकूल होकर पापकर्म प्रवृत्तिद्वारा संसाररूप बन्धन देनेवाला होता है और अनुकूल होकर ज्ञान काशीवासादि साधनोंकर मोक्षकर्त्ता होवे है ॥ १२ ॥

इनके अनन्तर अमात्यकारक कहते हैं।

तस्यानुसरणादमात्यः ॥ १३ ॥

उस आत्मकारक ग्रहसे जो कि न्यून अंशादिवाला ग्रह है वह अमात्यकारक होता है। भाव यह है कि आत्मकारकसे जिस ग्रहके अंश कलादि कम होवें वह ग्रह अमात्यकारक होता है। अमात्यकारक ग्रह उच्चादिमें स्थित हो वा शुभग्रहसे युक्त होवे तो राजा वा मंत्री वा स्वामी इत्यादिकोंसे सुख होता है और नीचादि स्थानमें स्थित हो वा पापग्रहसे युक्त हो तो राजादिकोंसे अधिक दुःखादि होता है ॥ १३ ॥

इसके अनन्तर भ्रातृकारक कहते हैं।

तस्य भ्राता ॥ १४ ॥

और उस अमात्यकारक ग्रहसे जिस ग्रहके अंशादि कम होवें वह भ्रातृकारक होता है। भ्रातृकारकसे भ्रातादि सुखदुःखादिका निर्णय होता है ॥ १४ ॥

इसके अनंतर मातृकारक कहते हैं।

तस्य माता ॥ १५ ॥

मातृकारक ग्रहसे जिस ग्रहके अंशकलादि कम होवें वह मातृकारक होता है। मातृकारकसे मात्रादिसुखदुःखादिका निर्णय होता है ॥ १५ ॥

इसके अनंतर पुत्रकारक कहते हैं ॥

तस्य पुत्रः ॥ १६ ॥

मातृकारक ग्रहसे जिस ग्रहके अंशकलादि कम होवें वह पुत्रकारक होता है। पुत्रकारकसे पुत्रादि सुखदुःखादिका निर्णय होता है ॥ १६ ॥

इसके अनंतर ज्ञातिकारक कहते हैं।

तस्य ज्ञातिः ॥ १७ ॥

पुत्रकारकसे जिस ग्रहके अंशकलादि कम होवें वह ग्रह ज्ञातिकारक होता है। ज्ञातिकारकसे ज्ञातिका निर्णय होता है ॥ १७ ॥

इसके अनंतर दारकारक कहते हैं।

तस्य दाराश्च ॥ १८ ॥

ज्ञातिकारक ग्रहसे जिस ग्रहके अंशकलादि कम होवें वह ग्रह स्त्रीकारक होता है। स्त्रीकारकसे स्त्रीसंबंधी विचार कर्त्तव्य है ॥ १८ ॥

इसके अनंतर पुत्रकारकको मतांतरसे कहते हैं।

मात्रा सह पुत्रमेके समामनन्ति ॥ १९ ॥

मातृकारकसेही पुत्रकारकका विचार कर्त्तव्य है ऐसा कोई आचार्य कहते हैं अर्थात् मातृपुत्रकारकोंको एकही कहते हैं ॥ १९ ॥

इस प्रकार चरकारक कहनेके अनंतर स्थिरकारक कहते हैं तिनमें प्रथम भगिन्यादिकारकोंको दिखाते हैं।

भगिन्यारतः श्यालः कनीयाञ्जननी चेति ॥ २० ॥

आर नाम मंगलसे भगिनी नाम बहिनी और शाला और छोटा

---

१ सूत्रमें चकार नहीं कहे हुएके कहनेके अर्थ है। समस्थिरकारक पदोपपदादिसेभी स्त्रीविचार कर्त्तव्य है। केवल दारकारकसेही नहीं इस वार्त्ताको चकार जनाता है ॥

भ्राता और जननी नाम माता यह सब विचारे। यदि मंगल उच्चादिस्थानमें वा शुभग्रहयुक्त होवे तौ भगिनी आदिका सुख कहना और यदि नीचादि पापग्रहयुक्त होवे तौ भगिन्यादिका दुःख कहना इसी प्रकार अन्य जगहभी विचार कर्त्तव्य है ॥ २० ॥

इसके अनन्तर मातुलादिकारकोंको कहते हैं।

मातुलादयो बन्धवो मातृसजातीया इत्युत्तरतः ॥ २१ ॥

भौमसे उत्तर जो कि बुध है तिससे मातुल और आदिपदसे मामाके भ्राता भगिनी आदिक और बन्धुजन और माताकी सपत्नी यह विचारे ॥ २१ ॥

इसके अनन्तर पितामहादिकारकोंको कहते हैं।

पितामहः पतिपुत्राविति गुरुमुखादेव जानीयात् ॥२२॥

गुरुमुख नाम बृहस्पत्यादिकसे पितामह नाम पिताका पिता और स्वामी और पुत्र यह सब विचारे। भाव यह है कि बृहस्पतिसे पिताका पिता और शुक्रसे स्वामी और शनैश्चरसे पुत्रका विचार कर्त्तव्य है ॥ २२ ॥

इसके अनंतर पत्न्यादि स्थिरकारक कहते हैं।

पत्नीपितरौ श्वशुरौ मातामहा इत्यन्तेवासिनः ॥ २३ ॥

अंतेवासी अर्थात् बृहस्पतिसे उत्तर जो कि शुक्र है उससे स्त्री और माता तथा पिता वा श्वश्रू और श्वशुर और माताका पिता यह सब विचारने योग्य है ॥ २३ ॥

जब कि दो तीन ग्रहोंके अंशकलादि समान होते हैं तब निसर्ग बलसेही कारक विचारा जाता है इस कारण निसर्गबल कहते हैं।

मंदोज्यायान् ग्रहेषु ॥ २४ ॥

मन्द नाम शनैश्चर सातों ग्रहोंमें दुर्बल है। भाव यह है कि निसर्गबलमें शनैश्चरादिक उत्तरोत्तर बली हैं। जैसे शनैश्चरसे

अधिक बली भौम और भौमसे बुध और बुधसे बृहस्पति और बृहस्पतिसे शुक्र और शुक्रसे चन्द्रमा और चन्द्रमासे सूर्य अधिक बली हैं[1] ॥ २४ ॥

इसके अनन्तर चर दशाके वर्ष साधनेमें उपयोगी होनेसे विषम समराशिभेद कर गणना कहते हैं।

प्राची वृत्तिर्विषमभेषु ॥ २५ ॥

विषमसंज्ञक जो कि मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनुः, कुम्भ ये राशि हैं। इनके विषे क्रमसे गणना होती है। जैसे मेष, वृष, मिथुन इत्यादि रीतिसे ॥ २५ ॥

परावृत्त्योत्तरेषु ॥ २६ ॥

उत्तर नाम समराशि अर्थात् जो कि वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन ये राशि हैं इन राशियोंके विषे उलटे क्रमसे गणना होती है। जैसे वृष, मेष, मीन, कुम्भ इत्यादि रीतिसे गणना होती है ॥ २६ ॥

इसके अनन्तर क्रमव्युत्क्रमगणनाकी विपरीतता कहते हैं।

न क्वचित् ॥ २७ ॥

कहीं विषमराशियोंके विषे क्रम नहीं है और कहीं समराशियोंके विषे व्युत्क्रम नहीं है। भाव यह है विषमराशि सिंह और कुम्भमें क्रमसे गणना नहीं होती है किन्तु उलटे क्रमसे गणना होती है और समराशि वृष और वृश्चिकमें उलटे क्रमसे गणना नहीं होती किन्तु सीधे क्रमसे गणना होती है[2] ॥ २७ ॥

---

१ ग्रहोंका निसर्ग बल बृहज्जातकमें कहा है। "शकुजगुभृचराद्याद्वृद्धितो वीर्यवन्तः।" अर्थ-शनैश्चर, कुज, बुध, बृहस्पति, शुक्र, चंद्र, सूर्य ये क्रमसे एक दूसरेसे अधिक बली है ॥

२ **शंका**-सूत्रमें तो क्वचित्पदका प्रयोग है। सिंह कुम्भ और वृश्चिक वृष इन राशियोंका तो ग्रहण नहीं है फिर भावार्थमें सिंह कुम्भ और वृष वृश्चिकका कैसे ग्रहण हो? **समाधान**-परंपराकर वृद्धोंसे सुना है। "क्रमाद् वृषे वृश्चिके च व्युत्क्रमात्कुम्भसिंहयोः।" अर्थ-वृषवृश्चिकके विषे क्रमसे और सिंह कुम्भके विषे उलटे क्रमसे

इसके अनन्तर तत्तद्राशिके दशावर्ष लानेके लिये अवधि दिखाते हैं।

नाथान्ताः समाः प्रायेण ॥ २८ ॥

राशिके स्वामिपर्यन्त जितनी संख्या होवे उतनेही वर्ष उस राशिके बहुधाकर होते हैं। भाव यह है कि जिस राशिका स्वामी उस राशिसे जितनी संख्यापर हो उतनेही वर्ष उस राशिके चरदशामें होते हैं। जैसे मेष राशिका स्वामी मंगल मेष राशिसे द्वितीयस्थानपर होवे तो एक वर्ष तृतीयपर होवे तौ दो वर्ष इसी क्रमसे बारहवें होवें तो ग्यारह वर्ष मेष राशिके चरदशामें माने जांयगे और यदि स्वामी उसी निजराशिमें स्थित होवे तो बारह वर्ष उस राशिके माने जावेंगे[1] ॥ २८ ॥

गिने १। शंका-इन सूत्रोंका तो फलितार्थसंग्रह यह हुआ। "मेषादित्रित्रिभैर्ज्ञेयं पदमोजपदे क्रमात्। दशाब्दानयने कार्या गणना व्युत्क्रमात्समे ॥" अर्थ-मेषादि तीन २ राशियोंका पद होता है। विषमपदमें तो क्रमसे गिने और समपदमें दशा वर्ष लानेमें उलटे क्रमसे गिने १। इस फलितार्थसे "प्राची वृत्तिर्विषमपदे, परावृत्त्योत्तरे" इस प्रकार दोही सूत्र कहने थे फिर इस प्रकार कैसे नहीं कहे। जो इतना फेरकर अर्थ तीन २ सूत्रोंमें किया? समाधान-"यावदीशाश्रयपदमृक्षाणाम्" इस सूत्रके वक्तव्य होनेसे संदेहके भयसे नहीं कहा और "मातृधर्म्योः सामान्यं विपरीतमोजकूटयोः" इस द्वितीयाध्यायके चतुर्थपादके २२ सूत्रके वक्तव्य होनेसेभी नहीं कहा॥

१ स्वामीके निज राशिमें स्थित होनेसे उस राशिके बारह वर्ष होते हैं। इसमें वृद्धवचन प्रमाण है। "तस्मात्तद्दीशपर्यन्तं संख्यामत्र दशां विदुः। वर्षद्वादशकं तत्र न चेदेकं विनिर्दिशेत् ॥" अर्थ-राशिके वर्ष वह जानने जो कि संख्या स्वामिपर्यन्त होवे और जो स्वामी राशि एकही स्थानमें स्थित होवे तो उस राशिके बारह वर्ष जानने और जो स्वामी अपनी राशिमें स्थित न होवे तो एकही वर्ष ग्रहण करे ऐसा कोई एक आचार्य कहते हैं। इसी कथनसे "प्रायेण" इस सूत्रपदसे "नाथान्ताः समाः" इसका निषेध जनाया गया है और सूत्रमें "प्रायेण" यह जो कि पद विद्यमान है इसकर यह जनाया गया कि जो स्वामी उच्च होवे तो दशामें राशिका एक वर्ष बढ जाता है और जो स्वामी नीच होवे तौ राशिका एक वर्ष घट जाता है सो वृद्धोंने कहाभी है। "उच्चखेटस्य सद्भावे वर्षमेकं विनिःक्षिपेत्। तथैव नीचखेटस्य वर्षमेकं विशोध-

इसके अनंतर फलविशेषके जनानेके लिये राशियोंका पद नाम आरूढस्थान कहते हैं।

यावदंशाश्रयं पदमृक्षाणाम् ॥ २९ ॥

केतु ॥ " अर्थ तो पूर्व कहही दिया है। " प्रायेण " इसी पदसे यहभी जनाया गया है कि वृश्चिक और कुम्भके दो २ स्वामी हैं। प्रमाण वृद्धवाक्य है। " कुजसौरी केतु-राहू राजानावलिकुम्भयोः। कुजसौरी केतुराहू युक्तौ तत्र स्थितौ यदि ॥ वर्षद्वादशकं तत्र न चेदेकं विनिर्दिशेत्। " अर्थ—वृश्चिक राशिके मंगल और केतु दोनों राजा हैं और कुम्भराशिके शनैश्चर और राहु ये दोनों राजा हैं। भाव यह है कि वृश्चिक राशिका राजा मंगल और केतु दोनोंमेंसे अकेला नहीं हो सक्ता किन्तु दोनोंही राजा हैं। ये दोनों मिलकर अपने राशिपर स्थित होवें तो उस राशिके बारह वर्ष होते हैं और यदि अपने राशिपर एकही एक स्थित होवे तो स्वामी नहीं है और उस राशिके बारह वर्षभी नहीं हो सक्ते और यदि जिस स्थानमें ये दोनों मिलकर स्थित होवें तो उस स्थानतक गिननेसे जितनी संख्या होवे वह वर्ष इन वृश्चिक मकर राशियोंके होते हैं और जो दोनों स्वामी भिन्न २ स्थानोंपर स्थित होवें तो उनमें जो कि स्वामी बलवान् होवे उस स्वामीके स्थानतक गिननेसे राशिके वर्ष ग्रहण करे ऐसा वृद्धोंने कहाभी है। " द्विनाथक्षेत्रयोरत्र निर्णयः कथ्यतेऽधुना। एकः स्वक्षेत्रगोऽन्यस्तु परत्र यदि संस्थितः ॥ तदान्यत्र स्थितं नाथं परिगृह्य दशां नयेत्। " अर्थ—दो स्वामियोंके राशिका निर्णय कहा है। एक यह तौ अपने राशिपर स्थित होवे और दूसरा अन्य राशिपर स्थित होवे तो जो कि यह अन्य राशिपर स्थित है उसतक गिनकर दो स्वामीवाले राशिकी दशा लावे। " द्वावप्यन्यर्क्षगौ तौ चेत्स ग्रहो बलवान् भवेत्। ग्रहयोगसमानत्वे चिन्त्यं राशिबलाद्बलम् ॥ चरास्थिरद्विस्वभावाः क्रमात्स्युर्बलशालिनः। राशिसत्त्वसमानत्वे बहुवर्षी बली भवेत् ॥ " अर्थ—जो दोनों स्वामी अपने राशिसे अन्य राशिपर स्थित होवें तो उनमें जो कि बलवान् हो उसतक गिनकर राशिके वर्षोंका निश्चय करे। यदि दोनों स्वामी बलवान् होवें तो राशिबलसेही बल जाने अर्थात् जो यह राशि-बलसे बली होवे उसतक गिनकर राशिवर्षोंका निर्णय करे और यदि दोनों स्वामि-योंका राशिबलभी समान होवे तो जिस ग्रहतक गिननेसे अधिक वर्ष आवें उस ग्रह-तक गणना करे। चर स्थिर द्विस्वभाव यह राशि क्रमसे बली होते हैं। भाव यह है कि चरसंज्ञक राशिसे स्थिरसंज्ञक राशि बली है और स्थिर राशिसे द्विस्वभावराशि बली है। " एकः स्वोच्चगतस्त्वन्यः परत्र यदि संस्थितः। ग्राह्येदुच्चस्थितं राशिमन्यं विहाय वै ॥ नाथान्ता इति रीत्या यो बहुवर्षवतीं दशाम्। करोति बहुवर्षोऽसौ स्वराशेर्द्वि-

जितनी संख्यापर जिस राशिका स्वामी हो उस स्वामीसे उतनी संख्यापर जो कि राशि होवे वह राशि उस राशिका आरूढस्थान होता है। भाव यह है कि जिस राशिका स्वामी अपनी राशिसे जितनी संख्यापर हो उतनी संख्या स्वामीसे लेकर जहां

गः खगः ॥ एवं सर्वं समालोच्य जातस्य निधनं वदेत् ।" अर्थ-दोनों स्वामियोंमें एक स्वामी उच्चका होवे और दूसरा अन्य स्थानपर होवे तो उस स्वामीतक गिने जो कि उच्चका होवे और यदि दोनों स्वामियोंमें एक उच्चका होवे और दूसरा बहुत वर्षोंवाला होवे तोभी उसी ग्रहतक गणना करे जो कि ग्रह उच्चका होवे इस प्रकार दशा विचार करके उत्पन्न हुएका निधन कहे औरभी वृद्धोंने राशिबल कहा है। "न्यासयोर्यद्हीनत्वे वैकस्यान्येन संयुतौ। ग्राह्यो राशिर्ग्रहाभावस्तत्स्वाम्युच्चं गतो यदि ॥ एकत्र स्वर्क्षगः खेटश्चान्यत्र द्वौ ग्रहौ यदि। ग्रहद्वययुतिं हित्वा ग्राह्येत्पूर्वभं सुधीः ॥" अर्थ-लग्न और सप्तमस्थान इन दोनोंमें ग्रह न होवे अथवा दोनोंके मध्यमें एक स्थानपर स्वामीके विना कोई ग्रह होवे तो उन दोनोंमें जो कि राशि न्यायकर निर्बल होवे वहीं राशि तब बलवान् होता है। जब कि उस राशिका स्वामी उच्चका होवे तो और अन्य ग्रहयुक्त राशि बलवान् नहीं हो सक्ता और एक राशिमें तो स्वक्षेत्री ग्रह होवे और अन्य राशिमें दो ग्रह होवें तो उनमें जो कि राशि स्वामियुक्त होवे वही राशि बलवान् होता है न कि दो ग्रहयुक्त राशि बलवान् हो सक्ता है। राशियोंके स्वामी तथा उच्च अन्य जातकसे जानने। "क्षितिजसितज्ञचंद्रार्विसौम्यसितावनिजाः। सुरगुरुमंदसौरिगुरवश्च ग्रहांशकपाः ॥" अर्थ-मंगल, शुक्र, बुध, चन्द्र, सूर्य, बुध, शुक्र, मंगल, गुरु, शनैश्चर, शनैश्चर, बृहस्पति, ये क्रमसे मेषादि राशियोंके स्वामी हैं। "अजवृषभमृगांगनाकुलीरा झषवणिजौ च दिवाकरादितुंगाः। दशशिखिमनुयुक्तिथींद्रियांशैस्त्रिनवकविंशतिभिश्च तेऽस्तनीचाः ॥" अर्थ-सूर्य मेषके १० अंशतक, चन्द्रमा वृषके ३ अंशतक, मंगल मकरके २८ अंशतक, बुध कन्याके १५ अंशतक, बृहस्पति कर्कके ५ अंशतक, शुक्र मीनके २७ अंशतक, शनैश्चर तुलाके २० अंशतक उच्चका होता है और यही ग्रह सातवें राशिमें नीच होता है। इस प्रकार ग्रह और राशिबलका चरदशामें विचार करे "पंचमे पदक्रमात् प्राक्प्रत्यक्त्वम्" इस द्वितीय अध्यायके तृतीयपादके २८ सूत्रके अभिप्रायसे जो लग्नसे नवमें विषमपद होवे तो तनु, धन, भ्रातृ, सुहृद आदिकोंकी दशाका भोग होता है और यदि समपद होवे तो तनु, व्यय, आय, कर्म आदिकोंकी दशाका भोग होता है। दशाके आरम्भकी अवधि है। "चरदशायामत्र क्षमः केतुः" इस द्वितीयाध्यायके तृतीय पादके २८ सूत्रके अभिप्रायसे इस दशाका नाम चरदशा है॥

समाप्त होवे वह स्थान उस राशिका आरूढस्थान होता है[1]॥ २९ ॥
इसके अनन्तर आरूढपदका उदाहरण दो सूत्रोंसे कहते हैं।

स्वस्थे दाराः ॥ ३० ॥

लग्नसे चतुर्थ स्थानमें लग्नस्वामी स्थित होवे तौ सप्तमस्थ राशि लग्नका आरूढस्थान है ॥ ३० ॥

सुतस्थे जन्म ॥ ३१ ॥

लग्नसे लग्नस्वामी सुत नाम सप्तमस्थानमें स्थित होवे तौ लग्नका आरूढपद लग्नराशिही होता है ॥ ३१ ॥

इसके अनन्तर भावराशियोंके वर्णदस्थान कहते हैं।

सर्वत्र सवर्णा भावा राशयश्च ॥ ३२ ॥

समस्त भाव और राशि अपने वर्णद राशियोंसे संयुक्त होते हैं। भाव यह है कि जिस भावका विचार करे उसका वर्णदराशि देखे कि और जिस राशिका विचार करे उसकाभी वर्णदराशि देखे क्योंकि भाव और राशिके सब प्रकारके विचार करनेमें वर्णद राशिकीभी अपेक्षा होती है[3]। वर्णदराशिके बनानेका

---

१ आरूढस्थानका निर्णय वृद्धोंनेभी कहा है। " लग्नाद्यावतिथे तिष्ठेद्राशौ लग्नेश्वरः क्रमात्। ततस्तावतिथं राशिं जन्मारूढं प्रचक्षते ॥ " अर्थ—लग्नसे जितनी संख्यावाले राशिपर लग्नस्वामी स्थित हो उस स्वामीसे उतनीही संख्यावाला राशि लग्नका आरूढपद होता है ॥

२ इस उदाहरणमें औरभी प्रमाण है। " यदा लग्नाधिपो लग्ने सप्तमे वा स्थितो यदि। आरूढं लग्नमेवात्र निर्दिशेत्कालवित्तमः ॥ " अर्थ—जब कि लग्नस्वामी लग्नमें अथवा सप्तम स्थानपर स्थित होवे तौ लग्नका आरूढपद लग्नराशि होता है ऐसा ज्योतिषी कहते हैं। " स्वस्थे दाराः, सुतस्थे जन्म " इन आरूढस्थानके उदाहरणरूप सूत्रोंकी जो कि कोई आचार्योंने यह व्याख्या की है कि लग्नस्वामी चतुर्थ स्थानमें स्थित होवे तो स्त्रियोंका विचार करे और लग्नस्वामी सप्तम स्थानमें स्थित होवे तौ मातृजन्मका विचार करे सो यह व्याख्या असंगत है ॥

३ वर्णदराशिसे वृद्धोंने फलभी कहा है। " पापदृष्टिः पापयोगो वर्णदस्य त्रिकोणके। यदि स्यात्तर्हि तद्राशिपर्यंतं तस्य जीवनम् ॥ स्वशूले तथैवायुर्मरणादि निरूप्यते। तथैव वर्णदस्यापि त्रिकोणे पापसंगमे ॥ " अर्थ—वर्णदराशिके पंचम नवम स्थानमें पापग्रहोंकी

यह प्रकार है कि जो विषमराशिमें जन्मलग्न होवे तौ मेषसे क्रमपूर्वक जन्मलग्नतक गिने और यदि समराशिमें जन्मलग्न होवे तौ मीनसे उलटे क्रमसे अर्थात् मीन कुम्भ इस रीतिसे जन्मलग्नतक गिने जो कि अंक आवे उसको पृथक् रख देवे फिर होरालग्नको देखे कि होरालग्न विषमराशिमें है अथवा समराशिमें है। यदि होरालग्न विषमराशिमें होवे तौ मेष वृष इत्यादि रीतिसे होरालग्नतक गिने और यदि समराशिमें होवे तौ मीन कुम्भ इत्यादि रीतिसे होरालग्नतक गिने। जो अंक आवे उसको पृथक् रख देवे। यदि जन्मलग्न और होरालग्न दोनों स्त्रीसंज्ञक वा पुरुषसंज्ञक होवें तौ उन आये हुए दोनों अंकोंको जोड देवे और यदि जन्मलग्न और होरालग्नमें एक स्त्रीसंज्ञक होय और दूसरा पुरुषसंज्ञक होय तौ उन दोनों अंकोंको परस्पर घटावे। जो अंक जोडनेसे अथवा घटानेसे आवे वह यदि १२ से अधिक होवे तौ १२ का भाग देवे जो बचे उतनी संख्या यदि जन्मलग्न विषम होवे तौ मेष

दृष्टि अथवा योग होवे तौ उसी राशिकी दशापर्यन्त उसका जीवन होता है और रुद्रसंज्ञक ग्रह जो कि अगाडी कहा जायगा उसके शूलयोगमें आयुका मरणादि कहा है और वर्णदराशिके नवम पंचम राशि यदि पापयुक्त होवें तौ उसी राशिके दशापर्यन्त मरण कहा है। अन्यच्च– "वर्णदात्सप्तमाद्राशेः कलत्रादि विचिन्तयेत्। एकादशाद्व्रजं तृतीयात्तु यवीयसम्॥ पंचमे तनुजं विद्यान्मातरं तुर्यपंचमे। पितुरुतु नवमान्मातुः पंचमाद्वर्णदस्य तु॥ शूलराशिदशायां वै प्रबलायामरिष्टकम्।" अर्थ–वर्णद राशिसे जो कि सप्तम राशि है उससे कलत्रादिको विचारे और ग्यारहवें राशिसे बडे भ्राता और तृतीय राशिसे छोटे भ्राताओंको विचारे और पंचम राशिसे पुत्रको विचारे और चतुर्थ और पंचमसे माताको और नवमसे पिताको विचारे। वर्णदराशिसे पंचम राशिसे शूलदशा प्रबल होनेपर माताको अरिष्ट होता है और वर्णदराशिसे नवमराशिसे शूलदशा प्रबल होनेपर पिताको अरिष्ट होता है। कोई आचार्य इस सूत्रकी यह व्याख्या करते हैं इस समस्त ग्रंथमें भाव और राशि वर्णोंमें प्रतीत होते हैं। भाव यह है कि इस समस्त ग्रंथमें जो कि भाव और राशि कहे जावेंगे उनकी प्रतीति अन्य शास्त्रके समान नहीं किन्तु एकादि संख्याके जतानेवाले अक्षरोंसे जाने जाते हैं। यह व्याख्या संमत नहीं. क्योंकि "सिद्धमन्यत्" इस अगाडी कहे जानेवाले सूत्रके अभिप्रायसे शीवतांडवादि ग्रंथोंमें कटपयादि वर्णोंद्वारा जनाई हुई संख्या प्रसिद्ध है। इससे वर्णपद राशिपर है ऐसा जतानेके लिये यह सूत्र कहा है॥

वृषादि क्रमसे और यदि जन्मलग्न सम होवे तौ मीन कुम्भ इत्यादि क्रमसे जिस राशिपर समाप्त होवे वह राशि जन्मलग्नका वर्णदराशि होता है ॥ ३२ ॥

---

१ वर्णदराशिके बनानेकी रीति इसी प्रकार वृद्धोंने कही है। " ओजलग्नप्रसूतानां मेषादींगणयेत् क्रमात् । युग्मलग्नप्रसूतानां मीनादेरपसव्यतः ॥ मेषमीनादितो जन्मलग्नान्तं गणयेत्सुधीः । तथैव होरालग्नान्तं गणयित्वा ततः परम् ॥ पुंस्त्वेन स्त्रीतया चैते सजातीये उभे यदि । तर्हि संख्ये योजयति वैजात्ये तु वियोजयेत् ॥ मेषमीनादितः पश्चाद्यो राशिः स तु वर्णदः । " इन श्लोकोंके अर्थसे टीकामें वर्णद राशि बनानेकी रीति लिखी है इस कारण इनका अर्थ यहां प्रत्येक श्लोकानुसार नहीं किया। अब वर्णद दशाके बनानेकी रीति लिखते हैं। होरा और लग्नराशिमें जो राशि निर्बल होवे उससे वर्णद दशाका आरम्भ होता है क्योंकि कहाभी है। " होरालग्नभयोर्नेया दुर्बलाद्वर्णदा दशा। " वर्णददशाके वर्ष लानेका विधानभी वृद्धोंने कहा है। " यत्संख्यो वर्णदो लग्नात्तत्तत्संख्याक्रमेण तु। क्रमव्युत्क्रमभेदेन दशा स्यात्पुरुषस्त्रियोः ॥ " अर्थ-लग्नसे जिस संख्यापर वर्णद राशि होवे सोइ सोई संख्या क्रमसे विषम सम लग्नके अनुसार करके तिन २ राशियोंकी दशा होवे है। भाव यह है कि जिस प्रकार कि " नाथान्ताः " इत्यादि सूत्रमें अपने २ राशिके स्वामी पर्यन्त वर्ष लाये गये हैं तिसी प्रकार यहां लग्नसेही अपने वर्णद राशिपर्यन्त वर्ष लाये जाते हैं। जैसे लग्न मेष है और उसका वर्णद राशि मिथुन है। मेष विषमराशि है इस कारण क्रमसे मिथुनराशितक गिननेसे दो संख्या हुई ये वर्ष मेषलग्नके हुए और यदि लग्न समराशिमें होता तो लग्नसे उलटे क्रमसे वर्णद राशिसे गिननेसे जो संख्या आती वही वर्ष लग्नके माने जाते। इसी प्रकार धनादि भावोंके राशियोंके वर्णद निकालकर वर्णद राशितक धनादि भावोंसे पूर्वोक्त रीतिसे गिननेसे जो संख्या आवे वही धनादि भावोंके दशावर्ष होवेंगे। यह वार्त्ता सूत्रमें जो कि सर्वत्र पद है उससे जनाई है। यदि कहो कि वर्णदका बनाना और वर्णदशाका बनाना सूत्रसे नहीं सिद्ध होता फिर यहां कैसे कहा है ? **समाधान-** " सिद्धमन्यत् " इस सूत्राभिप्रायसे अन्य ऋषियोंके शास्त्रद्वारा वर्णद और वर्णद दशाका निश्चय होनेसे यहां सूत्रमें नहीं कहा और तिसी प्रकार है। अन्य शास्त्रके मतसे गुलिककाभी निश्चय किया जाता है। जिस प्रकार कि वर्णराशि लग्नके विषम सम होनेसे मेष मीनादि गणना करके जन्मलग्न होरालग्न पर्यन्त संख्यानंशसे लाया जाता है तिसी प्रकार भावलग्नको जन्मलग्न कल्पना करं भावका वर्णदराशि बनाना चाहिये। भावलग्नका तथा होरालग्नका बनाना वृद्धोंने कहा है। " सूर्योदयं समारभ्य घटिकानां तु पंचकम्। प्रयाति जन्मपर्यन्तं भावलग्नं तथैव च ॥ तथा सार्द्धं द्विघटिकामितात्कालाद्विलग्नभात्। प्रयाति लग्नं तन्नाम होरालग्नं प्रचक्षते ॥ " अर्थ-सूर्यके उदयसे लेकर जन्म इष्टपर्यन्त जितनी घटिका जावें उनमें पांचका भाग

इसके अनन्तर ग्रहोंके वर्णदका निषेध कहते हैं।

न ग्रहाः ॥ ३३ ॥

सूर्यादिक ग्रह वर्णदराशिसहित नहीं होते हैं। भाव यह है कि जिस प्रकार कि भाव और राशियोंके वर्णदराशि होते हैं तिस प्रकार ग्रहोंके वर्णदराशि नहीं होते हैं इस कथनसे यह जनाया गया कि भावराशियोंकी वर्णदराशि होते हैं। सूर्यादि ग्रहोंके नहीं होते हैं ॥ ३३ ॥

इसके अनन्तर अन्तर्दशाविभाग दिखाते हैं।

यावद्विवेकमावृत्तिर्भानाम् ॥ ३४ ॥

मेष, वृष, मिथुन इत्यादि राशियोंके मध्यमें प्रतिराशि जो कि चरस्थिरादि दशाओंमें सिद्ध हुए दशावर्ष हैं उन वर्षोंके बारह विभाग करके बारह राशियोंकी आवृत्ति होवे है। भाव यह है कि चरस्थिरादि संज्ञक दशाओंके विषे जो कि मेषादि बारह राशियोंके दशावर्ष हैं उनमें प्रत्येक राशिके दशावर्षोंके बारह भाग करे जितना प्रथम भाग हो उतने पर्यन्त उसी राशिकी अन्तर्दशा रहती है और जितना दूसरा भाग हो उतने पर्यन्त उस राशिदशामें दूसरी राशिकी अन्तर्दशा रहती है। जो लग्न विषमराशिमें होवे तो मेष, वृष, मिथुन इत्यादि क्रमसे अन्तर्दशाका भोग होता

हुये लब्ध मिले वह राशि होते हैं। शेषको ३० से गुणाकर ५ का भाग देनेसे जो लब्ध मिले वह अंश होते हैं फिर शेषको ६० से गुणाकर ५ का भाग देनेसे जो लब्ध मिले वह कला होते हैं। यह राशी आदिक संख्या जन्मलग्नसे गिननेसे जहां समाप्त होवे वह भाव लग्न होता है। होरालग्नके बनानेकी यह रीति है कि इष्ट घटिकाओंमें अढाईका भाग देनेसे जो लब्ध मिले वह राशि और शेषको ३० से गुणाकर अढाईका भाग देनेसे जो लब्ध मिले वह अंश और इसी प्रकार कला निकले हैं। यह राशी आदिक संख्या यदि जन्मलग्न विषम होवे तो सूर्यके राशिमें गिननेसे और यदि जन्मलग्न सम होवे तो जन्मलग्नसे गिननेसे जहां समाप्त होवे वह राशि होरालग्न होता है ॥

१ कोई आचार्य इस सूत्रकी यह व्याख्या करते हैं। जिस प्रकार भाव और राशि वर्ण हैं अर्थात् संख्याबोधक अक्षरोंसे जाने जाते हैं तिस प्रकार ग्रहसंख्याबोधक क्षरोंसे नहीं जाने जाते किन्तु अपने प्रसिद्ध पदोंकरही जाने जाते हैं ॥

है और यदि लग्न सम होवे तो उलटे क्रमसे अर्थात् वृष, मेष इत्यादि रीतिसे अन्तर्दशाका भोग होता है[1] ॥ ३४ ॥

इसके अनन्तर ग्रन्थान्तरप्रसिद्ध होरा द्रेष्काणादिकोंको उपलक्षणमात्र कहते हैं क्योंकि इस ग्रन्थमें कहे जानेवाले सूत्रोंके विषे होराद्रेष्काणादिका ग्रहण है।

होरादयः सिद्धाः ॥ ३५ ॥

होरा और आदिशब्दसे द्रेष्काण, त्रिंशांश, सप्तांश, नवांश, द्वादशांश यह शास्त्रान्तरमें प्रसिद्ध हुई मेषादि गणना करके प्रसिद्ध है किन्तु दृष्टि और अर्गलाके समान गुप्त नहीं इस कारण इनका विवरण यहां नहीं किया है[2] ॥ ३५ ॥

---

१ अन्तर्दशाविभाग वृद्धोंने कहा है। "कृत्वा त्रिंशा राशेर्भुक्तिं क्रमाद्वदेत् ॥ एवं दशान्तर्दशादि कृत्वा तेन फलं वदेत् ॥" अर्थ—राशिदशाके १२ विभाग करके राशिके अन्तर्दशाका भोग क्रमसे कहे इसी प्रकार समस्त दशाओंकी अन्तर्दशा करके उसीसे फल कहे। "एकैकभावस्यैकैकं वर्षं लग्नादि कल्पयेत्। सा पर्यायदशा लग्ने युग्मे तु व्युत्क्रमाद्वदेत् ॥ लग्नं युग्मं यदा तर्हि सप्तमुखं तस्य चादिमम्।" अर्थ—दशावर्षमें एक २ भावके एक २ लग्नादिको कल्पना करे यह अन्तर्दशा होवे है। यदि लग्न सम होवे तो उलटे क्रमसे एक २ भावके एक २ लग्नादिको कहे। जैसे वृषसे मेष। सूत्रमें जो कि विवेकपदका ग्रहण है तिससे यह जाना जाता है कि जिस प्रकार एक राशिके १२ भाग होते हैं इसी तरह बारह राशियोंके अन्तर्दशामें एक सौ चवालीस भाग होते हैं और जो कि कोई आचार्योंने यह कहा है कि उपस्थित होनेसे दशाके आरम्भकी अवधि अपना २ लग्न है सो यहभी नहीं क्योंकि कारिकावचन है। "होरालग्नभयोर्नैया दुर्बलाद्वर्णदा दशा"॥

२ होरादिकोंके जाननेके विषयमें वृद्धवचन है। "राशेरर्द्धं भवेद्धोरा ताश्चतुर्विंशतिः स्मृताः। मेषादि तासां होराणां परिवृत्तिद्वयं भवेत् ॥ राशित्रिभागा द्रेष्काणास्ते च षट्त्रिंशदीरिताः। परिवृत्तित्रयं तेषां मेषादेः क्रमशो भवेत् ॥ सप्तांशकास्त्वोजगृहे गणनीया निजेशतः। युग्मराशौ तु विज्ञेयाः सप्तमर्क्षाधिनायकात् ॥ नवांशेशाश्चरेत्तस्मात् स्थिरे तन्नवमादितः। उभये तु तत्पंचमादिरिति चिन्त्यं विचक्षणैः ॥ द्वादशांशास्य गणना तत्तत्क्षेत्रादिनिर्दिशेत्।" होरा, द्रेष्काण, त्रिंशांश, सप्तांश, नवांश, द्वादशांश इस षड्वर्गके जाननेका विधि चक्रोंमें लिखा है इस कारण इन श्लोकोंका अर्थ यहां नहीं लिखा है॥

होराचक्रम्.

	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन	लग्नग्रह केराशि
१९ अं शतक	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	होराके ग्रहराशि
२० अं शतक	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	चंद्र कर्क	सूर्य सिंह	होराके ग्रहराशि

द्रेष्काणचक्रम्.

	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन	ग्रहलग्नरा.
१०अं शतक	मेष मंगल	वृषभ शुक्र	मिथुन बुध	कर्क चंद्रमा	सिंह सूर्य	कन्या बुध	तुला शुक्र	वृश्चिक मंगल	धनुः बृहस्प.	मकर शनि	कुम्भ शनि	मीन बृहस्प.	द्रेष्काणके ग्रहराशि
२० अं शतक	सिंह सूर्य	कन्या बुध	तुला शुक्र	वृश्चिक मंगल	धनुः बृहस्प.	मकर शनि	कुम्भ शनि	मीन बृहस्प.	मेष मंगल	वृषभ शुक्र	मिथुन बुध	कर्क चंद्रमा	द्रेष्काणके ग्रहराशि
३० अं शतक	धनुः बृहस्प.	मकर शनि	कुम्भ शनि	मीन बृहस्प.	मेष मंगल	वृषभ शुक्र	मिथुन बुध	कर्क चंद्रमा	सिंह सूर्य	कन्या बुध	तुला शुक्र	वृश्चिक मंगल	द्रेष्काणके ग्रहराशि

विषमत्रिंशांशचक्रम्.

	मेष	मि.	सिं.	तु.	ध.	कुं.	ग्रहलग्नकेराशि
५	मं	मं	मं	मं	मं	मं	५ अंशतक
५	श	श	श	श	श	श	१० अंशतक
८	बृ	बृ	बृ	बृ	बृ	बृ	१५ अंशतक
७	बु	बु	बु	बु	बु	बु	२५ अंशतक
५	शु	शु	शु	शु	शु	शु	३० अंशतक

समत्रिंशांशचक्रम्.

	वृ.	क.	क.	वृ.	म.	मी.	ग्रहलग्नकीरा.
५	शु	शु	शु	शु	शु	शु	५ अंशतक
७	बु	बु	बु	बु	बु	बु	१२ अंशतक
८	बृ	बृ	बृ	बृ	बृ	बृ	२० अंशतक
५	श	श	श	श	श	श	२५ अंशतक
५	मं	मं	मं	मं	मं	मं	३० अंशतक

	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनुः	मकर	कुम्भ	मी	ग्रहल.रा.
३ अंश. २० कला	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	३।२०
६ अंश. ४० कला	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	६।४०
१० अं. तक	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनु बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या	१० अंश तक
१३ अंश. २० कला	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	१३।२०
१६ अंश. ४० कला	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	१६।४०
२० अंश. तक	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	२० अंश तक
२३ अंश. २० कला	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	तुला शुक्र	कर्क चंद्र	मेष मंगल	मकर शनि	२३।२०
२६ अंश. ४० कला	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	वृश्चिक मंगल	सिंह सूर्य	वृषभ शुक्र	कुम्भ शनि	२६।४०
३० अं. शतक	धनु बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	धनुः बृहस्प.	कन्या बुध	मिथुन बुध	मीन बृहस्प.	३० अंश तक

अथ द्वादशांशचक्रम्.

मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन	ग्रहलग्नकेरा.
मे. मं.	वृ. शुक्र	मि.बुध	क. चं.	सिं.सूर्य	क. बु.	तु. शु.	वृ. म.	ध. बृ.	म. श.	कुं.श.	मी. बृ.	२अं. ३० क.
वृ. शुक्र	मि.बुध	क.चंद्र	सिं.सूर्य	क. बुध	तु. श.	वृ. म.	ध. बृ.	म. श.	कुं.श.	मी. बृ.	मेष मं.	९ अंशतक.
मि.बुध	क. चंद्र	सिं.सूर्य	क. बुध	तु. शु.	वृ. मं.	ध. बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. शु.	७अं ३०. क.
क.चंद्र	सिं.सू.	क. बुध	तु. शु.	वृ. मं.	ध. बृ.	मं. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. शु.	मि. बु.	१० अंशतक.
सिं. सू.	क. बुध	तु. शु.	वृ. मं.	ध. बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मे मं.	वृ. शु.	मि. बु.	क. चं.	१२अं ३० क.
क. बुध	तु. शुक्र	वृ. मं.	. बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. शु.	मि. बु.	क. चं.	सि.सूर्य	१५ अंशतक.
तु. शु.	वृ. मं.	ध. बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. श.	मि. बु.	क. चं.	सिं.सूर्य	क बु.	१७अं.३०क.
वृ. मं.	धनु बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. श.	मि. बु.	क. चं.	सिं.सूर्य	क. बु.	तु. शु.	२० अंशतक.
ध. बृ.	म. श.	कुं. श.	मी. बृ.	मेष.मं.	वृ. शु.	मि. बु.	क. चं.	सिं सूर्य	क. बु.	तु. शु.	वृ. मं.	२२अं ३० क.
म. श.	कुं. .	मी. बृ.	मेष मं.	वृ. शु.	मि. बु.	क. चं.	सिं.सूर्य	क. बु.	तु. शुक्र	वृ. मं.	ध. .	२५ अंशतक.
कुं.श.	मी बृ.	मेष मं.	वृ.शु.	मि. बु.	क. च.	सिं.सूर्य	क. बु.	त. शु.	वृ. म.	ध. बृ.	म. श.	२७अं ३० क.
मी. बृ.	मेष मं.	वृ. शु.	मि. बु.	क. चं.	सिं.सूर्य	क. बृ.	तु. श.	वृ. मं.	वृ.ध.	म. श.	कुं. श.	३० अंशतक.

अथ सप्तांशचक्रम्.

	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनुः	मकर	कुम्भ	मीन
४ अं. १७ क. ८ विकलातक	मेष मंगल	वृश्चिक मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सूर्य	मीन बृह.	तुला शुक्र	वृषभ शुक्र	धनः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध
८ अं. ३४ क. १६ वि. तक	वृषभ शुक्र	धनुः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चि. मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सूर्य	मीन बृह.	तला शुक्र
१२ अं. ५१ क. २४ वि. तक	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सूर्य	मीन बृह.	तुला शुक्र	वृषभ शुक्र	धनुः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चि. मंगल
१७ अं. ८ क. ३२ वि. तक	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चि. मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सूय	मीन बृह.	तला शुक्र	वृषभ शुक्र	धनः बृह.
२१ अं. २५ क. ४० वि. तक	सिंह सूर्य	मीन बृह.	तुला शुक्र	वृषभ शुक्र	धनुः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चि. मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि
२५ अं. ४२ क. ४८ वि. तक	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चिक मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सर्य	मीन बृह.	तुला शुक्र	वृषभः शुक्र.	धनुः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि
३० अंशतक	तुला शुक्र	वृषभ शुक्र	धनुः बृह.	कर्क चंद्र	कुम्भ शनि	कन्या बुध	मेष मंगल	वृश्चि मंगल	मिथुन बुध	मकर शनि	सिंह सूर्य	मीन बृह.

इति श्रीजैमिनीयसूत्रे प्रथमाध्याये श्रीनीलकंठीयतिलकानुसतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामविरचितायां प्रथमः पादः समाप्तः ॥ १ ॥

अथ द्वितीयपादः।

इनके अनन्तर आत्मकारकके नवांशका फल कहनेको आरम्भ करते हैं।

अथ स्वांशो ग्रहाणाम् ॥ १ ॥

सूर्यादिक जो कि ग्रह हैं उन ग्रहोंके मध्यमें जो कि आत्मकारक है उस आत्मकारकका जो कि नवांश है उससे फल विचारने योग्य है ॥ १ ॥

प्रथम आत्मकारकके मेषादि नवांशोंका फल कहते हैं।

पञ्च मूषिकमार्जाराः ॥ २ ॥

यदि आत्मकारकमें मेषनवांश होवे तो मूषिक और मार्जार जीव दुःखदायक होते हैं ॥ २ ॥

तत्र चतुष्पादः ॥ ३ ॥

यदि आत्मकारकमें वृष नवांश होवे तो चार पांववाले पशु सुखकर्त्ता होवे हैं[1] ॥ ३ ॥

मृत्यौ कंडूः स्थौल्यं च ॥ ४ ॥

यदि आत्मकारकमें मिथुननवांश होवे तो शरीरमें खाज और शरीरमें स्थूलता हो जाती है ॥ ४ ॥

दूरे जलकुष्ठादिः ॥ ५ ॥

यदि आत्मकारकमें कर्कनवांश होवे तो जलसे भय और कुष्ठादिक रोग होता है ॥ ५ ॥

---

१ शङ्का—मूषिकादिक दुःखदाई होते हैं और चतुष्पाद सुखदाई होते हैं यहांपर एकही अर्थ अपेक्षित है भिन्न २ अर्थ करनेमें क्या कारण है ? समाधान—इसमें वृद्धवचन प्रमाण है। " वृषतौल्यंशकगते तस्मिन्वाणिज्यवान् भवेत् । मेषसिंहांशकगते ब्रूयान्मूषकदंशनम् ॥ कारके कार्मुकांशस्थे वाहनात्पतनं भवेत् । " अर्थ—यदि आत्मकारक ग्रह वृष वा तुलाके नवांशमें होवे तो वाणिज्य कर्मवाला होता है और यदि मेष वा सिंहके नवांशमें होवे तो मूषकभय होता है और धनुके नवांशमें होवे तो वाहनसे पतन होता है ॥

शेषाः श्वापदानि ॥ ६ ॥

यदि आत्मकारकमें सिंहनवांश होवे तो श्वान आदिक जीव दुःख देनेवाले होते हैं ॥ ६ ॥

मृत्युवज्जायाग्निकणश्च ॥ ७ ॥

यदि आत्मकारकमें कन्यानवांश होवे तो मिथुननवांशवत् फल होता है और अग्निकणभी दुःख देनेवाला होता है अर्थात् शरीरमें खाज और मोटापन तथा अग्निभय होता है ॥ ७ ॥

लाभे वाणिज्यम् ॥ ८ ॥

यदि आत्मकारकमें तुलानवांश होवे तो वाणिज्यकर्म करनेवाला होता है ॥ ८ ॥

अत्र जलसरीसृपाः स्तन्यहानिश्च ॥ ९ ॥

यदि आत्मकारकमें वृश्चिकनवांश होवे तो जल और सर्पादिक दुःख देनेवाले होते हैं और माताका स्तन्य नाम दुग्ध सूख जावे है ॥ ९ ॥

समे वाहनादुच्चाच्च क्रमात्पतनम् ॥ १० ॥

यदि आत्मकारकमें धनुर्नवांश होवे तो वाहनसे अथवा ऊंची जगहसे पतन होता है परन्तु वह पतन एकसाथ नहीं होता है किन्तु कहीं २ रुक २ कर होता है ॥ १० ॥

जलचरखेचरखेटकंडूजुष्टग्रन्थयश्च रिःफे ॥ ११ ॥

यदि आत्मकारकमें मकर नवांश होवे तो जलचारी मत्स्यादिक जीव और खेचर पक्षी और खेट नाम ग्रह ये फलदायक होते हैं और खाज और दुष्ट ग्रंथि गण्डमाला आदिक रोग होते हैं ॥ ११ ॥

तडागादयो धर्मे ॥ १२ ॥

यदि आत्मकारकमें कुम्भनवांश होवे तो तडाग, वावडी, कूप आदिकोंके करनेवाले होते हैं ॥ १२ ॥

उच्चे धर्मनित्यता कैवल्यश्च ॥ १३ ॥

यदि आत्मकारकमें मीननवांश होवे तो धर्मकी नित्यता और मोक्ष होता है[1] ॥ १३ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवांशका ग्रहस्थितिसे फल कहते हैं।

तत्र रवौ राजकार्यपरः ॥ १४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें सूर्य स्थित होवे तो राजकर्म करनेवाला होता है ॥ १४ ॥

पूर्णेन्दुशुक्रयोर्भोगी विद्याजीवी च ॥ १५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें परिपूर्ण चन्द्रमा और शुक्र ये दोनों स्थित होवें तो भोगकर्ता और विद्यासे जीविका करनेवाला होता है ॥ १५ ॥

धातुवादी कौंतायुधो वह्निजीवी ॥ १६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें भौम स्थित होवे तो धातुवादी नाम रसायनविद्यावाला और बरछी शस्त्र बांधनेवाला तथा अग्निसे जीविका करनेवाला होता है ॥ १६ ॥

---

१ आत्मकारकके नवांशादि गुणोंकर फल वृद्धोंने कहा है। "शुभराशौ शुभांशे वा कारकांशे धनी भवेत्। तदंशकेन्द्रेषु शुभे राजा नूनं प्रजायते ॥" अर्थ—यदि आत्मकारक ग्रहका नवांश शुभ राशिमें अथवा शुभग्रहके नवांशमें होवे तो धनी होता है और यदि आत्मकारक ग्रहके नवांशके कुण्डलीमें जो कि केंद्र होवे उनमें यदि शुभ ग्रह होवे तो निश्चयही राजा होता है। अन्यच्च—"कारके शुभराश्यंशे लग्नांशस्थे शुभग्रहे। उपग्रहस्य पाश्चात्ये स्वोच्चस्वर्क्षशुभर्क्षगे ॥ पापदृग्योगरहिते कैवल्यं तस्य निर्दिशेत्। मिश्रे मिश्रं विजानीयाद्विपरीते विपर्ययः ॥" अर्थ—यदि आत्मकारक शुभग्रह होकर शुभराशिमें नवांशमें और लग्नके नवांशमें स्थित होवे और उपग्रहके पिछाडी स्थित होवे और अपने उच्चका अथवा निज राशिका अथवा शुभग्रहके राशिका होवे और पापग्रहकी दृष्टि और योगसे वर्जित होवे तो मोक्ष होता है और यदि पापग्रह तथा शुभग्रह इन दोनोंकी दृष्टि वा योगसे युक्त होवे तो मिश्रस्वर्गवास होता है और यदि केवल पापग्रहकी दृष्टि और योगसेही युक्त होवे तो न मुक्ति होती है न स्वर्गवास होता है। अन्यच्च—"चंद्रभृग्वार्कवर्गस्थे कारके पारदारिकः" अर्थ—यदि आत्मकारक चन्द्र, शुक्र, मंगल, इसके वर्गमें स्थित होवे, तो परस्त्रीसे भोग करनेवाला होता है॥

वणिजस्तन्तुवायाः शिल्पिनो व्यवहारविदश्च सौम्ये १७

यदि आत्मकारकके नवांशमें बुध स्थित होवे तो वणिक् और वस्त्र बुननेवाला तथा शिल्पविद्यावान् और समस्त व्यवहार जाननेवाला है होता ॥ १७ ॥

कर्मज्ञाननिष्ठा वेदविदश्च जीवे ॥ १८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें बृहस्पति स्थित होवे तो वैदिककर्ममें निष्ठा रखनेवाला तथा ज्ञानी और वेदको जाननेवाला होताहै१८॥

राजकीयाः कामिनः शतेंद्रियाश्च शुक्रे ॥ १९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें शुक्र स्थित होवे तो राजाके अधिकारवाला और बहुत स्त्रियोंके भोगनेमें इच्छा रखनेवाला और सौ वर्षपर्यन्त जीवन धारण करनेवाला होता है ॥ १९ ॥

प्रसिद्धकर्माजीवः शनौ ॥ २० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें शनैश्चर स्थित होवे तो लोकप्रसिद्ध कर्मसे जीविका करनेवाला होता है ॥ २० ॥

धानुष्काश्चोराश्च जांगलिका लोहयंत्रिणश्च राहौ ॥२१॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें राहु स्थित होय तो धनुष रखनेवाला और चोरी करनेवाला होता है अथवा जांगलिक और लोहयंत्र रखनेवाला होता है ॥ २१ ॥

गजव्यवहारिणश्चोराश्च केतौ ॥ २२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें केतु स्थित होवे तो हाथियोंका व्यवहार करनेवाला तथा चोर होता है ॥ २२ ॥

रविराहुभ्यां सर्पनिधनम् ॥ २३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें सूर्य और राहु दोनों स्थित होवें तो सर्पसे मृत्यु होता है ॥ २३ ॥

शुभदृष्टे सन्निवृत्तिः ॥ २४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुए सूर्य राहु ये दोनों शुभ ग्रहने देखे होवें तो सर्पसे मृत्यु नहीं होती है ॥ २४ ॥

शुभमात्रसंबन्धाज्जांगलिकः ॥ २५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुए सूर्य राहुके विषे शुभग्रह मात्रका योग होवे तो जांगलिक नाम विषवैद्य होता है ॥ २५ ॥

कुजमात्रदृष्टे गृहदाहकोऽग्निदो वा ॥ २६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुए सूर्य राहु ये दोनों मंगलने देखे होंय तो अपने गृहको जलानेवाला अथवा अग्नि देनेवाला होता है ॥ २६ ॥

शुक्रदृष्टेर्न दाहः ॥ २७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुए सूर्य राहु इन दोनोंपर शुक्रकी दृष्टि होवे तो गृहको जलानेवाला नहीं होता है किन्तु अग्निका दाह मात्र करनेवाला होता है ॥ २७ ॥

गुरुदृष्टेस्त्वासमीपगृहात् ॥ २८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुए सूर्य राहुपर बृहस्पतिकी दृष्टि होवे और शुक्रकी दृष्टि न होवे तो समीप गृहपर्यंत दाह हो जावे, अपने गृहमात्रका दाह न होवे ॥ २८ ॥

सगुलिके विषदो विषहतो वा ॥ २९ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश गुलिकसहित होवे तो दूसरेको विष देनेवाला तथा स्वयं विष खाकर मरनेवाला होता है[1] ॥ २९ ॥

---

१ गुलिक बनानेकी रीति वृद्धोंने कही है " रविवारादिशन्यन्तं गुलिकादि निरूप्यते। दिवसानष्टधा कृत्वा वारेशाद्गणयेत् क्रमात् ॥ अष्टमोऽशो निरीशः स्याच्छन्यंशो गुलिकः स्मृतः। रात्रिमप्यष्टधा भक्ता वारेशात्पंचमादितः। गणयेदष्टमः खंडो निष्पत्तिः परिकीर्तितः। शन्यंशे गुलिकः प्रोक्तो गुर्वंशे यमघंटकः ॥ भौमांशे मृत्युरादिष्टो रव्यंशे कालसंज्ञकः। सौम्यांशेऽर्द्धप्रहरकः स्पष्टकर्मप्रदेशकः ॥ " अर्थ–रविवारसे लेकर शनैश्चरपर्यन्त गुलिकादि योग कहे हैं। दिनमानके आठ भाग करे और उस दिन जो वार होवे उससे क्रमकरके गिने। आठवां भाग स्वामीकर वर्जित होता है अर्थात्

चंद्रदृष्टौ चौराऽपहृतधनश्चौरो वा ॥ ३० ॥

यदि गुलिकसहित आत्मकारकके नवांशपर चन्द्रमाकी दृष्टि होवे तौ चौरोंकर चुराये हुए धनवाला वा स्वयं चोर होता है ॥ ३० ॥

बुधमात्रदृष्टे बृहद्वोजः ॥ ३१ ॥

यदि गुलिकसहित आत्मकारकका नवांश केवल बुधहीने देखा हो और अन्य ग्रहकी दृष्टि न होवे तौ बडे २ वृषणोंवाला होता है ॥ ३१ ॥

तत्र केतौ पापदृष्टे कर्णच्छेदः कर्णरोगो वा ॥ ३२ ॥

आठवें भागका कोई स्वामी नहीं होता है। उन आठों भागोंमें जो कि शनैश्चरका भाग है यह गुलिक कहा है। इसी प्रकार रात्रिमानके आठ भाग करे और उस दिन जो वार हो उससे जो कि पांचवां वार है उससे क्रमकरके गिने जो आठवां भाग हो वह स्वामिवर्जित होता है। उन आठों भागोंमें जो कि शनैश्चरका भाग है वह गुलिक होता है और जो कि बृहस्पतिका भाग है वह यमघंटक होता है और जो कि भौमका भाग है वह मृत्युयोगसंज्ञक होता है और जो कि सूर्यका भाग है वह कालयोगसंज्ञक है और जो कि बुधका भाग है वह अर्द्धप्रहरसंज्ञक है। जैसे रविवारके दिन दिनके सांतवें भागमें और रात्रिके तीसरे भागमें गुलिकयोग रहता है और सोमवारके दिन दिनमें छठे भागमें और रात्रिके द्वितीय भागमें गुलिकयोग रहता है और भौमवारके दिन दिनके पांचवें भागमें और रात्रिके प्रथम भागमें गुलिकयोग रहता है। इसी प्रकार बुधके दिन दिनके चतुर्थ भागमें और रात्रिके सप्तम भागमें और बृहस्पतिके दिन दिनके तृतीय भागमें और रात्रिके छठे भागमें और शुक्रके दिन दिनके द्वितीय भागमें और रात्रिके पचम भागमें और शनैश्चरके दिन दिनके प्रथम भागमें और रात्रिके चतुर्थ भागमें गुलिकयोग रहता है। इसी प्रकार अन्यवचनभी है। "तथा च रविवारादौ दिने गुलिकसंस्थितिः। सप्तर्तुशरवेदाब्धिद्विकुखण्डेषु हि क्रमात् ॥ रात्रौ त्रिद्विकुसप्तर्तुपंचतुर्येषु तत्स्थितिः। " अर्थ—रविवारादिक वारके विषे दिनमें क्रमसे सप्तम, षष्ठ, पंचम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय, प्रथम इन भागोंमें गुलिकयोग रहता है और रात्रिमें तृतीय, द्वितीय, प्रथम, सप्तम, षष्ठ, पंचम, चतुर्थ इन भागोंमें गुलिकयोग रहता है। जिस समय गुलिकयोगका आरम्भ होवे उस समय जो लग्न विद्यमान हो उस लग्नका जो नवांश उस समय होवे वहही नवांश आत्मकारकका यदि होवे तौ वह आत्मकारकका नवांश सगुलिक कहा जाता है ऐसा जानना ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें पापग्रहोंकर देखा हुआ केतु स्थित होवे तौ कर्णच्छेद अथवा कर्णरोग होता है ॥ ३२ ॥

शुक्रदृष्टे दीक्षितः ॥ ३३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ केतु शुक्रने देखा होवे तो किसी एक यज्ञक्रिया करके दीक्षित होता है ॥ ३३ ॥

बुधशनिदृष्टे निर्वीर्यः ॥ ३४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ केतु बुध और शनैश्चर दोनोंने देखा होवे तो नपुंसक होता है ॥ ३४ ॥

बुधशुक्रदृष्टे पौनःपुनिको दासीपुत्रो वा ॥ ३५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ केतु, बुध और शुक्र दोनोंने देखा होवे तो वार २ कहे हुए वचनके कहनेवाला होता है अथवा दासीका पुत्र होता है ॥ ३५ ॥

शनिदृष्टे तपस्वी प्रेष्यो वा ॥ ३६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ केतु अन्यग्रह और शनैश्चरने देखा होवे तो तपस्वी अथवा दास होता है ॥ ३६ ॥

शनिमात्रदृष्टे संन्यासाभासः ॥ ३७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ केतु अन्य ग्रहने तो देखा न होवे केवल शनैश्चरने देखा होवे तौ कथनमात्र संन्यासी होता है। परिपूर्ण संन्यासी नहीं होता है ॥ ३७ ॥

तत्र रविशुक्रदृष्टे राजप्रेष्यः ॥ ३८ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश सूर्य और शुक्र दोनोंने देखा होवे तो राजाका सेवक होता है ॥ ३८ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवांशसे दशम नवांशका विचार करते हैं।

रिःफे बुधे बुधदृष्टे वा मन्दवत् ॥ ३९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे दशम स्थानपर बुध स्थित होवे अथवा आत्मकारकके नवांशसे दशम स्थान बुधने देखा होवे तौ "प्रसिद्धकर्मा जीवः शनौ" इस सूत्रका कहा हुआ फल होता है अर्थात् लोकप्रसिद्ध कर्मसे जीविका करनेवाला होता है ॥ ३९ ॥

शुभदृष्टे स्थेयः ॥ ४० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे दशम स्थान बुधको त्यागके अन्य शुभ ग्रहोंने देखा होवे तो स्थिर स्वभाव होता है, चंचल नहीं होता है ॥ ४० ॥

रवौ गुरुमात्रदृष्टे गोपालः ॥ ४१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे दशम नवांशमें स्थित हुआ सूर्य केवल बृहस्पतिने देखा होवे और किसी ग्रहने न देखा होवे तो गौओंकी रक्षा करनेवाला होता है ॥ ४१ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवमांशसे चतुर्थ नवमांशका विचार करते हैं।

दारे चन्द्रशुक्रदृग्योगात्प्रासादः ॥ ४२ ॥

यदि आत्मकारकके नवमांशसे चतुर्थ नवमांशपर चन्द्र शुक्र इन दोनोंकी दृष्टि अथवा योग होनेसे उत्तम २ राजमन्दिरोंवाला होता है ॥ ४२ ॥

उच्चग्रहेऽपि ॥ ४३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ स्थानपर कोई उच्चका ग्रह स्थित होवे तोभी उत्तम २ राजमन्दिरोंवाला होता है ॥ ४३ ॥

राहुशनिभ्यां शिलागृहम् ॥ ४४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ स्थानपर राहु शनैश्चर दोनोंकी स्थिति होवे तौ शिलाओंका रचा हुआ गृह होता है ॥ ४४ ॥

कुजकेतुभ्यामेष्टकम् ॥ ४५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवमांशपर मंगल केतु ये दोनों स्थित होवें तो ईंटोंका रचा हुआ गृह होता है ॥ ४५ ॥

गुरुणा दारवम् ॥ ४६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशपर बृहस्पतिकी स्थिति होवे तो काष्ठका रचा हुआ गृह होता है ॥ ४६ ॥

तार्णं रविणा ॥ ४७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशपर सूर्यकी स्थिति होवे तो तृणका रचा हुआ गृह होता है ॥ ४७

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवमांशसे नवम नवमांशका विचार करते हैं।

समे शुभदृग्योगाद्धर्मनित्यः सत्यवादी गुरुभक्तश्च ४८॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशपर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि अथवा योग होवे तो धर्मनिष्ठ और सत्य बोलनेवाला तथा गुरुजनोंका भक्त होता है ॥ ४८ ॥

अन्यथा पापैः ॥ ४९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशपर पापग्रहोंकी दृष्टि तथा योग होवे तो धर्मसे विपरीत चलनेवाला तथा झूंठ बोलनेवाला तथा गुरुजनोंका भक्त नहीं होता है ॥ ४९ ॥

शनिराहुभ्यां गुरुद्रोहः ॥ ५० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशपर शनि, राहु इन दोनोंकी दृष्टि अथवा योग होवे तो गुरुसे विरोध करनेवाला होता है ॥ ५० ॥

गुरुरविभ्यां गुरावविश्वासः ॥ ५१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशपर बृहस्पति, सूर्य इन दोनोंकी दृष्टि अथवा योग होवे तो गुरुमें विश्वास नहीं होता है ॥ ५१ ॥

तत्र भृग्वंगारकवर्गे पारदारिकः ॥ ५२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशमें शुक्र वा मङ्गलका षड्वर्ग होवे तो परस्त्रीगामी होता है ॥ ५२ ॥

दृग्योगाभ्यामधिकाभ्यामामरणम् ॥ ५३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशमें शुक्र वा मङ्गलका षड्वर्ग होवे और शुक्र व मंगलकी दृष्टि अथवा योग होवे तौ मरण-पर्यन्त परस्त्रीसे गमन करनेवाला होता है ॥ ५३ ॥

केतुना प्रतिबन्धः ॥ ५४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशमें केतुकी दृष्टि अथवा योग होवे तौ मरणपर्यन्त परस्त्रीसे विमुख रहता है ॥ ५४ ॥

गुरुणा स्त्रैणः ॥ ५५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशमें बृहस्पतिकी दृष्टि अथवा योग होवे तो स्त्रीके आधीन रहता है ॥ ५५ ॥

राहुणार्थनिवृत्तिः ॥ ५६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवमांशमें राहुकी दृष्टि अथवा योग होवे तो परस्त्रीसंगसे धनका नाश होता है ॥ ५६ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशका विचार करते हैं।

लाभे चंद्रगुरुभ्यां सुन्दरी ॥ ५७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें चन्द्र बृहस्पति इन दोनोंका योग होवे तौ स्त्री सुन्दरी होती है ॥ ५७ ॥

राहुणा विधवा ॥ ५८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें राहुका योग होवे तौ गृहमें विधवा स्त्री होती है ॥ ५८ ॥

शनिना वयोधिका रोगिणी तपस्विनी वा ॥ ५९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें शनैश्चरका योग होवे तौ आपसे अधिक अवस्थावाली अथवा रोगिणी वा तपस्विनी स्त्री होती है ॥ ५९ ॥

कुजेन विकलांगी ॥ ६० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें मंगलका योग होवे तौ दुर्लक्षण अंगवाली स्त्री होवे है ॥ ६० ॥

रविणा स्वकुले गुप्ता च ॥ ६१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें सूर्यका योग होवे तौ अपनी स्त्री मरणपर्यन्त अपने घरमें रक्षित रहती है और स्वातंत्र्यसे इधर उधर फिरनेवाली नहीं होती है और सूत्रमें जो कि चकारका ग्रहण है तिससे विकलांगी अर्थात् दुर्लक्षण अंगवालीभी होती है ॥ ६१ ॥

बुधेन कलावती ॥ ६२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशपर बुधका योग होवे तौ स्त्री गानेमें तथा बजानेमें बहुत निपुण होती है ॥ ६२ ॥

चापे चंद्रेणानावृते देशे ॥ ६३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशपर चन्द्रमा होवे और पूर्व कहे हुए स्त्रीकारक योग विद्यमान होवे तो अनाच्छादित देशमें प्रथम स्त्रीका संग होता है अथवा आत्मकारकके नवांशसे सप्तम नवांशमें धनुराशि और चन्द्रमा स्थित होवे तो अनाच्छादित देशमें प्रथम स्त्रीसंग होता है ॥ ६३ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवांशसे तृतीय नवांशका विचार करते हैं।

कर्मणि पापे शूरः ॥ ६४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे तृतीय नवांशमें पाप ग्रह स्थित होवे तो शूर वीर होता है ॥ ६४ ॥

शुभे कातरः ॥ ६५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे तृतीय नवांशमें शुभग्रह होवे तो कातर नाम डरपनेवाला होता है ॥ ६५ ॥

मृत्युचिन्तयोः पापे कर्षकः ॥ ६६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे तृतीय और षष्ठ नवांश दोनोंमें पापग्रह होवें तो खेती करनेवाला होता है ॥ ६६ ॥

समे गुरौ विशेषेण ॥ ६७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे नवम नवांशमें बृहस्पति होवे तो विशेष करके खेती करनेवाला होता है ॥ ६७ ॥

इसके अनन्तर आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशका विचार करते हैं।

उच्चे शुभे शुभलोकः ॥ ६८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशमें शुभ ग्रह होवे तो शुभ लोककी प्राप्ति होवे है ॥ ६८ ॥

केतौ कैवल्यम् ॥ ६९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशमें केतु होवे तो मोक्ष होता है अथवा आत्मकारकके नवांशमें शुभ ग्रह होवे तो मोक्ष होता है ॥ ६९ ॥

क्रियचापयोर्विशेषेण ॥ ७० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें मेषराशि अथवा धनुराशि होवे और शुभ ग्रहके साथ स्थित होवे तो विशेषकरके मोक्ष होता है अर्थात् सायुज्य मोक्ष होता है अथवा आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशमें मेष वा धनुराशि स्थित होवे और सातवें केतु स्थित होवे तो सायुज्य मोक्ष होता है[1] ॥ ७० ॥

---

१ शुभग्रहकी अपेक्षासे केतुको पापग्रह होनेसे केतु सायुज्यमुक्तिको देनेवाला नहीं हो सक्ता इससे "केतौ कैवल्यम्, क्रियचापयोर्विशेषेण" इन सूत्रोंपर यह व्याख्याही

पापैरन्यथा ॥ ७१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे द्वादश नवांशमें और आत्मकारकके नवांशमें पापग्रहोंका योग होवे तो न शुभ लोक होता है न मुक्ति होती है ॥ ७१ ॥

रविकेतुभ्यां शिवे भक्तः ॥ ७२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें सूर्य और केतु दोनों मिलकर स्थित होवें तो शिवका भक्त होता है ॥ ७२ ॥

चंद्रेण गौर्याम् ॥ ७३॥

यदि आत्मकारकका नवांश चन्द्रमाकरके युक्त होवे तो गौरीका भक्त होता है ॥ ७३ ॥

शुक्रेण लक्ष्म्याम् ॥ ७४ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश शुक्रकरके युक्त होवे तो लक्ष्मीका भक्त होता है ॥ ७४ ॥

कुजेन स्कंदे ॥ ७५ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश मंगलकरके युक्त होवे तो स्कन्द भगवान्का भक्त होता है ॥ ७५ ॥

बुधशनिभ्यां विष्णौ ॥ ७६ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश बुध शनैश्चर दोनोंसे युक्त होवे तो विष्णुका भक्त होता है ॥ ७६ ॥

गुरुणा सांबशिवे ॥ ७७ ॥

उचित है । आत्मकारकके नवांशमें शुभग्रह होवे तो मुक्ति होती है और आत्मकारकके नवांशमें मेष वा धनु राशि स्थित होवे और साथमें शुभग्रह होवे तो सायुज्यमुक्ति होवे है । सूत्रकारने केतुको शुभग्रह नहीं कहा है और जो कि, " चरदशायामत्र शुभः केतुः " इस अगाडी कहे जानेवाले सूत्रमें केतुको शुभकरके कहा है सो चरदशामेंही केतु शुभ है और जगह नहीं ऐसा अर्थ जानना ॥

१ " रविकेतुभ्यां शिवे भक्तः " इस सूत्रसे लेकर " अमात्यदासे चैवम् " इस सूत्रपर्यन्त " केतौ " इस पदकी अनुवृत्ति जाननी ॥

यदि आत्मकारकका नवांश बृहस्पति करके युक्त होवे तो पार्वतीसहित शिवका भक्त होता है ॥ ७७ ॥

राहुणा तामस्यां दुर्गायाम् ॥ ७८ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश राहुसे युक्त होवे तो तामसी देवता और दुर्गाका भक्त होता है ॥ ७८ ॥

केतुना गणेशे स्कन्दे च ॥ ७९ ॥

यदि आत्मकारकका नवांश केतुसे युक्त होवे तो गणेश और स्कन्दका भक्त होता है ॥ ७९ ॥

पापक्षे मंदे क्षुद्रदेवतासु ॥ ८० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें पापराशि और शनैश्चरयुक्त होवे तो कर्णपिशाचादि देवताओंका भक्त होता है ॥ ८० ॥

शुक्रे च ॥ ८१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें पापराशि और शुक्र स्थित होवे तोभी कर्णपिशाचादि देवताओंका भक्त होता है ॥ ८१ ॥

अमात्यदासे चैवम् ॥ ८२ ॥

आत्मकारक ग्रहसे कम अंशकलादिवाला ग्रह अमात्यकारक होता है उस अमात्यकारक ग्रहसे जो कि क्रमसे गिननेसे छठा ग्रह है वह ग्रह अमात्यदास संज्ञक है। यदि अमात्यदाससंज्ञक ग्रह आत्मकारकके नवांशमें स्थित होवे और पापराशिभी उस आत्मकारकके नवांशमें विद्यमान होवे तोभी क्षुद्र देवताओंका भक्त होता है ॥८२॥

त्रिकोणे पापद्वये मांत्रिकः ॥ ८३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें पंचम और नवम नवांश इन दोनोंमें क्रमसे दो पापग्रह स्थित होवें तो मंत्रवेत्ता होता है ॥ ८३ ॥

---

१ कोई आचार्य यह कहते हैं कि यदि यह अर्थ सम्मत होता तो "पापक्षे मंदशुक्राऽमात्यदासेषु क्षुद्रदेवतासु" ऐसा सूत्र एकही रचित होता फिर पृथक् २ सूत्र रचना

पापदृष्टे निग्राहकः ॥ ८४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे जो कि पंचम और नवम नवांश हैं वे दोनों पापग्रहोंसे युक्त होवें और पापग्रहोंने देखे होवें तो भूतादिकोंका निग्रह करनेवाला होता है ॥ ८४ ॥

शुभदृष्टेऽनुग्राहकः ॥ ८५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे पंचम नवम ये दोनों पापग्रहोंसे युक्त होवें और शुभग्रहोंने देखे होवें तो लोकमें अनुग्रह करनेवाला होता है ॥ ८५ ॥

शुक्रेन्द्रौ शुक्रदृष्टे रसवादी ॥ ८६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ चन्द्रमा शुक्रने देखा होवे तो रसोंके बनानेवाला होता है ॥ ८६ ॥

बुधदृष्टे भिषक् ॥ ८७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें स्थित हुआ चन्द्रमा बुधने देखा होवे तो वैद्य होता है ॥ ८७ ॥

चापे चंद्रे शुक्रदृष्टे पांडुश्वित्री ॥ ८८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें स्थित हुआ चन्द्रमा शुक्रने देखा होवे तो श्वेत कुष्ठवाला होता है ॥ ८८ ॥

कुजदृष्टे महारोगः ॥ ८९ ॥

यदि आत्मकारक ग्रहके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें स्थित हुआ चन्द्रमा शुक्रने देखा होवे तो महारोग अर्थात् कुष्ठ रोगवाला होता है ॥ ८९ ॥

व्यर्थ है सो एक सूत्र नहीं हो सक्ता क्योंकि यदि इस प्रकार एकही सूत्र होता तो यह अर्थ हो सक्ता। शनैश्चर शुक्र अमात्यदास यह ग्रह मिलकरके आत्मकारकके नवांशमें पापराशिके विषे स्थित होवे तौ क्षुद्रदेवताका भक्त होता है और जो कि शनैश्चर शुक्र अमात्यदास इनमेंसे एक २ को पापराशिमें स्थिति करके क्षुद्रदेवताकी भक्ति होती है तिससे योगविभागके लिये पृथक् २ सूत्र रचना उचितही है ॥

केतुदृष्टे नीलकुष्ठम् ॥ ९० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें स्थित हुआ चन्द्रमा केतुकर देखा होवे तौ नीलकुष्ठ रोगवाला होता है ॥ ९० ॥

तत्र मृतौ वा कुजराहुभ्यां क्षयः ॥ ९१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें अथवा पंचम नवांशमें मंगल राहु होवें तौ क्षयरोगवाला होता है ॥ ९१ ॥

चंद्रदृष्टौ निश्चयेन ॥ ९२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें अथवा पंचम नवांशमें स्थित हुए मंगल और राहुपर चन्द्रमाकी दृष्टि होवे तौ बडा प्रबल क्षयरोग होता है ॥ ९२ ॥

कुजेन पिटिकादिः ॥ ९३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें अथवा पंचम नवांशमें मंगल स्थित होवे तौ पिटिकादिक रोग होते हैं ॥ ९३ ॥

केतुना ग्रहणी जलरोगो वा ॥ ९४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें अथवा पंचमनवांशमें केतु स्थित होवे तौ संग्रहणी अथवा जलोदरादिक रोग होते हैं ॥ ९४ ॥

राहुगुलिकाभ्यां क्षुद्रविषाणि ॥ ९५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे चतुर्थ नवांशमें अथवा पंचम नवांशमें राहु और गुलिक होवें तौ मूषिकादि विष होते हैं । भाव यह है कि गुलिकयोगके आरंभके लग्नका नवांशही आत्मकारकके नवांशका चतुर्थ वा पंचम नवांश होवे और तहां राहु स्थित होवे तौ क्षुद्रजीव मूषिकादि विष होते हैं ॥ ९५ ॥

तत्र शनौ धानुष्कः ॥ ९६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें शनैश्चर स्थित होवे तौ धनुषविद्यामें निपुण होता है ॥ ९६ ॥

केतुना घटिकायंत्री ॥ ९७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें केतु स्थित होवे तौ घटिकायंत्रको रखनेवाला होता है ॥ ९७ ॥

बुधेन परमहंसो लगुडी वा ॥ ९८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें बुध स्थित होवे तौ परमहंस अथवा दण्डी होता है ॥ ९८ ॥

राहुणा लोहयंत्री ॥ ९९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें राहु स्थित होवे तौ लोहरचित यंत्र रखनेवाला होता है ॥ ९९ ॥

रविणा खड्गी ॥ १०० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें सूर्य स्थित होवे तौ तलवार रखनेवाला होता है ॥ १०० ॥

कुजेन कुन्ती ॥ १०१ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें और उससे चतुर्थ नवांशमें मंगल स्थित होवे तौ कुन्तशस्त्र रखनेवाला होता है ॥ १०१ ॥

मातापित्रोश्चन्द्रगुरुभ्यां ग्रंथकृत् ॥ १०२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें चन्द्रमा और बृहस्पति ये दोनों स्थित होवें तौ ग्रंथ बनानेवाला होताहै १०२

शुक्रेण किञ्चिदूनम् ॥ १०३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें चंद्र-सहित शुक्र स्थित होवे तौ ग्रंथ बनानेमें कुछ कम शक्तिवाला होता है[1] ॥ १०३ ॥

---

१ शंका—सूत्रमें तौ केवल शुक्रकाही ग्रहण है फिर साथमें चंद्रमाका कैसे ग्रहण किया है ? समाधान—यहां पूर्व सूत्रसे चंद्रमाकी अनुवृत्ति है केवल शुक्रकाही ग्रहण नहीं क्योंकि केवल शुक्रका फल अगाडी कहा जावेगा। यदि कहो कि " शुक्रेण किञ्चिदूनम्, शुक्रेण कविर्वाग्मी काव्यज्ञश्च" इन दोनों सूत्रोंका यह अर्थ करे कि ग्रंथकार होनेमें कुछन्यून और कवि वाग्मी और काव्यवेत्ता होता है सो यहभी नहीं कहा जासक्ता

बुधेन ततोऽपि ॥ १०४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें चन्द्रसहित बुध स्थित होवे तो शुक्रकी अपेक्षा करके ग्रंथ बनानेमें औरभी कुछ कम शक्तिवाला होता है ॥ १०४ ॥

शुक्रेण कविर्वाग्मी काव्यज्ञश्च ॥ १०५ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें केवल शुक्रही स्थित होवे तौ कवि और कहनेमें अति चतुरवाणीवाला तथा काव्योंका जाननेवाला होता है ॥ १०५ ॥

गुरुणा सर्वविद् ग्रन्थिकश्च ॥ १०६ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें केवल बृहस्पति स्थित होवे तौ सर्वज्ञ तथा ग्रन्थकर्त्ता होता है ॥ १०६ ॥

न वाग्मी ॥ १०७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें बृहस्पति होवे तौ वक्ता नहीं होता है ॥ १०७ ॥

विशिष्यवैयाकरणो वेदवेदांगविच्च ॥ १०८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें बृहस्पति होवे तौ विशेष करके व्याकरणशास्त्रका जाननेवाला तथा वेद वेदांगोंका जाननेवाला होता है ॥ १०८ ॥

सभाजडः शनिना ॥ १०९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें शनैश्चर स्थित होवे तौ सभाजड अर्थात् सभामें बोलनेवाला नहीं होता है ॥ १०९ ॥

क्योंकि यदि ऐसा अर्थ होता तौ "शुक्रेण किञ्चिदूनं कविर्वाग्मी काव्यज्ञश्च" ऐसा एकही सूत्र होता सो है नहीं इस कारण इस सूत्रका चंद्र इस पदकी अनुवृत्ति द्वारा अर्थ करना उचित है। यदि कहो कि समासके मध्यमें स्थित हुए पदोंके एक अंशकी अनुवृत्ति उचित नहीं है सो यहभी नहीं कहा जा सक्ता है क्योंकि इस ग्रंथमें इस प्रकारकी अनुवृत्ति करनेकी रीति है ॥

बुधेन मीमांसकः ॥ ११० ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पंचम नवांशमें बुध स्थित होवे तौ मीमांसाशास्त्रका जाननेवाला होता है ॥ ११० ॥

कुजेन नैयायिकः ॥ १११ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पञ्चम नवांशमें मंगल स्थित होवे तौ न्यायशास्त्रका जाननेवाला होता है ॥ १११ ॥

चंद्रेण सांख्ययोगज्ञः साहित्यज्ञो गायकश्च ॥ ११२ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पञ्चम नवांशमें चन्द्रमा स्थित होवे तौ सांख्ययोगका जाननेवाला तथा साहित्यका जाननेवाला और गान करनेमें निपुण होता है ॥ ११२ ॥

रविणा वेदान्तज्ञो गीतज्ञश्च ॥ ११३ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पञ्चम नवांशमें सूर्य स्थित होवे तौ वेदान्तशास्त्रका जाननेवाला तथा गीतोंका जाननेवाला होता है ॥ ११३ ॥

केतुना गणितज्ञः ॥ ११४ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पञ्चम नवांशमें केतु स्थित होवे तौ गणितका जाननेवाला होता है ॥ ११४ ॥

गुरुसंबन्धेन संप्रदायसिद्धिः ॥ ११५ ॥

यदि इन कहे हुए समस्तयोगोंके विषे बृहस्पतिकी दृष्टि और बृहस्पतिका षड्वर्ग सम्बन्ध होवे तौ जिस २ शास्त्रके जाननेका जो २ योग है उस २ शास्त्रकी सम्प्रदायसिद्धि अर्थात् समस्त भेद जाननेकी गति होती है । भाव यह है कि जिस शास्त्रके जाननेका जो योग पाया जावे यदि उस योगपर बृहस्पतिकी दृष्टि अथवा षड्वर्ग संबन्ध होवे तौ उस शास्त्रके समस्त गम्भीर भावका जाननेवाला होता है ॥ ११५ ॥

भाग्ये चैवम् ॥ ११६ ॥

जिस प्रकार कि आत्मकारकके नवांशमें अथवा उससे पञ्चमांशमें पूर्व कहे हुए चन्द्र बृहस्पति आदिकोंके योग करके ग्रन्थकर्तृत्वादि फल विचारा जाता है तिसी प्रकार आत्मकारकके नवांशसे द्वितीय नवांशमें चंद्र बृहस्पति आदिकोंके योगसे ग्रन्थकर्तृत्वादि फल विचारना चाहिये ॥ ११६ ॥

सदा चैवामित्येके ॥ ११७ ॥

आत्मकारकके नवांशसे तृतीय नवांशमेंभी पूर्व कहे हुए चन्द्र, बृहस्पति आदिक ग्रहोंके योग करके पूर्व कहा हुआ ग्रन्थकर्तृत्वादि फल विचारना चाहिये ऐसा कोई आचार्य कहते हैं ॥ ११७ ॥

भाग्ये स्थितौ पापदृष्टे स्तब्धवाक् ॥ ११८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशसे द्वितीय नवांशमें पापग्रहकर देखा हुआ केतु स्थित होवे तो कुछ रुक २ कर बोलनेवाला अथवा शीघ्र उत्तर देनेमें असमर्थ वाणीवाला होता है ॥ ११८ ॥

इसके अनन्तर केमद्रुमयोग कहते हैं ।

स्वपितृपदाद्भाग्यरोगयोः पापे साम्ये केमद्रुमः॥ ११९ ॥

अपने जन्मलग्नसे अथवा जन्मलग्नके आरूढ स्थानसे द्वितीय और अष्टमराशिपर केवल पापग्रह होवें अथवा इन्हीं स्थानोंपर पाप ग्रह और शुभ ग्रह समान संख्यावाले होवें तौ केमद्रुम योग होता है । भाव यह है कि अपने जन्मलग्नसे वा जन्मलग्नके आरूढ स्थानसे जो कि द्वितीय और अष्टमराशि है उन दोनोंपर जो केवल पापग्रह होवें तो केमद्रुमयोग होता है और इन कहे हुए स्थानोंपर एक २ पापग्रहके साथ एक २ शुभग्रह हो अथवा दो २ पापग्रहोंके साथ दो २ शुभग्रह होवें अर्थात् पापग्रह और शुभग्रह बराबर स्थित होवें तोभी केमद्रुमयोग होता है और जो न्यूनाधिक होवें तो केमद्रुमयोग नहीं होता है[1] ॥ ११९ ॥

---

१ शङ्का—सूत्रमें जो कि स्वशब्द है तिससे आत्मकारकके नवांशका बोध हो सक्ता है सो कैसे नहीं कहा ? समाधान—यदि स्वशब्द आत्मकारकके नवांशका बोधक होता

चंद्रदृष्टौ विशेषेण ॥ १२० ॥

यदि केमद्रुमयोग होनेपर जन्मलग्नसे अथवा आरूढ स्थानसे द्वितीय और अष्टम स्थानपर चं माकी दृष्टि होवे तो विशेष करके केमद्रुमनाम दरिद्रयोग होता है ॥ १२० ॥

ये पूर्व कहे हुए फल क्या सब कालमें होते हैं अथवा किसी कालविशेषमें होते हैं इसका निर्णय कहते हैं।

सर्वेषां चैवं पाके ॥ १२१ ॥

समस्त राशियोंकी दशामें ये पूर्व कहे हुए फल होते हैं अथव समस्त राशियोंके दशारम्भ कालमेंभी इस प्रकार केमद्रुमयोगका विचार करना चाहिये। केमद्रुमयोग होनेपर दशामें दारिद्र्य होता है ॥ १२१ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रप्रथमाध्याये श्रीनीलकंठीयतिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां द्वितीयपादः समाप्तः ॥ २ ॥

तौ "पितृपदात्" इस वाक्यसेही आत्मकारकके नवांशका लाभ होनेपर फिर स्वशब्दका ग्रहण करना निरर्थक होता और जब कि स्वशब्द न होता तौ "पितृपदात्" इस पदसे यह अर्थ होता आत्मकारकके नवांशसे और आत्मकारकके नवांशके आरूढ स्थानसे सो यहां यह अर्थ अपेक्षित नहीं है। यहां तौ अपने जन्मलग्नसे और अपने जन्मलग्नके आरूढ स्थानसे ऐसा अर्थ अपेक्षित है क्योंकि ऐसे अर्थमें वृद्धवचनभी प्रमाण है "आरूढाज्जन्मलग्नाद्वा पापौ स्त्रीहानिगौ यदि। केवलौ सग्रहत्वेऽपि समसंख्यौ शुभाशुभौ ॥ चंद्रदृष्टौ विशेषेण योगः केमद्रुमो मतः।" अर्थ—जन्मलग्नसे अथवा जन्मलग्नके आरूढस्थानसे द्वितीय अष्टम स्थानपर केवल पापग्रह होवे अथवा पापग्रह और शुभग्रह उक्त स्थानोंपर बराबर संख्यावाले होवें तौ केमद्रुमयोग होता है और चंद्रमाकर देखे गये होवें तौ विशेषकरके केमद्रुमयोग होता है और इस सूत्रकी व्याख्या स्वाम्यादिकोंने इस प्रकार की है। आत्मकारकसे और अपने लग्नसे और आरूढ स्थानसे द्वितीय अष्टम स्थानोंपर पापग्रह होवें अथवा पापग्रह और शुभ ग्रह बराबर संख्यावाले होकर स्थित होवें तो केमद्रुमयोग होता है। यह व्याख्या वृद्धसंमत नहीं है ॥

अथ तृतीयपादः।

इसके अनन्तर आरूढकुण्डलीस्थ ग्रहोंके आश्रय करके फलोंके कहनेको पदका अधिकार करते हैं।

अथ पदम् ॥ १ ॥

इसके अनन्तर आरूढका दूसरा नाम जो कि पद है उसका अधिकार इस प्रकरणमें कहते हैं। भाव यह है कि "यावदाश्रयं पदमृक्षाणाम्" इस सूत्रमें जो कि आरूढके दूसरे नाम पदका विवेचन किया है उस पदका अधिकार इस प्रकरणमें करते हैं॥ १॥

इसके अनन्तर लग्नारूढसे एकादशस्थानका फल कहते हैं।

व्यये सग्रहे ग्रहदृष्टे श्रीमन्तः ॥ २ ॥

लग्नारूढ स्थानसे एकादश स्थान किसी ग्रहसे युक्त होकर किसी ग्रहकर देखा गया होवे तो लक्ष्मीवाले पुरुष होते हैं॥ २॥

शुभैर्न्याय्यो लाभः ॥ ३ ॥

यदि लग्नारूढ स्थानसे एकादश स्थान शुभ ग्रहोंसे युक्त होकर शुभ ग्रहोंने देखा होवे तौ न्यायमार्गसे धनका लाभ होता है॥ ३॥

पापैरमार्गेण ॥ ४ ॥

यदि लग्नारूढ स्थानसे एकादश स्थान पाप ग्रहोंसे युक्त होकर पाप ग्रहोंने देखा होवे तौ शास्त्रविरुद्ध मार्गसे धनका लाभ होता है॥ ४॥

उच्चादिभिर्विशेषात् ॥ ५ ॥

उच्च और अपने ग्रहादिकोंपर स्थित हुए ग्रहोंके योग करके विशेष धनकी प्राप्ति होवे है। भाव यह है कि लग्नारूढ स्थानसे एकादश स्थान उच्च स्वगृहादिस्थ शुभ ग्रहोंसे युक्त होकर उच्च स्वगृहादिस्थ शुभ ग्रहोंकर देखा होवे तौ न्यायमार्गसे विशेष धनकी

प्राप्ति होवे है और लग्नारूढ स्थानसे एकादश स्थान उच्चस्वगृहादिस्थ पाप ग्रहोंसे युक्त होकर उच्च स्वगृहादिस्थ पाप ग्रहोंकर देखा होवे तौ शास्त्रविरुद्ध मार्गसे विशेष धनकी प्राप्ति होवे है' ॥ ५ ॥

इसके अनन्तर लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानका फल कहते हैं।

नीचे ग्रहदृग्योगाद्व्ययाधिक्यम् ॥ ६ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर ग्रहोंकी दृष्टि और योग होवे तौ खर्चकी अधिकता रहती है। भाव यह है कि लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थान शुभग्रहयुक्त होकर शुभ ग्रहनेही देखा होवे तौ सन्मार्गमें खर्च बहुत होता है और पाप ग्रहोंसे युक्त होकर पाप ग्रहोंनेही देखा होवे तौ असन्मार्गमें खर्च बहुत होता है ॥ ६ ॥

रविराहुशुक्रैर्नृपात् ॥ ७ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर सूर्य राहु शुक्र ये इकट्ठे होकर अथवा एक २ ही स्थित होवे तौ राजद्वारमें खर्च होता है ॥ ७ ॥

चंद्रदृष्टौ निश्चयेन ॥ ८ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर स्थित हुए सूर्य राहु शुक्रपर

---

१ यहांपर वृद्धवचनभी है "आरूढाल्लाभभवनं ग्रहः पश्येत्तु न व्ययम्। यस्य जन्मनि सोऽपि स्यात्प्रबलो धनवानपि ॥ द्रष्टृग्रहाणां बाहुल्ये तदा दृष्टरि तुंगगे। सार्गले चापि तत्रापि बह्वर्गलसमागमे ॥ शुभग्रहार्गले तत्र तत्राप्युच्चग्रहार्गले। सुखानि स्वामिना दृष्टे लग्नभाग्याधिपेन वा ॥ जातस्य पुंसः प्राबल्यं निर्दिशेदुत्तरोत्तरम्।" अर्थ—लग्नारूढ स्थानसे ग्यारहवें स्थानको ग्रह देखता होवे और बारहवें स्थानको न देखता होवे तौ अत्यन्त धनवान् होता है। यदि आरूढ स्थानसे एकादश स्थानके देखनेवाले बहुत ग्रह होवें तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि देखनेवाला ग्रह उच्च होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि देखनेवाला ग्रह अर्गलासहित होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि देखनेवाले ग्रहपर बहुत अर्गलाओंका समागम होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि शुभ ग्रहकी अर्गला होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि उच्च ग्रहकी अर्गला होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है और यदि स्वामी अथवा लग्न भाग्यनाथने देखा होवे तौ औरभी अधिक धनवान् होता है. परन्तु इन योगोंमें कोई ग्रह बारहवें स्थानको न देखता हो ॥

चन्द्रमाकी दृष्टि होवे तौ निश्चय करके अवश्यही राजद्वारमें खर्च होता है और चन्द्रदृष्टि न होवे तौ राजद्वारके खर्चमें सन्देह रहता है ॥ ८ ॥

बुधेन ज्ञातिभ्यो विवादाद्वा ॥ ९ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर बुध स्थित होवे तौ जातिके निमित्त अथवा झगडेसे धनका खर्च होता है ॥ ९ ॥

गुरुणा करमूलात् ॥ १० ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर बृहस्पति स्थित होवे तौ किसी करके बहानेसे धनका खर्च होता है ॥ १० ॥

कुजशनिभ्यां भ्रातृसुखात् ॥ ११ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर मङ्गल और शनैश्चर दोनों स्थित होवें तौ भ्रातादिकोंके द्वारा धनका खर्च होता है ॥ ११ ॥

इसके अनन्तर एकादश स्थानमें व्ययवत्ही लाभका विचार करते हैं।

एतैर्व्यय एवं लाभः ॥ १२ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वादश स्थानपर स्थित हुए जिन ग्रहोंसे कि जिस प्रकार कि जिस मार्गद्वारा खर्च कहा है तिसी प्रकार एकादश स्थानपर स्थित हुए उन्हीं ग्रहोंसे उसी प्रकार करके उसी मार्ग-द्वारा लाभभी होता है ॥ १२ ॥

इसके अनन्तर लग्नारूढसे सप्तम स्थानका फल कहते हैं।

लाभे राहुकेतुभ्यामुदररोगः ॥ १३ ॥

लग्नारूढ स्थानसे सप्तम स्थानपर राहु अथवा केतु स्थित होवे तौ उदरका रोग होता है ॥ १३ ॥

इसके अनन्तर आरूढ स्थानसे द्वितीयस्थ केतुका फल कहते हैं।

तत्र केतुना झटिति ज्यानि लिंगानि ॥ १४ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वितीय स्थानमें केतुके योग करके शीघ्रही थोडी अवस्थामें बुढापेके चिह्न होते हैं' ॥ १४ ॥

चन्द्रगुरुशुक्रेषु श्रीमन्तः ॥ १५ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वितीय स्थानमें चन्द्र बृहस्पति शुक्र ये समस्त अथवा एकही एक स्थित होवें तौ लक्ष्मीवाले होते हैं ॥ १५ ॥

उच्चेन वा ॥ १६ ॥

लग्नारूढ स्थानसे द्वितीय स्थानमें कोई उच्चका शुभ ग्रह अथवा उच्चका पाप ग्रह स्थित होवे तौ लक्ष्मीवाले होते हैं ॥ १६ ॥

स्वांशवदन्यत्प्रायेण ॥ १७ ॥

जिस प्रकार कि आत्मकारकके नवांशसे फल कहा है तिसी प्रकार बहुधा करके लग्नारूढ स्थानसे फल जानना चाहिये। भाव यह है कि जिस २ प्रकार कि आत्मकारकके नवांशसे जिस जिस स्थानमें कि जो २ फल विचारा जाता है तिसी २ प्रकार लग्नारूढ स्थानसे उसी २ स्थानमें उसी २ फलका विचार कर्त्तव्य है[2] ॥ १७ ॥

[लाभपदे केंद्रे त्रिकोणे वा श्रीमन्तः ॥ १८ ॥

---

१ "तत्र केतुना झटिति" इस सूत्रमें जो कि तत्र पद है तिसका अर्थ "लाभे" इस पदकी अनुवृत्तिसे "सप्तमे" ऐसा स्वाम्यादिकोंने किया है सो अनुचित है क्योंकि यदि ऐसा अर्थ होता तौ "केतुना झटिति ज्ञानि लिंगानि" ऐसा सूत्र उचित होता फिर "तत्र" इस पदकी क्या आवश्यकता थी। दूसरे-"चंद्रगुरुशुक्रेषु श्रीमन्तः" इस सूत्रके अगार वक्तव्य होनेसे सप्तममें धनका विचार नहीं किया जाता है। धनका विचार तो द्वितीय स्थानमेंही किया जाता है इस कारण इस सूत्रमें "तत्र" इस पदका प्रयोग है। द्वितीय स्थानमें धनका विचार वृद्धोंनेभी कहा है। "आरूढात्पञ्चमे पापे चोरः स्याच्छुभवर्जिते। आरूढाद्वापि सौम्ये तु सर्वदिक्ष्वधिपो भवेत् ॥ सर्वज्ञस्तत्र जीवे स्यात्कविर्वादी च भार्गवे।" अर्थ-आरूढ स्थानसे द्वितीय स्थानपर पाप ग्रह होवे और शुभग्रह वर्जित होवे तौ चोर होता है और बुध होवे तौ सर्व दिशामें राजा होता है। यदि बृहस्पति होवे तौ सर्वज्ञ होता है। शुक्र होवे तौ कवि और वादी होता है॥

२ सूत्रमें जो कि "प्रायेण" ऐसा पद कहा है तिसकरके सब जगह कारकांशवत् फल नहीं विचारना चाहिये क्योंकि औपदेशिक शास्त्रके विरुद्ध अतिदेशिकशास्त्रकी प्रवृत्ति नहीं होती है॥

लग्नारूढ स्थानसे केन्द्र नाम प्रथम चतुर्थ सप्तम दशम स्थानमें अथवा त्रिकोण नाम पञ्चम नवम स्थानमें सप्तम भावका आरूढ राशि होवे तौ लक्ष्मीवाले होते हैं ॥ १८ ॥

अन्यथा दुःस्थे ॥ १९ ॥

लग्नारूढ स्थानसे दुःस्थ नाम षष्ठ अष्टम द्वादश स्थानपर सप्तमभावका आरूढ राशि स्थित होवे तौ लक्ष्मीवाले नहीं होते हैं किंतु दरिद्री होते हैं ॥ १९ ॥

केंद्रे त्रिकोणोपचयेषु द्वयोर्मैत्री ॥ २० ॥

लग्नारूढ स्थानसे केंद्रमें अथवा त्रिकोणमें अथवा उपचय नाम तृतीय दशम एकादश स्थानमें सप्तमभावका आरूढ राशि स्थित होवे तौ दोनों भार्या और भर्त्तामें परस्पर मित्रता रहती है । इसी प्रकार लग्नारूढसे केंद्र त्रिकोण उपचय स्थानमें पुत्रादिभावका आरूढ राशि स्थित होवे तौ पुत्रादिकोंकी मित्रता विचारने योग्य है ॥ २० ॥

रिपुरोगचिन्तासु वैरम् ॥ २१ ॥

लग्नारूढ स्थानसे रिपु नाम षष्ठ और रोग नाम अष्टम और चिंता नाम द्वादश इन स्थानोंपर जिस २ पुत्रादिभावका आरूढ राशि स्थित होवे तो उसी २ पुत्रादिसे वैर होता है। जैसे लग्नारूढ स्थानसे पुत्रभावका आरूढ राशि षष्ठ अष्टम द्वादश इन स्थानोंपर स्थित होवे तो पुत्र और पिताका परस्पर वैर होता है । तिसी प्रकार स्त्री माता पिता बान्धव आदिकोंका वैर विचारना चाहिये ॥ २१ ॥

---

१ यहां उपचयसंज्ञक स्थानोंके मध्यमें षष्ठस्थानका ग्रहण नहीं है क्योंकि षष्ठस्थानका फल " रिपुरोगचिन्तासु वैरम् " इस सूत्रमें कहा जावेगा ॥

२ " लाभपदे केंद्रे " इससे लेकर " रिपुरोगचिन्तासु वैरम् " इसपर्यन्त जो कि विषय कहा है उसके पुष्ट करनेमें वृद्धवचनभी है। "लग्नारूढं दारपदं मिथः केंद्रगतं यदि। त्रिलाभे वा त्रिकोणे वा तथा राजान्यथाऽधमः ॥ आरूढौ पुत्रपित्रोस्तु त्रिलाभकेन्द्रगौ यदि। द्वयोर्मैत्री त्रिकोणे तु साम्यं द्वेषोऽन्यथा भवेत् ॥ एवं दारादिभावानामपि पत्यादिमित्रता। जातकद्वयमालोक्य चिन्तनीयं विचक्षणैः ॥ " इन तीनों श्लोकोंका अर्थ सुगम है ॥

पत्नीलाभयोर्दृष्ट्या निराभासार्गलया ॥ २२ ॥

लग्नारूढ और सप्तमारूढ इन दोनोंकी अप्रतिबन्ध अर्गला होवे तो उसकरके भाग्यवान् होते हैं। भाव यह है कि लग्नारूढ राशि और सप्तम भावका आरूढ राशि इन दोनोंका अर्गलायोग होवे और उस अर्गलायोगका बाधकयोग न होवे तो भाग्यवान् होता है[1] ॥ २२ ॥

शुभार्गले धनसमृद्धिः ॥ २३ ॥

लग्नारूढ और सप्तमारूढ इन दोनोंकी अर्गला यदि शुभ ग्रहोंकरके होवे तो धनकी बहुत वृद्धि होवे है। इस कथनसे यह जनाया गया कि लग्नारूढ और सप्तमारूढ इन दोनोंकी अर्गला पाप ग्रहोंकरके होवे तो धन मात्र होता है और शुभ ग्रहोंकरके होवे तो धनकी विशेषता होवे है। पूर्वसूत्रमें शुभ पाप साधारणी बाधकयोगवर्जित अर्गला करके धनादि होनेके लक्षणवाला भाग्ययोग कहा है और इस सूत्रमें शुभग्रहमात्र अर्गलाकरके धनकी वृद्धि और पापग्रहमात्र अर्गलासे धनकी यथावत् स्थिति और शुभ पापग्रह दोनोंकी अर्गलाकरके किसी समय धनकी वृद्धि और किसी समय धनकी यथावत् स्थिति होती है ऐसा कहा है[2] ॥ २३ ॥

---

१ भाग्ययोगकी प्रबलतामें प्राचीनोंने कहाभी है। "यस्य पापः शुभो वापि ग्रहस्तिष्ठेच्छुभार्गले। तेन दृष्टेक्षितं लग्नं प्राबल्यायोपकल्पते ॥ यदि पश्येद् ग्रहस्तत्र विपरीतार्गले स्थितः।" अर्थ—जिसके प्रतिबन्धवर्जित अर्गलामें शुभ ग्रह अथवा पाप ग्रह स्थित होवे और उसी ग्रहने आरूढ लग्न देखा होवे तो भाग्ययोगकी प्रबलताके लिये कल्पित होता है और प्रतिबन्धयुक्त अर्गलामें ग्रह स्थित होवे तो भाग्यकी प्रबलताके लिये नहीं कल्पित होता है॥

२ शङ्का—"शुभार्गले" इस सूत्रका अर्थ यह कैसे नहीं किया जा सक्ता है कि बाधकयोगवर्जित अर्गला होनेपर धनकी वृद्धि होती है? समाधान—यदि ऐसा अर्थ किया जावेगा तो दोनों सूत्रोंमें एकही अर्गला हुई और जब कि एकही अर्गला हुई तो पूर्वसूत्रसे यह सूत्र व्यर्थ हो सक्ता है इस कारण शुभ शब्दसे शुभ ग्रहकाही ग्रहण है। यदि कहो कि भाग्ययोग और धनयोगमें भेद है सो यहभी नहीं कहा जा सक्ता है क्योंकि धनके विना भाग्यसिद्धि नहीं हो सक्ती है॥

जन्मकालघटिकास्वेकदृष्टासु राजानः ॥ २४ ॥

जन्मलग्न और होरालग्न और घटिकालग्न ये तीनों किसी एक ग्रहकर देखे होवें तो राजा होते हैं। भाव यह है कि इन तीनोंको एक ग्रह देखता हो तो राजा होते हैं न कि एक दो लग्नके देखनेसे यहां एक ग्रहकी दृष्टिविषयकी अपेक्षा है न कि एक ग्रह-मात्रकी[1] ॥ २४ ॥

पत्नीलाभयोश्च राश्यंशकद्रेक्काणैर्वा ॥ २५ ॥

जन्मराशिकुण्डली और नवांशकुण्डली और द्रेष्काणकुण्डली इन तीनोंके विषे प्रथम और सप्तम स्थान इन दोनोंको एक ग्रह देखता होवे तो राजा होते हैं। भाव यह है कि राशिकुण्डलीके प्रथम सप्तम स्थान और नवांशकुण्डलीके प्रथम सप्तम स्थान और द्रेष्काण कुण्डलीके प्रथम सप्तम स्थान ये छःओं स्थान एक ग्रहकर देखे जावें तो परिपूर्ण राजयोग होता है। यहां राशिशब्दसे चन्द्रराशि अपेक्षित है न कि लग्नराशि ॥ २५ ॥

तेष्वेकस्मिन्न्यूने न्यूनम् ॥ २६ ॥

जन्मलग्न और होरालग्न और घटिकालग्न इनके विषे और राशि-कुण्डली और नवांशकुण्डली और द्रेष्काणकुंडली इनके विषे एक स्थान एक ग्रहकी दृष्टिसे न्यून होवे तो न्यूनराजयोग होता है। भाव यह है कि जन्मलग्न होरालग्न घटिकालग्न इनमें दो लग्नको एक ग्रह देखता होवे तो न्यूनराजयोग जानना और राशिकुण्डली द्रेष्का-णकुण्डली और नवांशकुण्डली इनमें दो कुण्डलीके सप्तम स्थानको एक ग्रह देखता होवे तोभी न्यूनराजयोग होता है[2] ॥ २६ ॥

---

१ घटिकालग्नके बनानेकी रीति वृद्धोंने कही है। "लग्नादेकघटीमात्रं याति लग्नं दिने दिने। परन्तु घटिकालग्नं निर्दिशेत्कालवित्तमः ॥" अर्थ—जन्मलग्नसे एक घटीमात्रमें घटिका लग्न व्यतीत होता है। इष्ट घटीको जन्मलग्नकी संख्यामें जोडकर १२ का भाग लिये जो बचे वही घटिकालग्न होता है ॥

२ इस कथनकी पुष्टतामें वृद्धवचन है। "विलग्नघटिकालग्नहोरालग्नानि पश्यति। त्रिगृहे राजयोगो लग्नद्वयमथापि वा ॥ राशेर्द्रेक्काणतोंऽशाच्च राशेरंशादथापि वा।

एवमंशतो द्रेक्काणतश्च ॥ २७ ॥

जिस प्रकार कि जन्मकुण्डलीके साथ होरालग्न और घटिकालग्न इन दोनोंका ग्रहण है तिसी प्रकार नवांशकुण्डलीके साथ और द्रेष्काणकुण्डलीके साथ पृथक् २ होराकुण्डली और घटिकाकुण्डली इन दोनोंका ग्रहण है। भाव यह है कि जैसे कि जन्मलग्न होरालग्न घटिका लग्न ये तीनों एक ग्रहकरके देखे होवें तौ राजयोग होता है। तिसी प्रकार नवांशलग्न होरालग्न घटिकालग्न ये तीनों एक ग्रहकरके देखे होवें तौ राजयोग होता है और द्रेष्काणलग्न होरालग्न घटिकालग्न ये तीनों एक ग्रह करके देखे होवें तौभी राजयोग होता है[1] ॥ २७ ॥

इसके अनन्तर यानयोगका कहते हैं।

शुक्रचंद्रयोर्मिथोदृष्टयोः सिंहस्थयोर्वा यानवन्तः ॥२८॥

यहां कहीं स्थित हुए शुक्र चन्द्रमा ये दोनों परस्पर देखे गये होवें तौ पुरुष सवारीवाला होता है अथवा शुक्र चन्द्रमा दोनोंमें

यद्वा राशिद्रेक्काणाभ्यां लग्नद्रष्टा तु योगदः ॥ प्रायेणायं जातकेषु प्रभूणामेव दृश्यते।" अर्थ—जन्मलग्न घटिकालग्न होरालग्न इन तीनोंको उच्चगृहमें स्थित हुआ ग्रह देखता हो अथवा इन तीनोंमेंसे दोहींका उच्चस्थ ग्रह देखता होवे तौ राजयोग होता है। राशिलग्न द्रेष्काणलग्न नवांशलग्न इन तीनोंको उच्चग्रह देखता होवे अथवा इन तीनोंमें राशिलग्न और नवांशलग्न इन दोनोंको अथवा राशिलग्न और द्रेष्काणलग्न इन दोनोंको उच्चस्थ ग्रह देखता होवे तौभी राजयोग होता है। राजयोगमें अन्य वाक्यभी हैं। "जन्मकालघटीलग्नेष्वेकेनैवेक्षितेषु तु। उच्चारूढे तु संप्राप्ते चंद्राक्रान्ते विशेषतः ॥ क्रान्ते वा गुरुशुक्राभ्यां केनाप्युच्चग्रहेण वा। दुष्टार्गलग्रहाभावे राजयोगो न संशयः ॥" अर्थ—जन्मलग्न और होरालग्न और घटिकालग्न ये तीनों एकही ग्रहने देखे हों और वह देखनेवाला ग्रह उच्चका हो अथवा चंद्रमाके साथ होवे अथवा बृहस्पति शुक्र वा किसी उच्च ग्रहके साथ होवे, दुष्टार्गलग्रहका अभाव होवे तो राजयोग होता है इसमें संशय नहीं ॥

१ अन्यराजयोग यहां ग्रन्थान्तरसे लिखते हैं। "निशार्द्धाच्च दिनार्द्धाच्च परं सार्द्धद्विनाडिका। शुभात्तदुद्भवो राजा धनी वा तत्समोऽपि वा ॥" अर्थ—अर्द्धरात्रसे ऊपर और दोपहरसे ऊपर अढाई घटिका शुभ कही हैं उनमें उत्पन्न हुआ राजा वा धनी वा राजसमान होता है ॥

एकसे दूसरा तृतीय स्थानपर स्थित होवे तौभी पुरुष सवारीवाला होता है। भाव यह है कि कुण्डलीमें जिस किसी स्थानमें स्थित हुआ शुक्र चन्द्रमाको देखता हो और चन्द्रमा शुक्रको देखता हो तौ यानयोग होता है और शुक्रसे चन्द्रमा तृतीय स्थानपर स्थित होवे तौभी यानयोग होता है[1] ॥ २८ ॥

शुक्रकुजकेतुषु वैतानिकाः ॥ २९ ॥

यदि शुक्र मंगल केतु ये तीनों परस्पर एक दूसरेको देखते होवें अथवा परस्पर तृतीय स्थानपर स्थित होवें तौ वितानादि राजचिह्नवाले होते हैं । भाव यह है कि कुण्डलीमें शुक्र-मंगल और केतुको और मङ्गल-शुक्र और केतुको और केतु-मंगल और शुक्रको देखता हो तौ वितानादि राजचिह्नवाले पुरुष होते हैं अथवा शुक्रसे मङ्गल केतु तृतीय स्थानपर स्थित हों अथवा मंगलसे शुक्र केतु तृतीय स्थानपर स्थित होवें अथवा केतुसे शुक्र मंगल तृतीय स्थानपर स्थित होवें तौभी वितानादि राजचिह्नवाले पुरुष होते हैं ॥ २९ ॥

स्वभाग्यदारमातृभावसमेषु शुभे राजानः ॥ ३० ॥

आत्मकारकग्रहसे जो कि द्वितीय चतुर्थ पञ्चमभावके राश्यादि हैं उनके समानही शुभ ग्रहोंके राश्यादि होवें तौ राजा होते हैं । भाव यह है कि आत्मकारकग्रहका जो कि राश्यादि है उससे द्वितीयभावका जो कि राश्यादि है और चतुर्थभावका जो कि राश्यादि है और पञ्चमभावका जो कि राश्यादि है इन तीनोंके समान शुभ ग्रहोंके राश्यादि होवें तौ राजा होते हैं इसी प्रकार पुत्रादिकारकवशसे पुत्रादिकोंका फल विचारना चाहिये । यदि पुत्रादिकारकोंके विषेभी राजयोगबल होवे तौ पुत्रादिकोंकाभी राजयोग कहना चाहिये ॥ ३० ॥

---

1 इसमें वृद्धवचनभी प्रमाण है । " चंद्रः कावें कविश्चन्द्रं पश्यत्यपि तृतीयगे । शुक्राच्चन्द्रे ततः शुक्रे तृतीये वाहनार्थवान् ॥ " इसका अर्थ सुगम है ॥

कर्मदासयोः पापयोश्च ॥ ३१ ॥

यदि आत्मकारकग्रहसे जो कि तृतीयभावका राश्यादि है और जो कि छठे भावका राश्यादि है इन दोनोंके समान दो पाप ग्रहोंके राश्यादि होवें तौभी राजा होते हैं ॥ ३१ ॥

पितृलाभाधिपाच्चैवम् ॥ ३२ ॥

लग्नेशसे और सप्तमेशसे द्वितीय चतुर्थ पञ्चमभाव इन तीनोंके राश्यादिके समान शुभ ग्रहोंके राश्यादि होवें और लग्नेशसे और सप्तमेशसे तृतीय षष्ठ इन दोनों भावोंके राश्यादिके समान दो पाप ग्रहोंके राश्यादि होवें तौ राजा होते हैं[1] ॥ ३२ ॥

मिश्रे समाः ॥ ३३ ॥

लग्नेशसे और सप्तमेशसे द्वितीय चतुर्थ पञ्चम इन भावोंके विषे शुभ ग्रह तथा पाप ग्रह दोनों होवें और तृतीय भाव और षष्ठ भावमेंभी पाप ग्रह दोनों होवें तौ राजाके समान होते हैं ॥ ३३ ॥

दरिद्रा विपरीते ॥ ३४ ॥

यदि पूर्वोक्त स्थानोंके मध्यमें शुभ स्थानोंके विषे पाप ग्रह और पाप स्थानोंके विषे शुभ ग्रह होवें तौ दरिद्री होते हैं ॥ ३४ ॥

भ्रातरि गुरौ शुक्रे चंद्रे वा राजक्रीयाः ॥ ३५ ॥

यदि लग्नेशसे और सप्तमेशसे पञ्चम स्थानके विषे बृहस्पति अथवा शुक्र वा चन्द्रमा स्थित होवे तौ राजकार्यके अधिकारवाला होता है ॥ ३५ ॥

कर्मणि दासे वा पापे सेनान्यः ॥ ३६ ॥

लग्नेशसे और सप्तमेशसे तृतीय अथवा षष्ठ भावमें पाप ग्रह होवे तो सेनाधिपति होते हैं ॥ ३६ ॥

---

१ शङ्का—इस पादमें तौ आरूढस्थानका अधिकार है इससे पितृशब्दसे आरूढस्थान कैसे नहीं ग्रहण किया ? समाधान— "जन्मकाल" इस सूत्रसे सूत्रकारने कहीं कारक और कहीं जन्मलग्नका ग्रहण किया है। दूसरे इस ग्रंथमें बहुधाकरके पितृशब्दसे जन्मलग्नकाही ग्रहण है ॥

स्वपितृभ्यां कर्मज्ञात्मस्थदृष्ट्या तदीशदृष्ट्या
मातृनाथदृष्ट्या च धीमन्तः ॥ ३७ ॥

आत्मकारकी और लग्नसे तृतीय और षष्ठ स्थानमें स्थित हुए ग्रहकी आत्मकारक और लग्नपर दृष्टि होवे अथवा आत्मकारकसे और लग्नसे तृतीय स्थानका स्वामी और षष्ठ स्थानका स्वामी आत्मकारक लग्नको देखता हो अथवा पञ्चम स्थानका स्वामी आत्मकारक और लग्नको देखता होवे तो बुद्धिमान् होते हैं ॥ ३७॥

दारेशदृष्ट्या च सुखिनः ॥ ३८ ॥

आत्मकारकसे और लग्नसे चतुर्थ स्थानके स्वामीकी दृष्टि आत्मकारक और लग्नपर होवे तो सुखी होते हैं ॥ ३८ ॥

रोगेशदृष्ट्या दरिद्राः ॥ ३९ ॥

आत्मकारक अथवा लग्नसे अष्टम स्थानके स्वामीकी आत्मकारक और लग्नपर दृष्टि होवे तो दरिद्री होते हैं ॥ ३९ ॥

रिपुनाथदृष्ट्या व्ययशीलाः ॥ ४० ॥

आत्मकारक और लग्नसे द्वादशस्थानके स्वामीकी दृष्टि आत्मकारक और लग्नपर होवे तो खर्चीले स्वभाववाला होता है ॥ ४० ॥

स्वामिदृष्ट्या प्रबलाः ॥ ४१ ॥

लग्नपर लग्नेशकी दृष्टि होवे और आत्मकारकपर आत्मकारकाश्रित राशिके स्वामीकी दृष्टि होवे तो बलवान् होते हैं ॥ ४१ ॥

इसके अनन्तर आपद्योग कहते हैं।

पञ्चाद्रिपुभाग्ययोर्ग्रहसाम्यं बन्धः कोणयो रिपुजा-
ययोः कीटयुग्मयोर्दारारिःफयोश्च ॥ ४२ ॥

लग्नसे द्वितीय और द्वादश स्थानमें और पञ्चम और नवम स्थानमें और द्वादश और षष्ठ स्थानमें और चतुर्थ और दशम स्थानमें ग्रहोंकी तुल्यता होवे अर्थात् एक होवे तो एक और दो होवे तो दो और तीन होवे तो तीन इस रीति ग्रह बराबर स्थित

होवें तौ कारागृहमें बन्धन होता है। भाव यह है कि जो द्वितीय स्थानपर एक ग्रह होवे और द्वादश स्थानमेंभी एक ग्रह होवे और जो दो वा तीन ग्रह द्वितीय स्थानमें होवें और द्वादशस्थानमेंभी दो वा तीन ग्रह स्थित होवें इसी प्रकार पञ्चम और नवम इन दोनोंमें ग्रह बराबर स्थित हों और द्वादश और षष्ठ इन दोनोंमें ग्रह बराबर स्थित हों और चतुर्थ और दशम इन दोनोंमें ग्रह बरावर स्थित होवें तौ कारागृहमें बन्धन होता है। यदि इन स्थानोंपर शुभ ग्रह स्थित हों अथवा शुभ ग्रह देखते हों अथवा इन स्थानोंके स्वामियोंके साथ शुभ ग्रह होवें अथवा स्वामियोंको शुभ ग्रह देखते होवें तौ विना वेडी बन्धनके कारागृहमें नाममात्रका बन्धन होता है और यदि इन स्थानोंपर पाप ग्रह स्थित होवें अथवा पाप ग्रह देखते हों अथवा इन स्थानोंके स्वामियोंके साथ पापग्रहोंका संबन्ध होवे तौ वेडी आदिकोंसे बन्धन होकर कारागृहमें निवास होता है ॥ ४२ ॥

इसके अनन्तर नेत्रभंगयोग कहते हैं।

शुक्राद्द्यूणपदस्थो राहुः सूर्यदृष्टो नेत्रहा ॥ ४३ ॥

लग्नसे पञ्चम राशिके आरूढ स्थानमें स्थित हुआ राहु सूर्यने देखा होवे तौ नेत्रोंके नाशकर्ता होता है ॥ ४३ ॥

स्वदारगयोः शुक्रचन्द्रयोरातोद्यं राजचिह्नानि च ॥४४॥

आत्मकारकके स्थानसे चतुर्थ स्थानपर शुक्र चन्द्र दोनों विद्यमान होवें तौ आतोद्य नाम बाजे और राजचिह्न पताकादिकके धारण करनेवाले होते हैं ॥ ४४ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रप्रथमाध्याये नीलकंठीयतिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां तृतीयः पादः समाप्तः ॥३॥

अथ चतुर्थपादः।

इसके अनन्तर उपपदादिके आश्रयसे फल कहते हैं। प्रथम उपपदको दिखाते हैं।

उपपदं पदं पित्रनुचरात् ॥ १ ॥

लग्नसे जो कि द्वादश राशि है उसका जो कि आरूढस्थान है वह उपपदसंज्ञक है[1] ॥ १ ॥

तत्र पापस्य पापयोगे प्रव्रज्या दारनाशो वा ॥ २ ॥

उपपदसे जो कि तत्र नाम द्वितीयस्थान है उसमें पापग्रहकी राशि विद्यमान होवे और पापग्रह उसमें स्थित होवे तो संन्यास होता है अथवा स्त्रीका नाश होता है[2] ॥ २ ॥

उपपदस्याप्यारूढत्वादेव नात्र रविः पापः ॥ ३ ॥

---

१ शङ्का—पित्रनुचरपदसे द्वादशस्थानका ज्ञान कैसे हुआ ? समाधान—पितृलग्न है अनुचर द्वितीय जिसका इस व्युत्पत्तिसे द्वादश स्थानका ज्ञान होता है और "पित्रनुचरात्" इस पाठकोही स्वीकार करके इस पदके अक्षरोंकी संख्या पिंडसे सप्तसंख्याके लाभकर "सप्तमात्पदमुपपदम्" ऐसी व्याख्या जो कि कोई आचार्योंने करी है सो अयुक्त है। यदि यह व्याख्या युक्त मानी जावे तो थोडा होनेसे "उपपदं पदं लाभात्" ऐसा सूत्र रचित होता ॥

२ शङ्का—जिस प्रकार कारकाधिकार और पदाधिकार इन दोनोंमें "तत्र" इस पदसे "कारके पदे" ऐसा अर्थ होता है तिसी प्रकार इस प्रकरणमें "तत्र" इस पदसे "उपपदे" ऐसा अर्थ कैसे नहीं किया ? समाधान—यह कथन सत्य है परन्तु यहां "तत्र" यह पद अधिकारमें स्थित नहीं इस कारण "तत्र" इस पदसे द्विसंख्याके लाभसे "उदपदं द्वितीये" ऐसा अर्थ कहा है। दूसरे ऐसा अर्थ अनुभवसिद्ध है क्योंकि इसमें वृद्धवचन है। "आरूढात्षष्ठमे पापे चोरः स्याच्छुभवर्जितः। आरूढाद्यपि सौम्ये तु सर्वदिश्यधिपो भवेत् ॥ सर्वज्ञस्तत्र जीवे स्यात्कविर्विवादे च भार्गवे ॥" अर्थ—आरूढ नाम उपपदसे द्वितीय स्थानमें शुभवर्जित पाप ग्रह होवे तो चोर होता है बुध होवे तो सब दिशामें अधिप और बृहस्पति होवे तो सर्वज्ञ और शुक्र होवे तो कवि होता है। शङ्का—आरूढशब्दसे उपपदका अर्थ कैसे ग्रहण करते हो ? आरूढकाही ग्रहण करना चाहिये। समाधान—आरूढपदसे आरूढाधिकारमेंही आरूढका ग्रहण है और यहां आरूढपदसे आरूढका ग्रहण नहीं उपपदकाही ग्रहण है ॥

इस विषयमें सूर्य पापग्रहसंज्ञक नहीं होता है किंतु शुभग्रहसंज्ञक होताहै । इस कथनसे यह जनाया गया कि उपपदसे द्वितीय स्थानमें सिंहराशिपर अथवा मेषादि पापग्रहोंके राशिपर विराजमान होकर सूर्य स्थित होवे तो संन्यास अथवा स्त्रीनाश नहीं होता है ॥ ३ ॥

शुभदृग्योगाच्च ॥ ४ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानपर शुभग्रहकी दृष्टि अथवा योग होवे तो पूर्वोक्त योगके होनेपरभी यह फल नहीं है । भाव यह है कि उपपदसे द्वितीय स्थानमें पाप ग्रहके राशिपर स्थित होकर पापग्रहयुक्त होवे और उपपदसे द्वितीय स्थानपर शुभ ग्रहकीभी दृष्टि अथवा योग होवे तो संन्यास अथवा स्त्रीनाश नहीं होता है ॥ ४ ॥

नीचे दारनाशः ॥ ५ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें नीचग्रह स्थित होवे अथवा नीचग्रहका नवांश स्थित होवे तो स्त्रीका नाश होता है ॥ ५ ॥

उच्चे बहुदारः ॥ ६ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें उच्चग्रह स्थित होवे अथवा उच्चग्रहका नवांश स्थित होवे तो बहुत स्त्रियोंवाला होता है ॥ ६ ॥

युग्मे च ॥ ७ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें मिथुनराशि होवे तोभी बहुत स्त्रियोंवाला होता है ॥ ७ ॥

तत्र स्वामियुक्ते स्वर्क्षे वा तद्धेतावुत्तरायुषि निर्दारः॥८॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें स्वामीसे युक्त होवे अथवा उपपदके द्वितीय स्थानका स्वामी अपनेही राशिमें स्थित होवे तो उत्तर अवस्थामें स्त्रीवर्जित हो जाता है अर्थात् वृद्धावस्थामें स्त्रीका नाश हो जाता है ॥ ८ ॥

---

१ शङ्का—स्वाम्यादिकोंने तो ततशब्दसे दारकारकका ग्रहण किया है फिर ऐसा अर्थ कैसे किया है ? समाधान—जब कि आदिमें दारकारकका ग्रहण नहीं किया

उच्चे तस्मिन्नुत्तमकुलाद्दारलाभः ॥ ९ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानका स्वामी यदि उच्च राशिमें स्थित होवे तो उत्तम कुलसे स्त्रीका लाभ होता है ॥ ९ ॥

नीचे विपर्ययः ॥ १० ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानका स्वामी यदि उच्च राशिमें स्थित होवे तो नीच कुलसे स्त्रीका लाभ होता है ॥ १० ॥

शुभसम्बंधात् सुंदरी ॥ ११ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें शुभग्रहका षड्वर्ग वा शुभग्रहकी दृष्टि अथवा शुभग्रहका योग होवे तो स्त्री सुन्दरी होती है ॥ ११ ॥

राहुशनिभ्यामपवादात्त्यागो नाशो वा ॥ १२ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें राहु और शनैश्चर दोनोंका योग होवे तो लोकनिंदासे स्त्रीका त्याग अथवा नाश होता है ॥ १२ ॥

शुक्रकेतुभ्यां रक्तप्रदरः ॥ १३ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें शुक्र और केतु इन दोनोंका योग होवे तो रक्तप्रदर रोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १३ ॥

अस्थिस्रावो बुधकेतुभ्याम् ॥ १४ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें बुध और केतु इन दोनोंका योग होवे तो अस्थिस्रावरोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १४ ॥

शनिरविराहुभिरस्थिरज्वरः ॥ १५ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें शनैश्चर सूर्य राहु इन तीनोंका योग होवे तो अस्थिज्वरवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १५ ॥

बुधकेतुभ्यां स्थौल्यम् ॥ १६ ॥

तत्शब्दसे दारकारकका ग्रहण करना अनुचित है। शङ्का—चंद्र सूर्य इन दोनोंका तौ एकही एक राशि है उसके विषे "स्वक्षे तद्धेतौ" इस अंशका संभव नहीं होसक्ता। समाधान—मत होवो चन्द्रसूर्यमें, इसमें हमारी का हानि है। शेष ग्रहोंमें तौ होवे है॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें बुध और केतु इन दोनोंका योग होवे तो स्थूल स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १६ ॥

बुधक्षेत्रे मंदाराभ्यां नासिकारोगः ॥ १७ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें बुधका राशि स्थित होवे और शनैश्चर मंगल दोनोंका योग होवे तो नासिकारोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १७ ॥

कुजक्षेत्रे वा ॥ १८ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें मंगलका राशि स्थित होवे और शनैश्चर मंगल इन दोनोंका योग होवे तोभी नासिकारोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १८ ॥

गुरुशनिभ्यां कर्णरोगो नरहका च ॥ १९ ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें बुधका राशि अथवा मंगलका राशि स्थित होवे और बृहस्पति शनैश्चर इन दोनोंका योग होवे तो कर्णरोगवाली और नाडिकानिस्सरण रोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ १९ ॥

गुरुराहुभ्यां दन्तरोगः ॥ २० ॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें बुधका राशि अथवा मङ्गलका राशि होवे और बृहस्पति राहु इन दोनोंका योग होवे तौ दन्तरोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ २० ॥

शनिराहुभ्यां कन्यातुलयोः पंगुर्वातरोगो वा ॥२१॥

उपपदसे द्वितीय स्थानमें कन्या अथवा तुलाराशि होवे और शनैश्चर राहु इन दोनोंका योग होवे तो पंगुली अथवा वातरोगवाली स्त्रीकी प्राप्ति होवे है ॥ २१ ॥

शुभदृग्योगान्न ॥ २२ ॥

यदि उपपदसे द्वितीय स्थानमें शुभ ग्रहकी दृष्टि अथवा योग होवे तो यह पूर्व कहे हुए दोष स्त्रीमें नहीं होते हैं ॥ २२ ॥

सप्तमाश्रयहेभ्यश्चैवम् ॥ २३ ॥

उपपदसे जो कि सप्तमभाव है उससे और सप्तमभावमें स्थित जो नवांश है उससे और सप्तमभावका जो कि स्वामी है उससे और सप्तमस्थ नवांशका जो कि स्वामी है उससे जो कि द्वितीय स्थान है उसमेंभी यह पूर्व कहे हुए फल विचारने चाहियें जो कि उपपदसे द्वितीय स्थानमें विचारे गये हैं[1] ॥ २३ ॥

बुधशनिशुक्रे चानपत्यः ॥ २४ ॥

उपपदमें जो कि सप्तम स्थान है और जो कि सप्तमभावस्थ नवांश है और जो कि सप्तम भावका स्वामी है और जो कि सप्तम-भावस्थ नवांशका स्वामी है इनके विषे बुध शनैश्चर शुक्र इन तीनोंका योग होवे तो पुरुष सन्तानहीन होता है ॥ २४ ॥

पुत्रेषु रविराहुगुरुभिर्बहुपुत्रः ॥ २५ ॥

उपपदसे सप्तमस्थानसे और सप्तमस्थ नवांशसे और सप्तम भावके स्वामीसे और सप्तमस्थ नवांशके स्वामीसे जो कि पञ्चम स्थान है उनमें यदि सूर्य राहु बृहस्पति इन तीनोंका योग होवे तो बहुत पुत्रोंवाला होता है ॥ २५ ॥

चंद्रेणैकपुत्रः ॥ २६ ॥

उपपदसे जो कि सप्तम स्थान है और जो कि सप्तमस्थ नवांश है और जो कि सप्तम भावका स्वामी है और जो कि सप्तमस्थ नवां-शका स्वामी है इन सबसे जो कि पञ्चम स्थान है उनमें यदि चन्द्रमा स्थित होवे तो एक पुत्रवाला होता है ॥ २६ ॥

मित्रे विलम्बात्पुत्रः ॥ २७ ॥

उपपदसे जो कि सप्तम स्थान और सप्तमस्थान नवांश और सप्तम भावस्वामी और सप्तमस्थ नवांशस्वामी है इनसे पञ्चम स्थानोंमें सन्तानहानिकर्त्ता तथा बहुसन्तानदायक इन दोनों प्रकारके ग्रहोंका योग होवे तो विलम्बसे पुत्रलाभ होता है ॥ २७ ॥

---

१ इसमें वृद्धवचन प्रमाण है। "सप्तमेशाद्द्वितीयस्थेष्वेवं फलमुदाहृतम्।" ॥

कुजशनिभ्यां दत्तपुत्रः ॥ २८॥

उपपदके सप्तम स्थानसे सप्तमस्थ नवांशसे और इन दोनोंके स्वामियोंसे पञ्चम स्थानोंमें मंगल और शनैश्चर ये दोनों स्थित होवें तौ दत्तकपुत्रका लाभ होता है ॥ २८॥

ओजे बहुपुत्रः ॥ २९ ॥

उपपदके सप्तमस्थानसे तथा सप्तमस्थ नवांशसे और इन दोनोंके स्वामियोंसे पञ्चम स्थानोंमें विषम राशि होवे तौ बहुत पुत्रवाले होते हैं ॥ २९ ॥

युग्मेऽल्पप्रजः ॥ ३० ॥

उपपदके सप्तम स्थानसे तथा सप्तमस्थ नवांशसे और इन दोनोंके स्वामियोंसे पञ्चम स्थानोंमें सम राशि होवे तौ बहुत पुत्रवाले होते हैं ॥ ३० ॥

गृहक्रमात्कुक्षितदीशपंचमांशगृहेभ्यश्चैवम् ॥ ३१ ॥

जिस प्रकार कि जन्मलग्नसे क्रमसे भावोंका विचार किया जाता है तिसी प्रकार कुक्षि नाम उपपद और उपपदके स्वामी इत्यादिकोंसेभी विचार करे। कुक्षि नाम उपपद और तदीश नाम उपपदस्वामी इन दोनोंसे जो कि पंचमस्थान है और जो कि पञ्चमस्थ नवांश है और जो कि पञ्चमस्थानस्वामी है और जो कि पञ्चमस्थ नवांशस्वामी है इन सबसेभी पूर्वोक्त फलका विचार करना चाहिये३१॥

भ्रातृभ्यां शनिराहुभ्यां भ्रातृनाशः ॥ ३२ ॥

---

१ कुक्षिपदसे प्रकरणपठित उपपदकाही ग्रहण होता है । स्वाम्यादिकोंने " कुक्षितदीशौ " इनका अर्थ—" सिंहस्थौ " ऐसा कहा है सो सर्वसाधारण होनेसे योग्य नहीं क्योंकि विशेषकर इस शास्त्रमें अक्षरोंसे सिद्ध किये हुए अंकोंकाही ग्रहण किया गया है। " भ्रातृभ्यां शनि० " इत्यादि सूत्रोंमें उपपद और उपपदस्वामीसे विचार करना चाहिये क्योंकि जहां जिसका संभव होता है उसीकी अनुवृत्ति अगले सूत्रमें की जाती है॥

उपपदसे और उपपदस्वामीसे भ्रातृ नाम तृतीय एकादश स्थानमें शनैश्चर राहु ये दोनों स्थित होवें तौ भ्राताका नाश होता है। भाव यह है कि उपपदसे अथवा उपपदके स्वामीसे तृतीय स्थानपर शनैश्चर राहु ये दोनों स्थित होवें तौ छोटे भ्राताका नाश होता है और एकादश स्थानपर शनैश्चर राहु ये दोनों स्थित होवें तौ बडे भ्राताका नाश होता है[1] ॥ ३२ ॥

शुक्रेण व्यवहिते गर्भनाशः ॥ ३३ ॥

उपपदसे और उपपदके स्वामीसे एकादश अथवा तृतीय स्थानमें शुक्र स्थित होवें तौ माताके पहिले और पिछले गर्भका नाश होता है ॥ ३३ ॥

पितृभावे शुक्रदृष्टेऽपि ॥ ३४ ॥

लग्न अथवा लग्नसे अष्टम स्थान शुक्रकर देखा गया हो तबभी माताके पूर्व और पिछले गर्भका नाश होता है ॥ ३४ ॥

कुजगुरुचंद्रबुधैर्बहुभ्रातरः ॥ ३५ ॥

उपपदसे और उपपदस्वामीसे तृतीय अथवा एकादश स्थानमें मंगल बृहस्पति चंद्र ये स्थित होवें तो बहुत भ्राता होते हैं॥ ३५ ॥

शन्याराभ्यां दृष्टे यथा स्वभ्रातृनाशः ॥ ३६ ॥

उपपदसे और उपपदस्वामीसे तृतीय और एकादश स्थान शनैश्चर मंगल इन दोनोंकर देखा गया होवे तौ स्थानानुसार भ्राताका नाश होता है अर्थात् तृतीय स्थान शनैश्चर मंगलकर देखा गया होवे तौ छोटे भ्राताका नाश होता है और एकादश स्थान शनैश्चर मंगलकर देखा गया होवे तौ बडे भ्राताका

---

१ शङ्का—उपपदसे और उपपदस्वामीसे ऐसा अर्थ यहां कहांसे लिया ? समाधान—"गृहकर्मात्" इस सूत्रमें कुक्षि और तदीश ये दो पद हैं तिनसे ऐसा अर्थ ग्रहण किया है। यदि कहो कि समासपतित पदोंके एक अंशकी अनुवृत्ति नहीं हो सक्ती है सो यहभी कथन अनुचित है क्योंकि अन्यपदोंसे भ्रातृविचार अयोग्य है इससे एक अंशकी अनुवृत्ति की गई है ॥

नाश होता है और यदि दोनों स्थान शनैश्चर मंगलकर देखे गये होवें तौ छोटे बडे दोनों भ्राताओंका नाश होता है ॥ ३६ ॥

शनिना स्वमात्रशेषश्च ॥ ३७ ॥

उपपदसे और उपपदस्वामीसे तृतीय और एकादश स्थानमें केवल शनैश्चरकी दृष्टि होवे तौ केवल आपही शेष रहता है और सब भ्राता मर जाते हैं ॥ ३७ ॥

केतौ भगिनीबाहुल्यम् ॥ ३८ ॥

उपपदसे और उपपदस्वामीसे तृतीय और एकादश स्थानपर केतु स्थित होवे तो यथास्थान बहिनी बहुत होती है अर्थात् तृतीय स्थानपर केतु स्थित होवे तो छोटी बहिनि बहुत होवे हैं और एकादशस्थानपर केतु स्थित होवे तो बडी बहिनि बहुत होवे हैं ॥३८॥

लाभेशाद्भाग्यभे राहौ दंष्ट्रावान् ॥ ३९ ॥

उपपदसे जो कि सप्तम स्थानका स्वामी है उससे द्वितीय राशिपर राहु होवे तौ स्थूल डाढोंवाला होता है[1] ॥ ३९ ॥

केतौ स्तब्धवाक् ॥ ४० ॥

उपपदसे जो कि सप्तम स्थानका स्वामी है उससे द्वितीय स्थानपर केतु स्थित होवे तौ अप्रकट अक्षरोंवाले वचनका कहनेवाला होता है ॥ ४० ॥

मन्दे कुरूपः ॥ ४१ ॥

उपपदसे सप्तम स्थानके स्वामीसे द्वितीय स्थानपर शनैश्चर होवे तौ भयानकरूपवाला होता है ॥ ४१ ॥

---

१ यहांपर अन्य ग्राच्यवचनभी हैं। "सप्तमेशाद्द्वितीयस्थे राहौ मूकः खले स्थिते। अदन्तोऽधिकदन्तो वा दंष्ट्रायुक्तोऽथ वा भवेत् ॥ पवनव्याधिमान् केतौ यद्वा स्यादस्फुटोक्तिमान्। तत्र नानाग्रहैर्योगे मिश्रं फलमुदाहृतम् ॥" अर्थ—उपपदसे जो कि सप्तमेश है उससे द्वितीय स्थानमें राहु स्थित होवे तौ मूक होता है और खलग्रह स्थित होवे तौ विना दांत अथवा अधिक दांतवाला होता है और केतु स्थित होवे तौ वातव्याधिवाला होता है अथवा अप्रकट वचन कहनेवाला होता है और अनेक ग्रहोंका योग होवे तौ मिला हुआ फल कहे ॥

स्वांशवशाद्गौरनीलपीतादिवर्णाः ॥ ४२ ॥

आत्मकारकका जो कि नवांश है उसके स्वभावसे गौर नील पीतादिक वर्ण जातकके कहे। भाव यह है कि आत्मकारकके नवांशका जो कि अन्यजातक प्रसिद्ध वर्ण है वही गौर नील पीतादि वर्ण जातका जानना और इसी प्रकार पुत्रादिकारक नवांशवशसे पुत्रादिकोंका गौर नील पीतादि वर्ण जानने ॥ ४२ ॥

अमात्यानुचरादेवताभक्तिः ॥ ४३ ॥

अमात्यसंज्ञक ग्रहसे अंश कलादिमें जो कि ग्रह कम होवे उससे देवताभक्ति विचारनी चाहिये। भाव यह है कि अमात्यसंज्ञक ग्रहसे अंशकलादिमें जो कि ग्रह कम होवे वह देवताकारक होता है उससे देवताभक्ति जाननी। यदि देवताकारक ग्रह शुभ होवे तौ सौम्यदेवताकी भक्ति होवे है और क्रूर होवे तौ क्रूर देवताकी भक्ति होवे है। यदि देवताकारक ग्रह उच्च अथवा स्वराशिस्थ होवे तौ दृढभक्ति और नीच अथवा स्वराशिका देवताकारक ग्रह होवे तौ अदृढ भक्ति होवे है ॥ ४३ ॥

स्वांशे केवलं पापसम्बंधे परजातः ॥ ४४ ॥

आत्मकारकके नवांशपर केवल पापग्रहोंका दृष्टियोग आदिक सम्बन्ध होवे तौ जारसे उत्पन्न हुआ जानना। यहां सम्बन्ध शब्दसे दृष्टियोग षड्वर्ग जानने ॥ ४४ ॥

नात्र पापात् ॥ ४५ ॥

यदि आत्मकारक पाप ग्रह होवे तौ यह फल नहीं होता है। भाव यह है कि आत्मकारकके नवांशपर आमकारकसे अन्य पाप ग्रहका संबन्ध होवे तौ यह फल कहना न कि पापग्रहरूप आत्मकारकसे अथवा अत्र नाम अष्टम स्थानमें पाप ग्रह होवे तौभी यह योग नहीं होता है ॥ ४५ ॥

शनिराहुभ्यां प्रसिद्धिः ॥ ४६ ॥

यदि आत्मकारके नवांशपर शनैश्चर और राहुका योग दृष्टि षड्वर्ग होवे तो जारसे उत्पन्न होनेकी प्रसिद्धि होवे है ॥ ४६ ॥

गोपनमन्येभ्यः ॥ ४७ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशपर अन्य पापग्रहोंका योग दृष्टि षड्वर्ग होवे तौ जारसे उत्पन्न होनेकी प्रसिद्धि नहीं होवे है किन्तु जारसे उत्पन्न होनेमें छिपावट रहती है ॥ ४७ ॥

शुभवर्गेऽपवादमात्रम् ॥ ४८ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशपर पाप ग्रहोंका जारजातकत्व योग होवे और शुभ ग्रहोंका षड्वर्ग सम्बन्ध होवे ता जारसे तौ उत्पन्न न हुआ हो केवल जारसे उत्पन्न होनेका कलंकमात्रही होवे है ॥४८॥

द्विग्रहे कुलमुख्यः ॥ ४९ ॥

यदि आत्मकारकके नवांशमें दो ग्रहोंका योग होवे तौ कुलमें मुख्य होता है ॥ ४९ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रप्रथमाध्याये श्रीनीलकंठीयतिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां चतुर्थः पादः समाप्तः ॥ ४ ॥

अथ पंचमपादः।

इसके अनन्तर आयुर्दायका विचार करते हैं।

आयुः पितृदिनेशाभ्याम् ॥ १ ॥

लग्नेश और अष्टमेश इन दोनोंसे आयुःप्रमाण विचारना चाहिये ॥ १ ॥

प्रथम लग्नेश अष्टमेश दोनोंकी स्थितिवशसे दीर्घायुर्योग कहते हैं।

प्रथमयोरुत्तरयोर्वा दीर्घम् ॥ २ ॥

प्रथम नाम चरराशिपर अथवा स्थिर द्विस्वभाव इन दोनोंपर लग्नेश अष्टमेश ये दोनों होवें तो दीर्घायु होवे है। भाव यह है कि जहां कहींभी लग्नेश अष्टमेश ये दोनों चरराशिपरही केवल स्थित होवे तो दीर्घायु होवे है अथवा लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंमें एक स्थिरराशिपर और एक द्विस्वभाव राशिपर स्थित होवे अर्थात् लग्नेश स्थिरराशिपर होवे तो अष्टमेश द्विस्वभाव राशिपर होवे अथवा लग्नेश द्विस्वभाव राशिपर होवे तो अष्टमेश स्थिर राशिपर होवे तबभी दीर्घायुयोग होता है ॥ २ ॥

इसके अनन्तर मध्यायुर्योग दिखाते हैं।

प्रथमद्वितीययोरन्त्ययोर्वा मध्यम् ॥ ३ ॥

चर स्थिर इन दोनों राशियोंपर अथवा केवल द्विस्वभाव राशिपरही लग्नेश अष्टमेश दोनों स्थित होवें तो मध्यायु होवे है। भाव यह है कि लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंमेंसे एक चर राशिपर स्थित होवे और एक स्थिर राशिपर स्थित होवे अर्थात् लग्नेश चर राशिपर होवे तो अष्टमेश स्थिर राशिपर होवे और अष्टमेश चर राशिपर होवे तो लग्नेश स्थिर राशिपर स्थित होवे तो मध्यायुर्योग होता है अथवा लग्नेश अष्टमेश दोनों जहां कहींभी केवल द्विस्वभाव राशिपरही स्थित होवें तोभी मध्यायुर्योग होता है ॥ ३॥

इसके अनन्तर अल्पायुर्योग कहते हैं।

मध्ययोराद्यन्तयोर्वा हीनम् ॥ ४ ॥

केवल स्थिर राशिपरही लग्नेश अष्टमेश ये दोनों स्थित होवें तो अल्पायुर्योग होता है अथवा लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंमेंसे एक चर राशिपर और एक द्विस्वभाव राशिपर स्थित होवे अर्थात् लग्नेश चर राशिपर तो अष्टमेश द्विस्वभाव राशिपर स्थित होवे वा अष्टमेश चर राशिपर तो लग्नेश द्विस्वभावराशिपर स्थित होवे तो अल्पायुर्योग होता है ॥ ४ ॥

जिस प्रकार कि लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंके राशिस्थिति भेदकर दीर्घायु और मध्यायु और अल्पायुर्योग कहा तिसी प्रकार लग्न चन्द्रमा इन दोनोंसेभी कहा है ।

एवं मन्दचंद्राभ्याम् ॥ ५ ॥

जिस प्रकार कि लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंमेंसे दीर्घायु मध्यायु अल्पायुर्योग कहे तिसी प्रकार लग्न चन्द्रमा इन दोनोंसे दीर्घायु मध्यायु अल्पायुर्योग विचारने चाहिये ॥ ५ ॥

इसके अनन्तर आयुर्दायके निर्णय करनेका तृतीय प्रकार कहते हैं ।

पितृकालतश्च ॥ ६ ॥

जन्मलग्न और होरालग्न इन दोनोंसेभी पूर्वोक्त प्रकारसे दीर्घमध्याल्पायुर्योग विचारने चाहिये । भाव यह है कि जिस प्रकार कि लग्नेश अष्टमेश इन दोनोंसे आयुर्विचार किया जाता है तिसी प्रकार जन्मलग्न होरालग्न इन दोनोंसे आयुका विचार कर्तव्य है[1] ॥ ६ ॥

---

[1] इस सूत्रमें जो कि होरालग्नका ग्रहण किया है सो होरालग्नका बनाना पूर्व कह चुके हैं । वृद्धवचनोंसे तीन प्रकारसे दीर्घमध्यालपायुर्योगोंके विचारमें वृद्धवचनभी प्रमाण है । " लग्नेशरन्ध्रपत्योश्च लग्नेन्द्वोर्लग्नहोरयोः । सूत्राण्येवं प्रयुञ्जीयात्संवादादायुषां त्रये ॥ " अर्थ—लग्नेश अष्टमेश और लग्नचन्द्र और लग्नहोरा इन तीनोंमें से दो प्रकार कर जो आयु आवे वह ग्रहण कर्त्तव्य है न कि एक प्रकारकर आया हुआ आयु ग्रहण करना चाहिये दीर्घ मध्य अल्पायु प्रस्तारचक्रमें देखना चाहिये । प्रस्तारश्लोकः । " चरे चरस्थिरद्वन्द्वाः स्थिरे द्वंद्वचरास्थिराः । द्वन्द्वे स्थिरोभयचरा दीर्घमध्याल्पकायुषः ॥ " अर्थ—यदि चरराशिपर लग्नेश और चरही राशिपर अष्टमेश अथवा लग्नचन्द्र वा लग्नहोरा पर ये स्थिर होवे तौ दीर्घायुर्योग होता है और चर और स्थिरपर स्थित होवें तौ मध्यायुर्योग होता है और चर और द्विस्वभाव राशिपर स्थित होवें तौ अल्पायुर्योग होता है और यदि स्थिरराशि और द्विस्वभाव राशिमें स्थित होवें तौ दीर्घायुर्योग होता है और स्थिर और चरराशिपर स्थित होवें तौ मध्यायुर्योग होता है और स्थिर और स्थिरही राशिपर स्थित होवें तो अल्पायुर्योग होता है । यदि द्विस्वभाव और स्थिर राशिपर स्थित हों तौ दीर्घायुर्योग होता है और द्विस्वभावमर और द्विस्वभावपर स्थित

जो तीन प्रकारके आयुर्दायनिर्णयके उपाय हैं उन तीनोंमें एकाकार आयु आवे तौ कुछ विवाद नहीं और जो दो प्रकारसे एकाकार आयु आवे और एक प्रकारसे भिन्न आयु आवे तहां निर्णय करते हैं।

संवादात्प्रामाण्यम् ॥ ७ ॥

दो प्रकारसे जो कि आयु आवे वही ग्रहण करने योग्य है न कि एक प्रकारसे आया हुआ आयु ग्रहण करने योग्य है ॥ ७ ॥

यदि तीनों प्रकारसे भिन्न २ आयु आवे तहां निर्णय करते हैं।

विसंवादे पितृकालतः ॥ ८ ॥

यदि तीनों पक्षोंकी विरूपता होवे तौ जन्मलग्न होरालग्नसे आया हुआ आयु ग्रहण करने योग्य है। भाव यह है कि यदि तीनों प्रकारसे भिन्न २ आयु आवे तौ जो कि जन्मलग्न होरालग्नसे आया हुआ आयु है उसीका ग्रहण करना चाहिये ॥ ८ ॥

तीनों प्रकारसे भिन्नता होनेपर जन्मलग्न होरालग्नसे आये हुए आयुका निषेध कहते हैं।

पितृलाभगे चंद्रे चंद्रमंदाभ्याम् ॥ ९ ॥

तीनों प्रकारकी भिन्नता होनेपर यदि लग्न अथवा सप्तम स्थानपर होवे तौ मध्यायुर्योग होता है और द्विस्वभाव और चर राशिपर स्थित होवे तौ अल्पायुर्योग होता है। इसी प्रकार प्रस्तारचक्रमें जानना ॥

प्रस्तारचक्रम्।

	दीर्घ युः	मध्यायुः	अल्पायुः	
लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा	चर चर	चर स्थिर	चर द्विस्वभाव	लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा
लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा	स्थिर द्विस्वभाव	स्थिर चर	स्थिर स्थिर	लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा
लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा	द्विस्वभाव स्थिर	द्विस्वभाव द्विस्वभाव	द्विस्वभाव चर	लग्नेश अष्टमेश लग्नचंद्र लग्नहोरा

चंद्रमा स्थित होवे तौ चन्द्रमा और लग्नसे आया हुआ आयु ग्रहण करने योग्य है[1] ॥ ९ ॥

इसके अनन्तर दीर्घमध्याल्पायुर्योगोंके विषे कुछ विशेष कहते हैं।

शनौ योगहेतौ कक्ष्यापहासः ॥ १० ॥

यदि शनैश्चर आयुर्योगके करनेवाला होवे तौ एक खण्डकी न्यूनता हो जावे है। तात्पर्य यह है कि शनैश्चर यदि आयुर्योगका करनेवाला होवे तौ दीर्घायुमें मध्यायु रहता है और मध्यायुमें अल्पायु रहता है और अल्पायुमें कुछभी नहीं रहता ॥ १० ॥

---

१ अल्पायुष्यादिक वृद्धोंने कहा है। "द्वात्रिंशात्पूर्वमल्पायुर्मध्यमायुरतो भवेत्। चतुःषष्ट्याः पुरस्तात्तु ततो दीर्घमुदाहृतम् ॥" अर्थ-बत्तीस वर्षसे पूर्व अल्पायु होवे है और बत्तीस वर्षसे पश्चात् चौंसठि वर्षपर्यन्त मध्यायु होवे है और चौंसठि वर्षसे ऊपर छयानवे वर्षपर्यन्त दीर्घायु होवे है। जन्मसे बत्तीसपर्यन्त और बत्तीससे चौंसठि वर्ष पर्यन्त और चौंसठि वर्षसे छयानवे वर्षपर्यन्त आये हुए आयुर्दायका रूप करना वृद्धोंने कहा है। "प्रथमशेषोत्तरयोर्वा दीर्घम्।" इत्यादि सूत्रोंकर जो कि आयु निर्णीत हुआ है वह यदि दीर्घायु होवे तौ मध्यमायुके अवधि चौंसठि वर्षपर्यन्त निःसंदेह सिद्ध आयु होही गया उससे ऊपर बत्तीस वर्षके दीर्घायुके खण्डमें कितने वर्ष लेने चाहिये इस संशयके दूर करनेके लिये यहां वृद्ध वचन है। "पूर्णमादौ हानिरन्तेऽनुपातो मध्यतो भवेत्। राशिद्वयस्य योगार्द्धे वर्षाणां स्पष्टमुच्यते ॥" अर्थ-यदि लग्नेश अष्टमेश ये दोनों राशिके आरम्भमें विद्यमान होवें तौ बत्तीस वर्षका दीर्घ मध्याल्प आयुका खण्ड पूर्ण ग्रहण करना चाहिये और यदि राशिके अन्तभागमें होवे तौ उस बत्तीस वर्षके खण्डका विनाश हो जाता है और यदि मध्यमें स्थित होवें तौ त्रैराशिकसे खण्डका एक देश ग्रहण करना चाहिये। भाव यह है कि लग्नेश अष्टमेश राशिके आरम्भमेंही स्थित हों तौ दीर्घायुके योगमें छयानवें वर्षतक आयुका प्रमाण है। मध्यायुके योगमें चौंसठि वर्षतक आयुका प्रमाण है। अल्पायुके योगमें बत्तीस वर्षतक आयुका प्रमाण है और यदि लग्नेश अष्टमेश राशिके अन्तमें स्थित होवें तौ दीर्घायुके योगमें चौंसठि वर्षतक आयुका प्रमाण है और मध्यायुके योगमें बत्तीस वर्षतक आयुका प्रमाण है। अल्पायु योगमें कुछभी आयुका प्रमाण नहीं है और यदि लग्नेश अष्टमेश राशिके मध्यभागमें स्थित होवें तौ त्रैराशिक करनेसे जो वर्ष आवें वह यदि दीर्घायुके होवें तौ चौसठि वर्षमें जोड देवें और मध्यायुके होवें तौ बत्तीस वर्षमें जोड देवे और यदि अल्पायुके होवें तौ वह आयेहुएही वर्ष निज आयुके जानने परन्तु त्रैराशिक लग्नेश और अष्टमेश इन दोनोंका पृथक् २ करके दोनोंको जोड आधाकर लेवे जो फल आवे उसको दीर्घ मध्याल्पयुक्त खण्ड जाने न कि एक २ के त्रैराशिक फलको। त्रैराशिक करनेका यह

इसके अनन्तर इसी विषयमें मतान्तर कहते हैं।

विपरीतमित्यन्ये ॥ ११ ॥

कोई आचार्य कहते हैं कि यदि शनैश्चर आयुर्योगकर्त्ता होवे तौ यह पूर्वोक्त वचन नहीं होता किन्तु शनैश्चर योगकारक होनेसे यथास्थित आयु रहता है ॥ ११ ॥

इसके अनन्तर परमत कहकर निज मत कहते हैं।

सूत्राभ्यां न स्वर्क्षतुंगगे सौरे ॥ १२ ॥
केवलपापदृग्योगिनि च ॥ १३ ॥

यदि शनैश्चर अपने राशिपर अथवा उच्चराशिपर स्थित होवे तथा शुभ ग्रहसम्बंधि दृष्टियोगसे वर्जित होकर केवल पाप ग्रहसंबंधि दृष्टियोगसे युक्त होवे तौ कक्ष्याह्रास नहीं होता है अर्थात् यथास्थित आयु रहता है अन्यथा ह्रास होवे है ॥ १२ ॥ १३ ॥

इसके अनन्तर कक्ष्यावृद्धि योग कहते हैं।

पितृलाभगे गुरौ केवलशुभदृग्योगिनि च कक्ष्यावृद्धिः १४

यदि बृहस्पति लग्न अथवा सप्तम स्थानमें स्थित होवे और पापग्रहसंबन्धि दृष्टियोगसे वर्जित होकर केवल शुभग्रहसंबंधि दृष्टियोगसे युक्त होवे तौ कक्ष्यावृद्धि होवे है अर्थात अल्पायु होवे

विधान है जब कि लग्नेश वा अष्टमेशके तीस अंश चले जाते तौ बत्तीस वर्ष प्राप्त होते अब एक अंश चला गया है तौ क्या प्राप्त होवेगा तब बत्तीसको एकसे गुणकर तीसका भाग दिया लब्ध मिला $1\frac{2}{30}$। इसी प्रकार लग्नेश अष्टमेश दोनोंके त्रैराशिकसे वर्ष स्पष्ट करके परस्पर जोड देवे फिर आधा करके जो फल आवे उसको दीर्घायुर्योग होवे तौ चौसठि वर्षमें जोड देवे जो जोड फल आवे वही दीर्घायुका प्रमाण जानना और यदि मध्यायुर्योग होवे तौ बत्तीस वर्षमें जोड देवे जो जोड फल आवे वही मध्यायुका प्रमाण जानना और यदि अल्पायुर्योग होवे तौ वही जन्मसे लेकर आयुका प्रमाण होता है इसी प्रकार लग्नचंद्रमा और लग्नहोरा इनके आये हुए आयुमें खण्डका स्पष्टीकरण जानना चाहिये। अन्य वचन है। "होरालग्नादिमांश तु पूर्णमन्ते न किंचन। स्पष्टीकरणमेतत्स्याद्दीर्घमध्याल्पकायुषि॥" अर्थ—और त्रैराशिक पूर्ववतही होता है। इस कथनसे होरलग्नभी अंशादियुक्त दिखाया है॥

तौ मध्यायु और मध्यायु होवे तौ दीर्घायु और दीर्घायु होवे तौ छयानवे वर्षसेभी अधिक आयु होवे है ॥ १४ ॥

प्रमाणासिद्ध आयुमेंही मरण होता है या बीचमेंभी मरण हो जाता है इस आकांक्षामें कहते हैं।

मलिने द्वारबाह्ये नवांशे निधनं द्वारद्वारेशयोश्च मालिन्ये ॥ १५ ॥

द्वारराशि और बाह्यराशि ये दोनों स्वयं पाप और पापग्रहोंसे युक्त तथा पापग्रहोंकर देखे गये होवें तौ द्वारराशि और बाह्यराशिकी नवांशदशामें मरण हो जाता है तथा द्वारराशि और द्वारराशीश ये दोनोंभी स्वयं पाप और पापग्रहोंसे युक्त तथा पापग्रहोंकर देखे गये होवें तौ द्वारराशि तथा द्वारेशाश्रित राशिकी नवांशदशामें मरण हो जाता है[1] ॥ १५ ॥

इस मरणयोगका निषेधभी कहते हैं।

शुभदृग्योगान्न ॥ १६ ॥

द्वारराशि और बाह्यराशि और द्वारेश इनपर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि तथा योग होवें तौ द्वारराशि तथा बाह्यराशि तथा द्वारेशराशि इनकी नवांशदशामें मरण नहीं होता है ॥ १६ ॥

---

१ "दशाश्रयो द्वारम्, ततस्तावतिथं बाह्यम्" द्वितीय अध्यायके चतुर्थपादसंबन्धि द्वितीय तृतीय इन सूत्रोंमें द्वारराशि और बाह्यराशिका लक्षण कहा है। जिस कालमें जिस राशिकी जो कि दशा चरास्थिरनामसे होवे उस दशाश्रय राशिको द्वार कहते हैं, इसीका दूसरा नाम पाकराशि है और लग्नसे जितनी संख्यापर द्वारराशि होवे उतनीही संख्यापर द्वारराशिसे बाह्यराशि कहा है इसी बाह्यराशिको भोगराशि कहते हैं। यहां लग्नशब्दसे वह राशि ग्रहण करना चाहिये जिस राशिसे कि प्रथमसे दशाका प्रारम्भ होता है कहीं तौ लग्नसेही दशाका आरम्भ होता है और कहीं सप्तमसेही दशाका आरम्भ होता है और कहीं ब्रह्मग्रहके राशिसे दशाका आरम्भ होता है इनमेंसे आद्यदशाकी राशि जो होवे वही पाकराशिकी अवधि होती है न कि प्रसिद्ध लग्न। "विषमे तदादिर्नवांशः" इस द्वितीय अध्यायके तृतीयपादसंबन्धि प्रथम सूत्रमें नवांशदशा कही है नवांशदशा समस्त राशियोंकी होवे है नवांशदशामें प्रत्येक राशिके नौ २ वर्ष होते हैं यदि लग्नमें विषमराशि होवे तौ लग्नसेही नवांशदशाका आरम्भ होता है और यदि समराशि होवे तौ सप्तमराशिसे नवांशदशाका आरम्भ होता है ॥

इसके अनन्तर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि योग न होने परभी नवांशका कालमृत्युका निषेध कहते हैं।

रोगेशे तुंगे नवांशवृद्धिः ॥ १७ ॥

जन्मलग्नसे अष्टमस्थानका स्वामी यदि उच्चराशिपर स्थित होवे तौ कहा हुआ मृत्युयोग होनेपरभी नवांशदशामें मृत्यु नहीं होता है किन्तु उससे ऊपर नौ वर्षकी वृद्धि हो जावे है ॥ १७ ॥

यदि कहो कि नवांशदशामें राशिवृद्धि हो जावे है तौ फर सिस राशिमें मृत्यु होता है इस शंकामें कहते हैं।

तत्रापि पदेशदशांते पदनवांशदशायां पितृदि-नेशात्रिकोणे वा ॥ १८ ॥

वृद्धिपक्ष होनेपरभी लग्नारूढ स्थानके स्वामीका जो कि आश्रित राशि है उसकी दशाके अन्तमें मरण होता है अथवा जन्मलग्नारूढ राशिके नवांशदशामें मरण होता है अथवा लग्नेश अष्टमेशसे लग्न पञ्चम नवम इनमेंसे किसी राशिकी दशामें अथवा इनकी अन्तर्दशामें मरण होता है ॥ १८ ॥

इसके अनन्तर अन्य प्रकारसे दीर्घमध्यालपायुर्योग कहते हैं।

पितृलाभरोगेशे प्राणिनि कंटकादिस्थे स्वतश्चैवं त्रिधा १९.

लग्नसे सप्तम स्थानका जो कि स्वामी है और लग्नसे अष्टम स्थानका जो कि स्वामी है इन दोनोंमें जो कि बली होवे वह यदि केन्द्र पणफर आपोक्लिम संज्ञक स्थानमें स्थित होवे तौ क्रमसे तीन प्रकारकर दीर्घमध्यालपायुर्योग होता है। भाव यह है कि लग्नसे सप्तमेश अष्टमेशमें जो कि बली होवे वह यदि केन्द्र नाम लग्नसे लग्न चतुर्थ सप्तम दशम इन स्थानोंपर स्थित होवे तौ दीर्घायुर्योग होता है और यदि पणफर नाम लग्नसे द्वितीय पञ्चम अष्टम एकादश इन स्थानोंपर स्थित होवे तौ मध्यायुर्योग होता है और यदि आपोक्लिम नाम लग्नसे तृतीय षष्ठ नवम द्वादश इन

स्थानोंपर स्थित होवे तौ अल्पायुर्योग होता है और इसी प्रकार आत्मकारकसेभी योगत्रय जानने। आत्मकारकसे सप्तमेश अष्टमेशमें जो कि बली हो वह यदि केंद्रमें स्थित होवे तौ दीर्घायुर्योग होता है और पणफरमें स्थित होवे तौ मध्यायुर्योग होता है और आपोक्लिममें स्थित होवे तौ अल्पायुर्योग होता है ॥ १९ ॥

योगात्सप्तमे स्वस्मिन्विपरीतम् ॥ २० ॥

जन्मलग्नसे जो कि सप्तम स्थान है उससे जो कि सप्तम नाम नवम स्थान है उसमें यदि आत्मकारकग्रह स्थित होवे तौ विपरीत होता है अर्थात् "पितृलाभे" इत्यादि सूत्रके कहे हुए योग नहीं होते हैं किन्तु दीर्घायु आया हो तौ मध्यायु होता है और मध्यायु आया हो तौ अल्पायु होता है और अल्पायु आया हो तौ कुछभी नहीं अथवा कोई आचार्य ऐसा अर्थ करते हैं दीर्घायु होवे तौ अल्पायु और अल्पायु होवे तौ दीर्घायु और मध्यायु होवे तौ मध्यायुही होता है ॥ २० ॥

इस प्रकरणमें कौन बल ग्रहण करना चाहिये इस शंकामें कहते हैं।

राशितः प्राणः ॥ २१ ॥

---

१ यहां आयुर्दायविषयमें वृद्ध कुछ और विशेष कहते हैं।" एकोऽष्टमेशः स्वोच्चस्थः पर्यायार्द्धं प्रयच्छति। नीचस्थो नाशयेत्पर्यायार्द्धमायुषि निश्चिते ॥ नीचरन्ध्रेशसंयुक्ताः पर्यायार्द्धं पृथक् पृथक्। ग्रहा विनाशयन्त्येवं निर्णीते परमायुषि ॥ उच्चरन्ध्रेशसंयुक्तग्रहैः प्रत्येकमुन्नयेत्। एकैकमर्द्धपर्यायं परमायुषि निश्चिते ॥" अर्थ-एक अष्टमेश उच्चका होवे तौ अपनी दशाका अर्द्धभाग देता है और नीचका होवे तौ अपनी दशाका अर्द्ध भाग निश्चित किये आयुमेंसे दर कर देता है। भाव यह है कि "पितृदिनेशाभ्यां" इस सूत्रमें जो अष्टमेश ग्रहण किया है वह अष्टमेश यदि उच्चका होवे तौ अपनी दशाका अर्द्ध भाग देता है अर्थात् "नाथान्ताः" इस सूत्रकी रीतिसे जितना आयु आवे उसमें उसीका आधा और जोड देदे और यदि नीचका होवे तौ आयुमेंसे अर्ध भाग दूर कर देवे। इसी प्रकार और ग्रहभी यदि नीच अष्टमेशसे युक्त होवे तौ अपनी आयुका अर्ध भाग पृथक् २ दूर कर देते हैं और यदि उच्च अष्टमेशसे युक्त होवे तौ अपनी दी हुई आयुमें अपनी दशाका अर्द्ध भाग अधिक देते हैं। इसी प्रकार लग्नेशादिक ग्रहभी उच्च नीच गुणसे वृद्धि और ह्रास करते हैं ॥

यहां राशिसे बल ग्रहण करना चाहिये । भाव यह है कि "कारकयोगः प्रथमो भानाम् " इत्यादि सूत्रद्वारा कहे जानेवाला राशिबल ग्रहण करना चाहिये न कि अंशाधिक्य बल ग्रहण करना चाहिये ॥ २१ ॥

इसके अनन्तर अन्य प्रकारसे मध्यायुर्योग कहते हैं ।

रोगेशयोः स्वत ऐक्ये योगे वा मध्यम् ॥ २२ ॥

लग्नसे अष्टमेश तथा सप्तमसे अष्टमेश इनका आत्मकारकके साथ ऐक्यता होवे अथवा इनके साथ आत्मकारकका योग होवे तौ मध्यायु होवे है । भाव यह है कि लग्नसे अष्टमेश आत्मकारक हो अथवा लग्नसे अष्टमेशके साथ आत्मकारकका योग होवे या सप्तमसे अष्टमेश आत्मकारक हो अथवा सप्तमसे अष्टमेशके साथ आत्मकारकका योग होवे तौ " पितृलाभ० " इत्यादि सूत्रसे प्राप्त हुए दीर्घायुवालोंकीभी मध्यायु होवे है[1] ॥ २२ ॥

इसके अनन्तर दीर्घादि योगोंके विषे कक्ष्याह्रास कहते हैं ।

पितृलाभयोः पापमध्यत्वे कोणपापयोगे वा कक्ष्याह्रासः ॥ २३ ॥

लग्न और सप्तम स्थान इन दोनोंको पाप ग्रहके मध्यवर्ती होनेपर कक्ष्याह्रास होता है । भाव यह है कि लग्नकुण्डलीके द्वितीय और बारहवें स्थानमें और छठे और आठवें स्थानमें पापग्रहोंके योग होनेसे लग्न और सप्तमस्थानको पापमध्यत्व होता है । यदि लग्न सप्तम स्थानका पापमध्यत्व योग होवे तौ दीर्घायुर्योगमें मध्यायु और मध्यायुर्योगमें अल्पायु और अल्पायुर्योगमें कुछभी नहीं होता है अथवा लग्न और सप्तमसे जो कि कोण नाम लग्न पंचम नवम स्थान हैं इन सबमें पाप ग्रहोंका योग होवे तबभी कक्ष्याह्रास होता है ॥ २३ ॥

---

१ अन्य जातकशास्त्रमें लग्नकी और इस ग्रंथमें आत्मकारककी प्रधानता होनेसे अष्टमेशके योगकर आयुका ह्रासही होता है ऐसा जानना ॥

स्वस्मिन्नप्येवम् ॥ २४ ॥

आत्मकारकभी लग्नकुण्डलीवत् होता है। तत्पर्य यह कि आत्मकारकके राशि और आत्मकारकके सप्तमराशिको पापग्रहके मध्यवर्ती होनेमेंभी कक्ष्याह्रास होता है अथवा आत्मकारकसे त्रिकोण नाम लग्न पंचम सप्तम स्थानोंपर सब जगह पापग्रहोंका योग होवे तबभी कक्ष्याह्रास होता है ॥ २४ ॥

तस्मिन्पापे नीचेऽतुंगेऽशुभसंयुक्ते च ॥ २५ ॥

यदि वह आत्मकारक पापग्रह होकर नीच राशिपर स्थित हो तबभी कक्ष्याह्रास होता है अथवा पापग्रह होकर आत्मकारक अपने उच्च राशिमें स्थित न हो किन्तु अशुभ ग्रहोंसे संयुक्त होवे तोभी कक्ष्याह्रास होता है ॥ २५ ॥

इसके अनन्तर कक्ष्याह्रासयोगमें निषेध कहते हैं।

अन्यदन्यथा ॥ २६ ॥

लग्न सप्तम अथवा आत्मकारक सप्तम यह अन्यथा नाम शुभ ग्रहोंके मध्यवर्ती होवे अथवा लग्न और सप्तमसे अथवा आत्मकारकसे प्रथम पंचम नवम इनमें सब जगह शुभ ग्रहोंका योग होवे अथवा आत्मकारक शुभ ग्रह होकर नीचका न होवे अथवा आत्मकारक शुभ ग्रह होकर उच्च राशि और शुभ ग्रह संयुक्त होवे तो अन्यत् अर्थात् कक्ष्यावृद्धि होवे है याने अल्पायुर्योग होवे तो मध्यायु होता है और मध्यायुयोग होवे तो दीर्घायु होवे है और दीर्घायुर्योग होवे छ्यानवे वर्षसेभी अधिक आयु होवे है इस कथनसे यह जानना चाहिये समस्तयोग पापात्मक होवें तो कक्ष्याह्रास होता है और समस्त योग शुभात्मक होवें तो कक्ष्यावृद्धि होवे है और समस्त योग शुभ पाप दोनोंसे वर्जित होवें तो न कक्ष्यावृद्धि और न कक्ष्याह्रास होता है ॥ २६ ॥

इसके अनन्तर ह्रासवृद्धिप्रकार बृहस्पतिके विषेभी दिखाते हैं।

गुरौ च ॥ २७ ॥

बृहस्पतिभी लग्नकुण्डलीवत् होता है भाव यह है कि बृहस्पतिसे द्वितीय द्वादश षष्ठ अष्टम त्रिकोण इन स्थानोंके विषे पूर्व कथनानुसार पाप ग्रहोंका योग होवे तो कक्ष्याह्रास होता है अथवा बृहस्पति नीच हो या उच्चसे वर्जित होकर पाप ग्रहोंसे युक्त होवे तोभी कक्ष्याह्रास होता है और जो अन्यथा होवे तो अन्यथाही फल होता है अर्थात् बृहस्पतिसे द्वितीय द्वादश षष्ठ अष्टम त्रिकोण इन स्थानोंपर पूर्वकथनानुसार शुभ ग्रहोंका योग होवे तो कक्ष्यावृद्धि होवे है अथवा बृहस्पति उच्चका होकर शुभ ग्रहोंसे युक्त होवे तोभी कक्ष्यावृद्धि होवे है ॥ २७ ॥

पूर्णेन्दुशुक्रयोरेकराशिवृद्धिः ॥ २८ ॥

शुभग्रहयोगप्रकरणमें लग्न आत्मकारक बृहस्पतिसे जो कि स्थान कहे हैं उनमें यदि पूर्णचंद्र और शुक्रका योग होवे तौ निर्णीत हुए आयुमें कक्ष्यावृद्धि नहीं होती किन्तु एकराशिवृद्धि होवे अर्थात् लग्न आत्मकारक बृहस्पत्यादिकोंमेंसे जिससे कक्ष्यावृद्धि होती है उस राशिके दशावर्षोंकी वृद्धि होवे है ॥ २८ ॥

पापयोगसे जो कि कक्ष्याह्रास कहा उसमें अपवाद दिखाते हैं ।

शनौ विपरीतम् ॥ २९ ॥

पापयोगप्रकरणमें लग्न आत्मकारक बृहस्पतिसे जो कि स्थान कहे हैं उनमें यदि शनैश्चर होवे तौ कक्ष्याह्रास नहीं होता है किन्तु एकराशि ह्रास होवे है अर्थात् लग्न आत्मकारक बृहस्पत्यादिकोंमेंसे जिससे कक्ष्याह्रास होता है उस राशिके दशावर्षोंका ह्रास होता है इन दोनों सूत्रोंके कथनका यह अभिप्राय है चंद्र शुक्र शनैश्चर इनको प्रधानतासे योगकारक होनेकर अन्य ग्रहोंको योगकारक हुए संतेभी एक राशिकी वृद्धि वा ह्रासही होता है न कि कक्ष्याकी ॥ २९ ॥

इसके अनन्तर स्थिरदशाके आश्रयसे मरणयोग कहते हैं ।

स्थिरदशायां यथाखंडं निधनम् ॥ ३० ॥

स्थिर दशामें आयुखण्डके अनुसार मरण होता है । भाव यह है कि परमायुके दीर्घ मध्य अल्पायु नामसे तीन विभाग करे पूर्वोक्त रीतिसे आयुका जो खण्ड आया होवे उसमें यदि मरण लक्षणयुक्त राशिकी स्थिर दशा आ जावे तो मरणलक्षणयुक्त राशिकी स्थिर दशामेंही मरण होता है और मरणकारक खण्डसे पूर्व खण्डमें मरणलक्षणयुक्त राशिकी स्थिर दशा आ जावे तो उसमें मरण नहीं होता है किन्तु क्लेश अधिक होता है ॥ ३० ॥

यदि कहो कि दीर्घ मध्य अल्पायुभेदसे मरणखण्ड तो निर्णीत हो गया पर विशेषकर मरणकालज्ञान तो इससे नहीं हुआ तहां कहते हैं ।

तत्रर्क्षविशेषः ॥ ३१ ॥

तिस मरणमें राशिविशेष है । भाव यह है कि मरणकारक कोई राशिविशेष होता है ॥ ३१ ॥

यदि कहो कि कौन मरणकारक राशिविशेष होता है तहां कहते हैं ।

पापमध्ये पापकोणे रिपुरोगयोः पापे वा ॥ ३२ ॥

दो पाप ग्रहोंके मध्यमें जो कि राशि होवे उस राशिकी दशामें अथवा प्रथम दशाप्रद राशिसे त्रिकोणमें और द्वादश अष्टम स्थानमें पाप ग्रहोंका योग होवे तो उस राशिकी दशामें मरण होता है[2] ॥ ३२ ॥

तदीशयोः केवलक्षीणेन्दुशुक्रहृष्टौ वा ॥ ३३ ॥

---

१ " शशिनन्दपावकाः क्रमादब्दाः स्थिरदशायाम् " स्थिर दशाके वर्षोंके लानेकी रीति इस द्वितीयाध्यायके तृतीयपादसंबन्धि तृतीयसूत्रमें कही है॥

२ यह वृद्धोंनेभी कहा है । " शुभमध्ये मृतिर्नैव पापमध्ये मृतिर्भवेत् " । कोई आचार्य " पापकोणे० " इत्यादि पदोंका यह अर्थ करते हैं लग्नसे वा आत्मकारकसे पापयुक्त त्रिकोण राशिकी दशामें अथवा पापयुक्त द्वादशाष्टमराशिकी दशामें मरण होता है ॥

द्वादश स्थानका स्वामी और अष्टम स्थानका स्वामी इनपर अन्य ग्रहोंकी दृष्टि तो होवे नहीं किन्तु केवल क्षीणचंद्र और शुक्र इनकी दृष्टि होवे तो द्वादश और अष्टम राशिकी दशामें मरण होता है ॥ ३३ ॥

यदि कहो कि बहुवर्षव्यापिनी दशा होवे तो कब मरण होगा इस शंकामें कहते हैं।

तत्राप्यद्यक्षारिनाथदृश्यनवभागाद्वा ॥ ३४ ॥

जो कि मरणकारक राशिदशा कही हैं उनमेंभी जो कि प्रथम दशाप्रद राशि है उसका स्वामी और उससे छठे स्थानका स्वामी इन दोनोंकर नवांशकुण्डलीमें जो कि राशि देखा गया हो उस राशिके अन्तर्दशामें मरण होता है॥ ३४ ॥

इसके अनन्तर निर्याणदशाविशेषको अन्य प्रकारसे दिखानेके वास्ते रुद्रग्रहको कहते हैं।

पितृलाभभावेशप्राणी रुद्रः ॥ ३५ ॥

लग्न और सप्तम स्थानसे जो कि अष्टम स्थानके स्वामी हैं उन दोनोंमें जो कि बली होवे वह रुद्रसंज्ञक ग्रह होता है ॥ ३५ ॥

इसके अनन्तर द्वितीय रुद्रग्रहको कहते हैं।

अप्राण्यपि पापदृष्टः ॥ ३६ ॥

लग्न सप्तम स्थानसे अष्टम स्थानके स्वामियोंमें जो कि दुर्बलग्रह होवे वह यदि पापग्रहने देखा हो तो रुद्रसंज्ञक होता है। दो रुद्र होते हैं एक बली और दूसरा निर्बली ॥ ३६ ॥

---

१ कोई आचार्योंने आद्यशब्दसे दशम राशि और अरिशब्दसे षष्ठ राशि ग्रहण किया है सो उन आचार्योंकी इस प्रकार व्याख्या योग्य नहीं क्योंकि जब कि आद्यशब्दसे दशम राशि लिया तो अरिशब्दसे अष्टम राशि लेना चाहिये था और यदि ऐसा तात्पर्य ग्रंथकर्ताका होता तो " रिःफतन्तुनाथदृश्यनवभागाद्वा " ऐसा सूत्र होना चाहिये था ॥

इसके अनन्तर वली रुद्रका फल कहते हैं।

प्राणिनि शुभदृष्टे रुद्रशूलान्तमायुः ॥ ३७ ॥

जो कि बलवान् रुद्रसंज्ञक ग्रह है वह यदि शुभ ग्रहोंकर देखा गया हो तौ रुद्रग्रहसे शूल नाम प्रथम पंचम नवम राशिके दशापर्यन्त आयु होवे है अथवा बलवान् रुद्रसंज्ञक ग्रह शुभ ग्रहोंने देखा होवे तहां यदि अल्पायुर्योग होवे तौ रुद्रग्रहसे प्रथमराशिदशापर्यन्तही आयु होवे है और मध्यायुर्योग होवे तौ रुद्रग्रहसे पञ्चमराशिदशापर्यन्त आयु होवे है और दीर्घायुर्योग होवे तौ रुद्रग्रहसे नवमराशि दशापर्यन्त आयु होवे है ॥ ३७ ॥

तत्रापि शुभयोगे ॥ ३८ ॥

यदि द्वितीय निर्बली रुद्रके विषेभी शुभ ग्रहोंका योग होवे तौभी रुद्रग्रहसे प्रथम पंचम नवम राशिदशापर्यन्त आयु होवे है ॥ ३८ ॥

व्यर्कपापयोगेन ॥ ३९ ॥

सूर्यको त्यागकर अन्य पाप ग्रहोंका योग यदि रुद्रसंज्ञक ग्रहके विषे होवे तौ यह फल नहीं होता है अर्थात् रुद्रग्रहसे प्रथम पंचम नवम राशिदशापर्यन्त आयु होनेका फल नहीं होता है किन्तु सूर्यके योगमें रुद्रग्रहसे प्रथम पंचम नवम राशिदशापर्यन्त आयु होनेका फल होता है ॥ ३९ ॥

इसके अनन्तर दोनों रुद्रोंका गुणविशेषकर फल दिखाते हैं।

मंदारेंदुदृष्टे शुभयोगाभावे पापयोगेऽपि वा शुभदृष्टौ वा परतः ॥ ४० ॥

वली अथवा निर्बली रुद्र, शनैश्चर, मंगल, चंद्र इनकर देखा गया हो और उस रुद्रपर शुभ ग्रहका योग होवे नहीं एक योग यह है और वली अथवा निर्बली रुद्र शनैश्चर, मंगल, चंद्र इनकर देखा गया हो और उस रुद्रपर पापग्रहका योग होवे द्वितीय योग यह है और वली अथवा निर्बली रुद्र शनैश्चर, मंगल, चंद्र इनकर

देखा गया हो और उसपर शुभ ग्रहोंकी दृष्टि होवे तृतीययोग यह है। इन तीनों योगोंमेंसे कोई योग संपूर्ण होवे तौ रुद्रग्रहसे प्रथम पंचम नवम राशिदशापर्यन्ततेभी अगाडीतक आयु होवे है' ॥४०॥

कदाचित् रुद्राश्रितराशिमेंभी मरण होता है इसी योगको कहते हैं।

रुद्राश्रयेऽपि प्रायेण ॥ ४१ ॥

रुद्राश्रित राशिमेंभी आयुकी समाप्ति होवे है। भाव यह है कि जिस राशिमें रुद्र ग्रह स्थित होवे है उस राशिकी दशामेंभी कदाचित् मरण होता है। सूत्रमें प्रायःशब्दका प्रयोग होनेसे रुद्राश्रित राशिसे पहिले वा पीछेभी आयुकी समाप्ति होवे है ऐसा ध्वनित होता है ॥ ४१ ॥

---

१ इस सूत्रमें जो कि दो वाक्यार है "वाक्यारद्वयमनास्थायाम्" इस प्रकार कहकर वे दोनों वाक्यार पंथोंने दो योगके जतानेहीवाले कहे हैं सो यह पंथवचन युक्त नहीं क्यों कि दोनों वाक्योंकी अनास्थाकल्पनामें कोई प्रमाण नहीं इससे दोनों वाक्योंसे तीन योगही प्रकट होते हैं। इस प्रकरणमें शुभ पापग्रहोंका लक्षण वृद्धोंने कहा है। "अर्कीमंदकणिनः क्रमात् क्रूरा यथाश्रयम्। चंद्रोऽपि क्रूर एवात्र क्वचिदंगारकाश्रये। गुरुध्वजकविज्ञाः स्युर्यथापूर्वं शुभग्रहाः।" अर्थ-सूर्य, मंगल, शनैश्चर, राहु ये क्रमसे यथाश्रय नाम क्रूर राशिपर स्थित होवे तौ क्रूर होते हैं और शुभ राशिपर स्थित होवें तौ क्रूर नहीं होते किन्तु शुभही होते हैं और बृहस्पति, केतु, शुक्र, बुध ये यथापूर्व शुभग्रह होते हैं। बुधसे शुक्र, शुक्रसे केतु, केतुसे बृहस्पति ये उत्तरोत्तर शुभ ग्रह हैं। जिस प्रकार कि क्रूर ग्रहोंकी क्रूरराशिमें स्थित होनेसेही क्रूरता होवे है और शुभ राशिमें स्थित होनेसे शुभता होवे है तिसी प्रकार बृहस्पति आदिकोंकी शुभ राशिमें स्थित होनेसे शुभता होवे है और पापराशिमें स्थित होनेसे शुभता नहीं होती है। ऐसा वृद्धोंनेभी कहा है। "प्रत्येकं शुभराशिस्थ उच्चस्थो वा बुधः शुभः। गुरुशुक्रौ च सौम्यस्थौ ततोऽन्यत्राऽशुभाः स्मृताः॥" यदि रुद्रशूलमें मरण कहा तौ किस शूलमें मरण होना चाहिये इस विषयमें वृद्धोंने विशेष कहा है। "पापमात्रस्य शूलत्वे प्रथमक्षें मृतिर्भवेत्। मिश्रे मध्यमशूलक्षें शुभमात्रेऽन्त्यभे मृतिः॥" अर्थ-यदि दोनों रुद्र पाप ग्रह होवें तो रुद्रग्रहसे प्रथम राशिकी दशामें मरण होता है और यदि एक रुद्र पाप ग्रह होवे और द्वितीय शुभ ग्रह होवे तौ रुद्रग्रहसे पंचम राशिकी दशामें मरण होता है और यदि दोनों रुद्र शुभ ग्रह होवें तो रुद्रग्रहसे नवम राशिकी दशामें मरण होता है॥

ऋये पितरि विशेषेण ॥ ४२ ॥

जब मेष जन्मलग्न होवे तौ विशेषकर रुद्राश्रित राशिमेंही आयुकी समाप्ति होवे है । भाव यह है कि जन्मलग्नमें मेषराशि होवे तौ जिस राशिमें रुद्रग्रह स्थित होवे उस राशिकी दशामेंही आयुका समाप्ति होवे है ॥ ४२ ॥

इसके अनन्तर योगभेदसे मरणस्थान दिखाते हैं ।

प्रथममध्यमोत्तमेषु वा तत्तदायुषाम् ॥ ४३ ॥

अल्प मध्य दीर्घायुर्योगवालोंकी प्रथम मध्यम उत्तम नाम प्रथम द्वितीय तृतीय रुद्रशूलोंके विषे क्रमसे आयुः समाप्ति होवे है । भाव यह है कि अल्पायुर्योग होवे तौ प्रथम रुद्रशूलमें आयुकी समाप्ति होवे है और मध्यायुर्योग होवे तौ द्वितीय रुद्रशूलमें आयुकी समाप्ति होवे है और दीर्घायुर्योग होवे तौ तृतीय रुद्रशूलमें आयुकी समाप्ति होवे है । इस प्रकार रुद्रशूलराशिकी महादशामें मरणयोगसिद्ध हो चुका उसीकी किसी अन्तर्दशामें मरण हो जाता है[1] ॥ ४३ ॥

इसके अनन्तर फलविशेषके कहनेके लिये महेश्वरग्रहको दिखाते हैं ।

स्वभावेशो महेश्वरः ॥ ४४ ॥

आत्मकारकग्रहसे जो कि अष्टमराशिका स्वामी है वह महेश्वर संज्ञक ग्रह होता है ॥ ४४ ॥

स्वोच्चे स्वगृहे रिपुभावेशः प्राणी ॥ ४५ ॥

यदि आत्मकारकसे अष्टम राशिका स्वामी उच्च व अपने गृहमें स्थित होवे तौ आत्मकारकसे द्वादश अष्टम राशियोंके स्वामियोंमें जो बलवान् होता है वह महेश्वरसंज्ञक होता है और यदि आ-

---

१ सूत्रमें वाशब्दके प्रयोगसे यह ध्वनित होता है कि रुद्रशूलसे मरण योग हुए होतेभी अन्य बलवान् योगवशसे रुद्रशूलद्वारा मरणका बाधभी हो जाता है ॥

त्मकारकसे द्वादश अष्टम राशियोंके स्वामी दोनों बलवान् होवें तौ दोनों महेश्वरसंज्ञक होते [1] ॥ ४५ ॥

इसके अनन्तर द्वितीय प्रकारसे महेश्वर ग्रहको कहते हैं।

पाताभ्यां योगे स्वस्य तयोर्वा रोगे ततः ॥ ४६ ॥

आत्मकारकका पात नाम राहुकेतुमेंसे किसीके साथ योग होवे अथवा आत्मकारकसे अष्टम स्थानपर राहुकेतुमेंसे किसीका योग होवे तौ आत्मकारकसे सूर्यादिगणनाके क्रमसे जो छठा ग्रह होवे वह महेश्वर होता है। दो तीन महेश्वर होनेके योगमें जो बली होता है वह महेश्वर होता है ॥ ४६ ॥

इसके अनन्तर ब्रह्मग्रह कहते हैं।

प्रभुभाववैरिशप्राणी पितृलाभप्राण्यनुचरो विषमस्थो ब्रह्मा ॥ ४७ ॥

लग्न सप्तम इन दोनों राशियोंमें जो कि बलवान् होवे उससे जो कि षष्ठ अष्टम द्वादश इन स्थानोंके स्वामी हैं उनमें जो कि बलवान् हो वह यदि लग्न सप्तममेंसे बलवान् राशिसे पृष्ठ राशिस्थ होकर मेष मिथुनादि विषमराशिपर स्थित होवे तौ वही ग्रह ब्रह्मा होता है। लग्नके पृष्ठ राशि सप्तमसे लेकर द्वादशपर्यंत होते हैं और सप्तमके पृष्ठराशि लग्नसे लेकर षष्ठपर्यंत होते हैं [2] ॥ ४७ ॥

इसके अनन्तर अन्य प्रकारसे ब्रह्मग्रह कहते हैं।

ब्रह्मणि शनौ पातयोर्वा ततः ॥ ४८ ॥

यदि शनैश्चर ब्रह्मलक्षणयुक्त होवे अथवा राहु केतु ब्रह्मलक्षणयुक्त होवें तौ शनैश्चर वा राहु केतुसे जो कि छठा ग्रह है वह ब्रह्मा होता

---

१ "स्वोच्चे सप्तमे रिपुभावेशः प्राणी" ऐसा सूत्र होनेपर यह अर्थ निकलता है कि आत्मकारकका उच्च राशि यदि ग्रहयुक्त होवे तौ आत्मकारकसे अष्टम द्वादश राशियोंके स्वामियोंसे बली ग्रह महेश्वर होता है ॥

२ लग्नसे द्वादश एकादश दशम नवम अष्टम सप्तम ये राशि पृष्ठ हैं और सप्तमसे षष्ठ पंचम चतुर्थ तृतीय द्वितीय लग्न ये राशि पृष्ठ हैं ॥

है न कि शनैश्चरादिक। भाव यह है कि यदि शनैश्चर वा राहु केतु इनमेंसे कोई ब्रह्मयोगकारक होवे तो ये ब्रह्मा नहीं होते किन्तु इनसे छठा ग्रह ब्रह्मा होता है॥ ४८॥

यदि कहो कि बहुत ग्रह ब्रह्मयोगकारक होवें तो कौन ब्रह्मा होता है इस शंकामें कहते हैं।

बहूनां योगे स्वजातीयः॥ ४९॥

यदि बहुत ग्रह ब्रह्मयोगकारक होवें तो उनमें जो कि आत्मकारकजातीय अर्थात् अधिक अंशवाला ग्रह है वह ब्रह्मा होता है॥ ४९॥

इस योगमें कुछ विशेष कहते हैं।

राहुयोगे विपरीतम्॥ ५०॥

ब्रह्मसंज्ञक ग्रहके साथ यदि राहुका संयोग होवे तो विपरीत होता है। भाव यह है कि ब्रह्मसंज्ञक ग्रह राहुके साथमें होवे तो बहुतसे ब्रह्मयोगकारक ग्रहोंमें कम अंशवाला ग्रह ब्रह्मा होता है। इस कथनसे यह जनाया गया कि शनैश्चर राहु केतु इनमेंसे ब्रह्मयोग होनेपरभी ब्रह्मा नहीं हो सक्ता परन्तु राहुका ब्रह्मयोग होनेपर यदि बहुतसे ब्रह्मयोगकारक ग्रहोंके मध्यमें राहु न्यूनांश होवे तो ब्रह्मा हो सक्ता है॥ ५०॥

इसके अनन्तर अन्य प्रकारसे ब्रह्मग्रह कहते हैं।

ब्रह्मा स्वभावेशो भावस्थः॥ ५१॥

आत्मकारकसे अष्टमस्थानका स्वामी और आत्मकारकसे अष्टम स्थानपर स्थित हुआ ग्रह ब्रह्मा होता है[1]॥ ५१॥

---

१ इस सूत्रकी कोई आचार्य यह व्याख्या करते हैं कि आत्मकारकसे अष्टम राशिका स्वामी आत्मकारकसे अष्टममें स्थित होवे तो वह आत्मकारकसे अष्टम स्थानका स्वामी ब्रह्मा होता है। यह व्याख्या उचित नहीं क्योंकि इस सूत्रकी ऐसी व्याख्या होनेपर "विवादे बली" यह सूत्र इसमें न घटनेसे यह सूत्र अयोग्य हो जावेगा क्योंकि अन्तरको प्राप्त होनेसे पूर्वान्वितभी यह सूत्र नहीं है। दूसरे "बहूनां योगे" इस सूत्रसेही पूर्व शंका दूर होही चुकी है इससे अष्टमेश और अष्टमस्थ इन दोनोंमें एकको निर्विवाद ब्रह्मत्व होता है॥

यदि अष्टमेश अष्टमस्थ इन दोनोंमें भेद होवे तो कौन ब्रह्मा होता है इस शंकामें कहते हैं।

विवादे बली ॥ ५२ ॥

यदि ब्रह्मलक्षणयुक्त दोनों ग्रहोंको ब्रह्मत्व होवे तो उनमें जो कि बली है वह ब्रह्मा होता है अथवा समस्त ब्रह्मसंज्ञक तुल्यांश होवे तो विना ग्रहवाले राशिसे ग्रहवाला राशि और एक ग्रहवाले राशिसे दो ग्रहवाला राशि और दो ग्रहवाले राशिसे तीन ग्रहवाला राशि बली होता है इस रीतिसे जो ग्रह बली होवे वह ब्रह्मा होता है ॥ ५२ ॥

इसके अनन्तर ब्रह्म महेश्वर दोनोंका बल कहते हैं।

ब्रह्मणो यावन्महेश्वरर्क्षदशांतमायुः ॥ ५३ ॥

स्थिर दशामें ब्रह्मग्रहाश्रित राशिसे लेकर महेश्वराश्रित राशिकी दशापर्यन्त आयु होवे है। भाव यह है कि जिस राशिका ब्रह्मग्रह होवे उस राशिसे और आरम्भकरके जिस राशिका कि महेश्वर ग्रह है उस राशिकी स्थिरदशापर्यन्त आयु होवे है ॥ ५३ ॥

इसके अनन्तर महादशामेंभी मरणकारक जो कि अन्तर्दशा है उसको कहते हैं।

तत्रापि महेश्वरभावेशत्रिकोणाब्दे ॥ ५४ ॥

जिस राशिका महेश्वर हो उस राशिकी स्थिर दशामेंभी जब कि महेश्वराधिष्ठित राशिसे अष्टम राशिके स्वामीका जो कि त्रिकोण नाम प्रथम पंचम नवमरूप राशि है उसका जब कि एक दो वर्षरूप अन्तर्दशाकाल होवे उसमें मरण होता है[1] ॥ ५४ ॥

इसके अनन्तर दो सूत्रोंसे मारकग्रहको दिखाते हैं।

स्वकर्मचितरिपुरोगनाथप्राणिमारकः ॥ ५५ ॥

---

१ सूत्रमें अब्दशब्दका प्रयोग राशिदशाके बारह वर्षके अभिप्रायसे किया गया है। यदि न्यूनसंख्याकर दशा होवे तो वर्षसे न्यूनही अन्तर्दशाओंकेभी विषे लाना चाहिये॥

आत्मकारकसे तृतीय षष्ठ द्वादश अष्टम इन स्थानोंके स्वामियोंके मध्यमें जो कि बलवान् होवे वही मारक ग्रह होता है और यदि सब ग्रह समान बली होवें तौ सबही ग्रह मारक होते हैं। यदि कहो कि बहुतसे ग्रह मारक होवें तो किसकी दशामें मरण होता है तहां यह जानना कि अल्प मध्य दीर्घायुओंमें जिसका जहां जहां संभव होवे उसी राशिदशामें मरण होता है ॥ ५५ ॥

इसके अनन्तर मारकका फल कहते हैं।

तद्दक्षदशायां निधनम् ॥ ५६ ॥

जिस राशिका मारक ग्रह होवे अथवा जिस राशिका मारक ग्रह स्वामी होवे उसकी चरस्थिरादिरूप महादशामें मरण होता है॥५६॥

इसके अनन्तर मारकमहादशामें जो कि मरणकारक अन्तर्दशा है उसको कहते हैं।

तत्रापि कालाद्रिपुरोगचित्तनाथापहारे ॥ ५७ ॥

मारकग्रहकी दशामेंभी आत्मकारकके सप्तमसे द्वादश अष्टम षष्ठ

---

१ बहुधा मुख्यताकर आत्मकारकसे षष्ठेशही मारक होता है। यहां वृद्धोनेभी कहा है। "षष्ठाष्टमेशौ भवतो मारकावष्टमेश्वरः। प्रायेण मारको राशिदशास्वन्ताविशेषतः॥ षष्ठभे पापभूयिष्टे षष्ठेशो मुख्यमारकः। षष्ठात्त्रिकोण.. वापि मुख्यमारक इष्यते॥ मध्यायुषि मृतः षष्ठदशायामष्टमस्य वा। षष्ठत्रिकोणस्य पुनर्दीर्घायुष्विषये भवेत्॥ षष्टे बलयुते तस्य त्रिकोणे मृतिमादिशेत्। षष्ठेशश्चेद्बलाढ्यः स्यात्तत्त्रिकोणे मृतिं वदेत्॥ व्यत्यस्थेयं समस्तापि कारकादिदशास्वपि। बलिनः शुक्रशशिनोर्वाच्यं षष्ठाष्टमादिकम्॥" अर्थ—यदि षष्ठेश अष्टमेश दोनों मारक होवें तौ बहुधाकर अष्टमेशही मारक होता है। यदि षष्ठराशि अधिक पाप ग्रहोंसे युक्त होवे तौ मुख्यतासे षष्ठेश मारक होता है अथवा षष्ठेस त्रिकोणस्थानपर स्थित हुआ ग्रहभी मारक होता है। यदि मध्यायु होवे तौ षष्ठ अथवा अष्टमराशिकी दशामें मरण होता है और दीर्घायु वा अल्पायु होवे तौ षष्ठ राशिसे त्रिकोण नाम प्रथम पंचम नवम राशिकी दशामें मरण होता है। यदि षष्ठराशि बलयुक्त होवे तौ उसके त्रिकोणराशिमें मरण कहै और यदि षष्ठेश बलवान् होवे तौ षष्ठेशसे त्रिकोणराशिमें मरण कहे। लग्नसप्तममें जो बली होवे उससे षष्ठ अष्टमादिक ग्रहण करने चाहिये यही समस्त व्यवस्था कारकादिदशाओंमेंभी होवे ॥

स्थान इनके स्वामियोंके मध्यमें जो बलवान् होवे उसका जब अन्तर्दशाकाल आवे उसमें मरण होता है[1] ॥ ५७ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रद्वितीयाध्याये श्रीनीलकंठीयतिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकभंगसेनात्मजकाशिरामकृतायां प्रथमः पादः समाप्तः१

अथ द्वितीयपादः।

इसके अनंतर पित्रादिकोंका मरणकाल जतानेके लिये पित्रादिकारकको कहते हैं।

रविशुक्रयोः प्राणी जनकः ॥ १ ॥

सूर्य और शुक्र इन दोनोंके मध्यमें जो बलवान् होवे वह पितृकारक होता है ॥ १ ॥

चंद्रारयोर्जननी ॥ २ ॥

चंद्रमा मंगल इन दोनोंमें जो कि बली होवे वह मातृकारक होता है ॥ २ ॥

अप्राण्यपि पापदृष्टः ॥ ३ ॥

सूर्य शुक्र और चंद्र मंगल इनके मध्यमें जो निर्बली हो वह यदि पापग्रहने देखा होवे तो यथाक्रम पितृमातृकारकताको प्राप्त

---

१ यहांपर वृद्धोंने विशेष कहा है। " चरे चरास्थिरद्वन्द्वा इति यो राशिरागतः। स एव मारको राशिर्भवतीति विनिर्णयः ॥ बहुराशिसमावेशे बलवान् मारकः स्मृतः ॥ " अर्थ–लग्नेश अष्टमेश तथा लग्नचंद्र तथा लग्नहोरा यह दो दो आयुर्दायकारक जिस राशिपर स्थित होव वह राशि मारक होता है और यदि वह राशि बहुतसे होवें सौ विना ग्रहके राशिसे ग्रहयुक्त राशि और एक ग्रहयुक्त राशिसे दो ग्रहयुक्त राशि बली होता है, इस रीतिसे जो राशि बली होवे वह मारक होता है। उस मारकराशिका स्वामी जिस राशिपर स्थित होवे उस राशिकी दशामें मरण होता है और अन्य ऐसा कहते है। "चर इत्यादिनायुर्यत्तत्समाहृत्युचितो भवेत्। योराशिः स तु विज्ञेयो मारकः सूत्रसंमतः ॥" अर्थ–" चरे चरास्थिरद्वंद्वाः " इस श्लोकसे जो कि आयु आया है वह दीर्घमध्यादिरूप आयु जिस राशिमें समाप्त होव वही राशि मारक होता है ॥

होता है। भाव यह है कि सूर्य शुक्र इन दोनोंमें जो कि निर्बली होवे वह यदि पापग्रहने देखा हो तो पितृकारक होता है और चंद्रमा मंगल इन दोनोंमें जो कि निर्बली होवे वह यदि पापग्रहने देखा होवे तो मातृकारक होता है ॥ ३ ॥

इसके अनंतर बली पितृमातृकारकका फल कहते हैं।

प्राणिनि शुभदृष्टे तच्छूले निधनं मातापित्रोः॥ ४ ॥

बली पितृकारक अथवा बली मातृकारक शुभ ग्रहने देखा होवे तो जिस राशिपर पितृकारक वा मातृकारक स्थित होवे उस राशिसे त्रिकोणराशिकी दशामें पिता और माताका मरण जानना ॥ ४ ॥

तद्भावेशे स्पष्टबले ॥ ५ ॥ तच्छूल इत्यन्ये ॥ ६ ॥

बली हो अथवा निर्बली हो ऐसे दोनों प्रकारके पितृमातृकारकसे अष्टम स्थानका स्वामी पितृमातृकारकसे अधिक बली अर्थात् अधिकांश होवे तो जिस राशिका अष्टमेश होवे उस राशिसे त्रिकोण नाम प्रथम पंचम नवम राशिकी दशामें पितृमातृका मरण जानना ऐसा अन्य आचार्य कहते हैं। पितृकारकसे ऐसा योग होवे तो पिताका मरण और मातृकारकसे ऐसा योग होवे तो माताका मरण जाने[1] ॥ ५ ॥ ६ ॥

आयुषि चान्यत् ॥ ७ ॥

पितृआदिकोंके आयुके विचार किये जानेपर पितृआदिकोंका कारक और अन्य प्रकारसे कहे हुए निर्याणशूलदशादिककाभी विचार करना चाहिये ॥ ७ ॥

इसके अनंतर पितृमरणमें विशेष कहते हैं।

अर्कज्ञयोगे तदाश्रये लग्नमेषदशायां पितुरित्येके ॥ ८॥

लग्नसे क्रिय नाम द्वादशराशि वह होवे है जो कि सूर्यबुधाश्रय

---

१ "तद्भावेशे स्पष्टबले" इस सूत्रमें जो कि "अधिबले" पदके जगह "स्पष्टबले" ऐसा पद कहा है उससे अंशाधिक बल ग्रहण करना चाहिये ॥

अर्थात् सिंह मिथुन कन्या है और उसमें सूर्य और बुधका योग होवे तो लग्नसे पंचम राशिकी दशामें पिताका मरण होता है ऐसा कोई आचार्य कहते हैं । भाव यह है कि लग्नसे द्वादश सिंह मिथुन कन्यामेंसे कोई होवे और उसमें सूर्य बुध इन दोनोंका योग होवे तो लग्नसे पंचम राशिकी दशामें पिताका मरण होता है[1] ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर बाल्यावस्थामेंही मातापितृके मरणयोगको कहते हैं ।

व्यर्कपापमात्रदृष्टयोः पित्रोः प्राग्द्वादशाब्दात् ॥ ९ ॥

बली हो अथवा निर्बली हो ऐसे दोनों प्रकारके पितृमातृकारक यदि सूर्यवर्जित अन्य पापग्रहमात्रने देखे होवें तो बारह वर्षसे पूर्वही पितृमातृका यथाक्रम मरण होता है । भाव यह है कि बली वा निर्बली पितृकारक सूर्यवर्जित पापग्रहमात्रने देखा हो तो पिताका मरण होता है और बली वा निर्बली मातृकारक सूर्यवर्जित पापग्रहमात्रने देखा हो तो माताका मरण होता है और सूर्य वा शुभ ग्रहकी दृष्टि होवे तो यह योग नहीं होता है ॥ ९ ॥

इसके अनन्तर स्त्रीमरणकाल कहते हैं ।

गुरुशूले कलत्रस्य ॥ १० ॥

जिस राशिपर बृहस्पति स्थित होवे उस राशिसे त्रिकोणराशिकी दशामें स्त्रीका मरण होता है ॥ १० ॥

इसके अनन्तर पुत्रमातुलादिकोंकाभी मरणकाल कहते हैं ।

तत्तच्छूले तेषाम् ॥ ११ ॥

पुत्रमातुलादिकारक जिस २ राशिपर स्थित होवें उसी २ राशिसे त्रिकोणराशिकी दशामें पुत्रमातुलादिकोंका मरण होता है ॥ ११ ॥

इसके अनन्तर मरणमें शुभाशुभ भेद दिखाते हैं ।

कर्मणि पापयुतदृष्टे दुष्टं मरणम् ॥ १२ ॥

---

1 " अर्कज्ञयोगे तदाश्रये क्रियेलग्ने मेषदशायां पितुरित्येके " यदि ऐसा पाठ होय तो यह अर्थ हुआ यदि क्रियनाम मेषराशि सूर्य बुध इन दोनोंके योगसे युक्त होकर लग्नमें होवे तो मेषराशिकी दशामें पिताका मरण होता है ॥

लग्नसे अथवा कारकसे तृतीय स्थान पापग्रहकर युक्त होवे अथवा पापग्रहने देखा हो तो दुष्ट मरण होता है ॥ १२ ॥

शुभं शुभदृष्टियुते ॥ १३ ॥

लग्नसे अथवा कारकसे तृतीय स्थान शुभ ग्रहसे युक्त होवे अथवा शुभ ग्रहने देखा होवे तो शुभ मरण होता है। अग्निसे जलसे गिरनेसे बन्धनादिसे जो मरण होता है वह दुष्ट कहाता है और ज्वरादिरोगसे जो मरण होता है वह शुभ कहाता है ॥ १३ ॥

मिश्रे मिश्रम् ॥ १४ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर शुभ अशुभ दोनोंकी दृष्टि अथवा योग होवे तो शुभाशुभरूप मरण होता है ॥ १४ ॥

आदित्येन राजमूलात् ॥ १५ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर सूर्यका योग वा दृष्टि होवे तो राजाके निमित्तसे मरण होता है ॥ १५ ॥

चंद्रेण यक्ष्मणः ॥ १६ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान चन्द्रमासे युक्त वा देखा गया हो तो क्षयरोगसे मृत्यु होता है ॥ १६ ॥

कुजेन व्रणशस्त्राग्निदाहाद्यैः ॥ १७ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान मंगलसे युक्त वा देखा गया तो व्रण शस्त्र अग्निदाहादिसे मरण होता है ॥ १७ ॥

शनिना वातरोगात् ॥ १८ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान शनिसे युक्त वा देखा गया हो तो वातरोगसे मरण होता है ॥ १८ ॥

मंदमांदिभ्यां विषसर्पजलोद्बंधनादिभिः ॥ १९ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान शनैश्चर और गुलिकसे

युक्त वा देखा गया हो तो विष सर्प जल बन्धनादिकसे मरण होता है ॥ १९ ॥

केतुना विषूचीजलरोगाद्यैः ॥ २० ॥

लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान केतुसे युक्त वा देखा गया हो तो विषूचिका जलरोगादिकोंसे मरण होता है ॥ २० ॥

चंद्रमांदिभ्यां पूगमदान्नकवलादिभिः क्षणिकम् ॥ २१ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान चन्द्र और गुलिकसे युक्त वा दृष्ट हो तो सुपारी मद तथा अन्नग्रासादिसे शीघ्रही मरण हो जाता है ॥ २१ ॥

गुरुणा शोफाऽरुचिवमनाद्यैः ॥ २२ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान बृहस्पतिसे युक्त वा दृष्ट होवे तो शोफ नाम सूजन और अरुचि और वमन इत्यादिकसे मरण होता है ॥ २२ ॥

शुक्रेण मेहात् ॥ २३ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान शुक्रसे युक्त वा दृष्ट होवे तो प्रमेहरोगसे मृत्यु होता है ॥ २३ ॥

मिश्रे मिश्रात् ॥ २४ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर अनेक ग्रहोंका योग वा दृष्टि होवे तो अनेक रोगोंसे मरण होता है ॥ २४ ॥

चंद्रदृग्योगान्निश्चयेन ॥ २५ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर जिस ग्रहका योग अथवा दृष्टि होवे और तहां चन्द्रमाकाभी योग वा दृष्टि होवे तो अवश्यही उसी ग्रहके रोगसे मरण कहना चाहिये। इस कथनसे यह सिद्ध हुआ कि तृतीय स्थानपर चन्द्रमाका योग वा दृष्टि न होवे

---

१ गुलिकके स्पष्ट करनेका विधान प्रथमाध्यायके द्वितीयपादसंबन्धि उन्तीसवें सूत्रकी टिप्पणीमें लिख आये हैं ॥

तो जिस ग्रहसे कि तृतीय स्थान युक्त वा दृष्ट है उस ग्रहके रोगसे मरणमें संदेह रहता है ॥ २५ ॥

इसके अनंतर मरणमें देशभेदको दिखाते हैं।

शुभैः शुभे देशे ॥ २६ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर शुभ ग्रहोंका योग और दृष्टि होवे तौ काश्यादि पुण्यभूमिमें मरण होता है ॥ २६ ॥

पापैः कीकटे ॥ २७ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थानपर पापग्रहोंका योग दृष्टि होवे तौ मगधादि पाप देशमें मरण होता है और यदि शुभ पाप ग्रह दोनोंका योग और दृष्टि होवे तौ न काश्यादि शुभ देशमें और न मगधादि पाप देशमें किन्तु सामान्य देशमें मरण होता है ॥ २७ ॥

गुरुशुक्राभ्यां ज्ञानपूर्वम् ॥ २८ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान बृहस्पति शुक्र इन दोनोंसे युक्त वा देखा गया हो तौ ज्ञानपूर्वक मरण होता है अर्थात् मरण-समय बुद्धि यथावत् रहती है ॥ २८ ॥

अन्यैरन्यथा ॥ २९ ॥

यदि लग्न वा कारकसे तृतीय स्थान बृहस्पति शुक्रको त्याग अन्य किसी ग्रहसे युक्त वा दृष्ट होवे तौ अज्ञानपूर्वक मरण होता है अर्थात् मरणसमय बुद्धि नहीं रहती है ॥ २९ ॥

लेपजनयोर्मध्ये शनिराहुकेतुभिः पित्रोर्न संस्कर्ता ३०

लग्न और द्वादश स्थान इन दोनोंके मध्यमें शनैश्चर राहु अथवा शनैश्चर केतु ये दोनों ग्रह होवें तौ मातापिताका दाहादिरूप संस्कार करनेवाला नहीं होता है ॥ ३० ॥

लेपादि पूर्वार्द्धे जनकाद्यपरार्द्धे ॥ ३१ ॥

लग्नसे आदि लेकर प्रथमके छः भावोंमें और द्वादश स्थानसे आदि लेकर पिछले छः भावोंमें राहु शनैश्चर अथवा केतु शनैश्चर

ये दोनों विद्यमान होवें तौ क्रमसे माता पिताके दाहादिरूप संस्कार करनेवाला नहीं होता है । भाव यह है कि लग्नसे आदि लेकर छः भावोंमें शनैश्चर राहु अथवा शनैश्चर केतु ये दोनों विद्यमान होवें तौ माताके दाहादिरूप संस्कार करनेवाला नहीं होता है और सप्तमसे आदि लेकर छः भावोंमें शनि केतु विद्यमान होवें तौ पिताके दाहादिरूप संस्कार करनेवाला नहीं होता है[1] ॥ ३१ ॥

शुभदृग्योगान्न ॥ ३२ ॥

यदि लग्नसे लेकर छः भावोंमें और द्वादश स्थानसे लेकर पिछले छः भावोंमें शुभ ग्रहोंकी दृष्टि और योग होवे तौ यह कहा हुआ योग नहीं होता है किन्तु मातापिताको दाहादिरूप संस्कार करनेवाला होता है ॥ ३२ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रद्वितीयाध्याये श्रीनीलकंठीयतिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां द्वितीयपादः समाप्तः ॥ २ ॥

अथ तृतीयपादः ।

इसके अनन्तर दशाभेद बलभेद कहते हैं तिसमेंभी प्रथम नवांशदशाको कहते हैं ।

विषमे तदादिर्नवांशः ॥ १ ॥ अन्यथाऽऽदर्शादिः ॥२॥

यदि विषम लग्न होवे तौ लग्नसे आदि लेकर नवांशदशा होवे है और अन्यथा अर्थात् समराशि लग्नमें होवे तौ आदर्शादि नाम सप्तम राशिसे आदि लेकर नवांशदशा होवे है इस नवांश-

---

१ शङ्का—शनैश्चर राहु केतु इन तीनोंका एक जगह होना क्यों नहीं कहा ? क्योंकि सूत्रमें तौ " शनिराहुकेतुभिः " ऐसा पद कहा है। समाधान—राहु केतुकी स्थिति एक जगह नहीं हो सक्ती इससे तीनोंका एक जगह होना नहीं कहा ॥

दशामें प्रत्येक राशिके नौ नौ वर्ष होते हैं इसीसे इसका नाम नवांशदशा जानना ॥ १ ॥ २ ॥

शशिनंदपावकाः क्रमादब्दाः स्थिरदशायाम् ॥ ३ ॥

स्थिर दशामें चर स्थिर द्विस्वभाव राशियोंके क्रमसे सात व आठ व नौ वर्ष होते हैं अर्थात् मेष कर्क तुला मकर इनके सात २ वर्ष होते हैं, वृष सिंह वृश्चिक कुम्भ इनके आठ आठ वर्ष होते हैं, मिथुन कन्या धनु मीन इनके नौ नौ वर्ष होते हैं ॥ ३ ॥

इसके अनन्तर स्थिरदशाका आरम्भस्थान कहते हैं।

ब्रह्मादिरेषा ॥ ४ ॥

जिस राशिपर ब्रह्मग्रह स्थित होवे उस राशिसे आरम्भ करके यह स्थिरदशा प्रवृत्त होती है ॥ ४ ॥

अथ प्राणः ॥ ५ ॥

इसके अनन्तर बलाधिकारमें राशियोंका बल कहा जाता है ॥५॥

कारकयोगः प्रथमो भानाम् ॥ ६ ॥

राशियोंका प्रथम बलकारक योग होता है अर्थात् विना ग्रहवाले राशिसे ग्रहवाला राशि बली होवे है ॥ ६ ॥

साम्ये भूयसा ॥ ७ ॥

यदि दोनों जगह ग्रहयोगकी समानता होवे तौ बहुतसे ग्रहयोगकरके राशियोंका बल होता है अर्थात् थोडे ग्रहवाले राशिसे बहुत ग्रहवाला राशि बली होता है ॥ ७ ॥

ततस्तुंगादिः ॥ ८ ॥

यदि ग्रहोंकी बाहुल्यतामें बराबर होवे तौ उच्चादियोग राशि-

---

१ यहां आदर्शशब्दका अर्थ संमुख है लग्नसे संमुख सप्तमराशिही होता है। "स्थिर राशेः षष्ठराशिश्चरस्याष्टम एव सः। द्विस्वभावस्य राशिस्तु सप्तमः सम्मुखो मतः ॥" अर्थ-स्थिरराशिका चर राशि और चरराशीका अष्टमराशि और द्विस्वभाव राशिका सप्तम राशि सम्मुख होता है ऐसा जो कि पंथोंने कहा है सो यहां नहीं हो सक्ता क्योंकि यह पंथवचन बुद्धिविषयमेंही है न कि अन्य विषयमें ॥

योंका बल होता है अर्थात् दोनों जगह ग्रह बराबर स्थित हों तौ जिस राशिपर उच्चका अथवा स्वराशिका वा मित्रगृहका ग्रह स्थित होवे वह राशि बली होता है ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर राशियोंका निसर्ग बल कहते हैं ।

निसर्गस्ततः ॥ ९ ॥

उच्चादि बलके अनन्तर निसर्गबल ग्रहण करना चाहिये । भाव यह है कि यदि दोनों जगह उच्चस्थ वा स्वगृहस्थ वा मित्रगृहस्थ ग्रह विद्यमान होवे तो चरसे स्थिर और स्थिरसे द्विस्वभाव इस रीतिसे जो कि राशि बली हो वह ग्रहण करना चाहिये ॥ ९ ॥

तदभावे स्वामिन इत्थंभावः ॥ १० ॥

जिस राशिका यह कहा हुआ कारकयोगादिबल न होवे तो उस राशिके स्वामीकाही यह कारकयोगादिबल ग्रहण करना चाहिये अर्थात् जिस राशिका स्वामी बली होता है वह राशिभी बली होता है ॥ १० ॥

आग्रायतोऽत्र विशेषात् ॥ ११ ॥

यदि एक राशिपर बहुतसे ग्रह विद्यमान हों और उन ग्रहोंका राश्यादिकबलभी समान होवे तौ उन ग्रहोंमें जो कि आग्रायत नाम अग्रगामी अर्थात् अधिक अंशवाला हो वह विशेषकर इस ग्रंथमें बली होता है ॥ ११ ॥

प्रातिवेशिकः पुरुषे ॥ १२ ॥

विषमराशिमें पार्श्ववर्त्ती ग्रह अपने बलके करनेवाला होता है । भाव यह है कि विषमराशिसे द्वितीय और द्वादश स्थानपर जो कि ग्रह स्थित हो वह अपने बलको उसी विषमराशिमें देता है ॥ १२ ॥

---

१ यहां वृद्धवचनभी है । " अग्रहात्सग्रहो ज्यायान् सग्रहेष्वधिकग्रहः । साम्ये चर-स्थिरद्वन्द्वाः क्रमात्स्युर्बलशालिनः ॥ " अर्थ—विना ग्रहवालेसे ग्रहवाला और ग्रहवालेसे अधिक ग्रहवाला राशि बली होता है और यदि इस प्रकारभी समानता होवे तौ चरसे स्थिर और स्थिरसे द्विस्वभाव बली होता है ॥

इति प्रथमः ॥ १३ ॥

इस प्रकारसे राशियोंका प्रथम बल कहा है ॥ १३ ॥

स्वामिगुरुज्ञदृग्योगो द्वितीयः ॥ १४ ॥

स्वामीका योग और बृहस्पतिका योग और बुधका योग यह एक २ बारह राशियोंका बल होता है और स्वामीकी दृष्टि और बृहस्पतिकी दृष्टि और बुधकी दृष्टि यह एक २ बारह राशियोंका बल होता है। इस प्रकार जो कि छः बल हैं वह राशियोंका द्वितीय बल कहाता है। भाव यह है कि जिस राशिपर स्वामी बृहस्पति बुध इनका योग या दृष्टि होवे तो वह राशि बली होता है[1] ॥ १४ ॥

स्वामिनस्तृतीयः ॥ १५ ॥

जो कि राशिके स्वामीका बल है वह राशिका तृतीय बल कहा है ॥ १५ ॥

इसके अनन्तर स्वामीका बलाबल दिखाते हैं।

स्वात्स्वामिनः कंटकादिष्वपारदौर्बल्यम् ॥ १६ ॥

आत्मकारकसे केंद्र पणफर आपोक्लिम इन स्थानोंके विषे स्वामीकी क्रमसे अपारनाम शून्य एक द्विगुण दुर्बलता होवे है। भाव यह है कि आत्मकारकसे प्रथम चतुर्थ सप्तम दशम इन स्थानोंमें जिस राशिका स्वामी स्थित हो वह राशि और स्वामी पूर्ण बली होते हैं और आत्मकारकसे द्वितीय पंचम सप्तम एकादश इन स्थानोंपर जिस राशिका स्वामी स्थित होवे वह राशि और स्वामी अर्द्धबली होते हैं और आत्मकारकसे तृतीय षष्ठ नवम द्वादश इन स्थानोंपर जिस राशिका स्वामी स्थित होवे वह राशि और स्वामी दुर्बल होता है[2] ॥ १६ ॥

---

१ "द्वितीये भावबलं चरनवांशे" इस अगले सूत्रमें जो कि भावबल ग्राह्य है वह यहां स्पष्ट किया है॥

२ "अपार" इस शब्दका अर्थ कटपयादिसंख्याके अनुसार है। कटपयादि संख्यामें स्वर शून्य माना जाता है इससे पकारका शून्य अर्थ लेनेसे दुर्बलताकी ग.

चतुर्थतः पुरुषे ॥ १७ ॥

चतुर्थ बलसेभी विषम राशिमें बल होता है। भाव यह है कि "पापदृग्योगस्तुंगादिग्रहयोगः" इस सूत्रमें जो कि चतुर्थ बल कहा है उस बलसे विषमराशिही बली होता है[1] ॥ १७ ॥

इसके अनन्तर निर्याणशूलदशा कहते हैं।

पितृलाभप्रथमप्राण्यादिशूलदशानिर्याणे ॥ १८ ॥

लग्न और सप्तम इन दोनोंमें जो कि प्रथम बली होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमसंबन्धी उसी बली राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब मृत्यु होता है। इस निर्याण-शूलदशामें प्रत्येक राशिके नौ २ वर्ष ग्रहण करने चाहिये ॥ १८ ॥

इसके अनन्तर पिताकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

पितृलाभपुत्रः प्राण्यादिः पितुः ॥ १९ ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि नवम राशि है उन दोनों नवम राशियोंमें जो कि बलवान् होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न-सप्तमके बली नवम राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब पिताका मृत्यु होता है ॥ १९ ॥

इसके अनन्तर माताकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

आदर्शादिर्मातुः ॥ २० ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि चतुर्थ राशि है उन दोनोंमें जो कि

न्यता प्राप्त हुई अर्थात् पूर्ण बल रहा और आकारकी संख्या एक है इससे पाकारका एक अर्थ लेनेसे दुर्बलता एकगुणी रही अर्थात् अर्द्ध बल रहा और रकारकी संख्या दो है इससे रकारकी दो संख्या लेनेसे दुर्बलता दोगुणी रही अर्थात् बलकी शून्यता रही ॥

[1] कोई आचार्य इस सूत्रका यह अर्थ करते हैं कि विषमराशिमें चतुर्थ बल है सो यह अर्थ योग्य नहीं क्योंकि ग्रंथकारका ऐसा अभिप्राय होता तो "चतुर्थः पुरुषे" ऐसा सूत्र होता तत्प्रत्यय न होता। यदि कहो कि चतुर्थ बल कौनसा है इस शंकाके दूर करनेको "इति चत्वारः" ऐसा आगे कहेंगे। यदि कहो कि फिर वह बल यहांही क्यों नहीं कहा ? तहां जानना कि चतुर्थ बलका इस समय उपयोग नहीं इससे उप-योगी बल कहकर कुछ दशाओंको दिखाय आगे कहेंगे ॥

बली होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमके बली चतुर्थ राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब माताका मृत्यु होता है ॥ २० ॥

इसके अनन्तर भ्राताकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

कर्मादिर्भ्रातुः ॥ २१ ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि तृतीय राशि है उन दोनों तृतीय राशियोंमें जो कि बली होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमसे बली तृतीय राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब भ्राताका मृत्यु होता है ॥ २१ ॥

इसके अनन्तर भगिनी पुत्र इन दोनोंकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

मात्रादिर्भगिनिपुत्रयोः ॥ २२ ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि पंचम राशि है उन दोनों पंचम-राशियोंमें जो कि बली होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमके बली पंचम राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब बहिनी और पुत्र इन दोनोंका मरण होता है ॥ २२ ॥

इसके अनन्तर ज्येष्ठ भ्राताकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

व्ययादिर्ज्येष्ठस्य ॥ २३ ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि एकादश राशि है उन दोनों एकादश राशियोंमें जो कि बली होवे उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमके बली एकादश राशिसे प्रथम पंचम नवम राशिकी दशा आवे तब बडे भ्राताका मरण होता है ॥ २३ ॥

इसके अनन्तर पितृवर्गकी निर्याणशूलदशा कहते हैं।

पितृवत्पितृवर्गः ॥ २४ ॥

लग्नसे और सप्तमसे जो कि नवम राशि है उन दोनों नवम राशियोंमें जो कि बली है उससे आरम्भ करके जब कि लग्न सप्तमके बली नवमराशिसे १। ५। ९ राशिकी दशा आवे तब पितृ-

वर्ग नाम पितृव्यादिकोंका मरण होता है। इस निर्याणशूलदशामें सब जगह प्रत्येक राशिके नौ २ ही वर्ष होते हैं ॥ २४ ॥

इसके अनन्तर ब्रह्मदशा कहते हैं।

ब्रह्मादिपुरुषे समा दासांताः ॥ २५ ॥

जन्मलग्न विषम होवे तो जिस राशिमें ब्रह्मग्रह स्थित होवे उससे आरम्भ करके ब्रह्मदशा प्रवृत्त होवे है। ब्रह्मदशामें प्रत्येक राशिके वर्ष वे होते हैं जो कि राशिसे अपने छठे स्थानके स्वामी-तक संख्या है। भाव यह है कि अपनेसे जितनी संख्यापर अपने छठे स्थानका स्वामी स्थित हो उतने वर्ष राशिके ब्रह्मदशामें होते हैं[1] ॥ २५ ॥

स्थानव्यतिकरः ॥ २६ ॥

यदि जन्मलग्न विषम होवे तो जिस राशिपर ब्रह्मग्रह स्थित होवे उससे आरम्भ करके क्रमसे अन्य राशियोंकी दशा होवे है और यदि जन्मलग्न सम होवे तो जिस राशिपर ब्रह्मग्रह स्थित होवे उससे जो कि सप्तम राशि है उसकी प्रथम दशा तत्पश्चात् उलटे क्रमसे अन्य राशियोंकी दशा होवे है। भाव यह है कि लग्न विषम होवे तो ब्रह्माश्रित राशिसे क्रमानुसार और सम लग्न होवे तो ब्रह्मसप्तमराशिसे व्युत्क्रमानुसार दशा लाई जावे है ॥ २६ ॥

इसके अनन्तर चतुर्थ बल कहते हैं।

पापदृग्योगस्तुंगादिग्रहयोगः ॥ २७ ॥

पापग्रहोंकी दृष्टि और योग राशिका बल होता है और अपने उच्च तथा मूल त्रिकोण तथा स्वराशि तथा अतिमित्रराशि तथ

---

१ शंका—दासशब्दकरके षष्ठराशिके स्वामीका कैसे ग्रहण किया है? क्योंकि कटपयादि संख्याद्वारा दासशब्द षष्ठकाही वाचक है। समाधान—षष्ठराशिपर्यन्तही सब राशियोंके वर्ष लानेमें बहत्तरि वर्षसे ऊपर वर्ष नहीं आ सक्ते इससे दासान्तशब्दका षष्ठस्वाम्यन्त ऐसा अर्थ योग्य है। शंका—यदि कहो कि समस्त राशियोंके वर्ष लानेमें ब्रह्माश्रित राशितेही गणना होवे है ऐसा अर्थ इस सूत्रका होना चाहिये। समाधान—यदि ऐसा सूत्रार्थ होता तो "पुरुषे ब्रह्मादिसमा दासान्ताः" इस प्रकार सूत्र होता॥

मित्रराशि इनपर स्थित हुए शुभग्रहका योगभी राशिका बल होता है' ॥ २७ ॥

इसके अनन्तर प्रथमाध्यायमें वर्ष लानेमात्र कही हुई चरदशामें क्रमव्युत्क्रम भेद कहते हैं।

पंचमे पदक्रमात्प्राक्प्रत्यक्त्वम् ॥ २८ ॥

मेषराशिसे तीन २ राशियोंका एक २ पद होता है इस प्रकार बारह राशियोंके चार पद होते हैं। प्रथम मेषादि विषम पद, द्वितीय कर्कादि सम पद, तृतीय तुलादि विषम पद, चतुर्थ मकरादि सम पद है। यदि लग्नसे नवम स्थानमें विषमपदसम्बधी राशि होवे तो क्रमसे दशा रक्खे और यदि लग्नसे नवम स्थानमें सम पद सम्बन्धी राशि होवे तौ उलटे क्रमसे दशा रक्खे; चरदशामें दशाके आरम्भका अवधि लग्नही है चरदशा वर्ष तो " नाथान्ताः समाः प्रायेण " इस सूत्रद्वारा पहिले कह आये हैं। क्रमव्युत्क्रमभेद नहीं कहा था सो अब कह दिया ॥ २८ ॥

चरदशायामत्र शुभः केतुः ॥ २९ ॥

इस चरदशामें केतु शुभग्रह माना जाता है अर्थात् केतु शुभ फलदायक होता है ॥ २९ ॥

इतिश्रीजैमिनीयसूत्रद्वितीयाध्याये श्रीनीलकंठीयातिलकानुसृतभाषाटीकार्यां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां तृतीयपादः समाप्तः ॥३॥

---

१ शंका-तुंगादि और ग्रहयोग इन दोनोंका विभाग करके जो कि पंथीने तुंगादि बल और ग्रहयोगबल पृथक् ग्रहण किया है सो यह पंथवचन योग्य नहीं क्योंकि " पापदृग्योग० " इस सूत्रद्वारा जो कि पापयोगबल कहा सो " ग्रहयोगः " इसी पदसेही उस अर्थका तौ लाभ होनेसे पापदृक् इस शब्दके अगार योगशब्दका प्रयोग करना व्यर्थ हो जायगा। तिससे यह भाव हुआ कि पापग्रह कहींभी स्थित हो उनके योगमें राशिका बल होता है और शुभग्रह जब कि उच्चादिमें स्थित होंगे तब उनके योगमें राशिका बल होवेगा इस प्रकार चार कारकयोग हैं तीन तौ पहिले कह दिये यह एक चतुर्थ है ॥

अथ चतुर्थपादः।

द्वितीयं भाववलं चरनवांशे ॥ १ ॥

चरराशिकी नवांशदशामें द्वितीयभाववल फलादेशके लिये ग्रहण करना चाहिये। भाव यह है कि "स्वामिगुरुज्ञदृग्योगो द्वितीयः" इस सूत्रमें जो कि द्वितीयराशिवल कहा है वह चरराशिकी नवांशदशामें फल कहनेके लिये ग्रहण करने योग्य ह ॥ १ ॥

इसके अनन्तर द्वारराशि और बाह्यराशि इन दोनोंको दिखाते हैं।

दशाश्रयो द्वारम् ॥ २ ॥

जिस कालमें जिस राशिकी चरस्थिरनामसे दशा होवे वह दशाश्रय राशिद्वार कहाता है और उसीको पाकराशिभी कहते हैं ॥ २॥

ततस्तावतिथं बाह्यम् ॥ ३ ॥

लग्नसे जितनी संख्यापर द्वारराशि होवे उस द्वारराशिसे उतनीही संख्यापर बाह्यराशि होता है उस बाह्यराशिको भोगराशिभी कहते हैं' ॥ ३ ॥

---

१ जन्मकालमें जिस राशिसे प्रथमकी दशाका प्रारम्भ होता है, वह राशिही लग्नशब्दसे यहां ग्रहण करना चाहिये या तो जन्मलग्नही हो वा सप्तमराशि हो अथवा ब्रह्मग्रहाश्रित राशि हो इनमेंसे जहां जिसका योग होवे वही दशा आरम्भकी राशि पाकराशिका अवधि होता है न कि केवल प्रसिद्ध लग्नही और यदि जन्मलग्नही पाकराशिका अवधि माना जावेगा तो "स एव भोगराशिश्च पर्याये प्रथमे स्मृतः।" यह वाक्य नहीं लोगा क्योंकि जहां सप्तमसे वा ब्रह्मग्रहाश्रित राशिसे दशाकी प्रवृत्ति है तहां पाकभोगराशि नहीं हो सकेंगे और वृद्धोंने पाकभोगराशि समस्त दशाओंमें कहे हैं। "चरस्थिरद्विस्वभावेष्वोजेषु प्राक् क्रमो मतः। तेष्वेव त्रिषु युग्मेषु प्राहं व्युत्क्रमतोऽखिलम् ॥ एवमुल्लिखितो राशिः पाकराशिरिति स्मृतः। स एव भोगराशिश्च पर्याये प्रथमे स्मृतः ॥ लग्नाद्यावतिथः पाकः पर्याये यत्र दृश्यते। तस्मात्तावतिथो भोगः पर्याये तत्र मृग्यताम् ॥ तादिदं चरपर्यायास्थिरपर्यायोर्द्वयोः। त्रिकोणाख्यदशायां च पाकभोगप्रकल्पनम् ॥" अर्थ-केंद्रदशामें यदि चर स्थिर द्विस्वभाव राशि विषमपदमें होवें तो

इसके अनन्तर द्वारबाह्यराशियोंका फल कहते हैं[1]।

तयोः पापे बंधयोगादिः ॥ ४ ॥

यदि उन द्वारबाह्यराशियोंपर पाप ग्रह विद्यमान होवें तौ द्वार-बाह्यराशियोंकी दशामें बन्धनादि क्लेश होता है[1] ॥ ४ ॥

इसके अनन्तर उस उक्त दोषका अपवाद कहते हैं।

स्वर्क्षेऽस्य तस्मिन्नोपजीवस्य ॥ ५ ॥

उस पापग्रहयुक्त द्वारराशि अथवा बाह्यराशिमें अपने राशिपर उस पापग्रहकी बृहस्पतिके समीप स्थिति होवे तौ बन्धनादि क्लेश नहीं होता है। भाव यह है कि द्वारराशि अथवा बाह्यराशिमें स्थित हुआ पाप ग्रह अपने राशिमें बृहस्पतिके साथ संयुक्त होवे तो उक्त दोष नहीं होता है ॥ ५ ॥

भग्रहयोगोक्तं सर्वमस्मिन् ॥ ६ ॥

इस कहे हुए द्वारराशिमें अथवा बाह्यराशिमें राशी ग्रह दोनोंसे प्राप्त हुए योगोंका समस्त शुभ अशुभ फल जानने योग्य है। भाव यह है कि राशि और ग्रह इन दोनोंसे उत्पन्न हुए जो योग हैं उनमें जो कि शुभ अशुभ फल कहा है वही फल द्वारराशि और बाह्यराशिमें जानना चाहिये ॥ ६ ॥

इसके अनन्तर केंद्रदशाके आरम्भस्थानको दिखाते हैं।

पितृलाभप्राणितोऽयम् ॥ ७ ॥

लग्न और सप्तम राशिमें जो कि राशि बली होवे उस राशिको आरम्भ करके केन्द्रदशा प्रवृत्त होवे है[2] ॥ ७ ॥

क्रमसे लिखे हुए राशि और चर स्थिर द्विस्वभाव राशि समपदमें होवें तौ उलटे रीतिसे लिखे हुए राशिपाक और भोग नामसे होते हैं। लग्नसे जितनी संख्यापर पाकराशि होवे उतनी संख्यापर पाकराशिसे भोगराशि होता है। पाकराशि और भोगराशि चर-दशा और स्थिरदशा दोनोंमें होते हैं तथा त्रिकोण नाम दशामेंभी पाकभोगकल्पना होती है ॥

१ इसमें वृद्धवाक्यभी प्रमाण है। "पाके भोगे च पापादये देहपीडा मनोव्यथा।" ॥

२ इसमें वृद्धवचनभी प्रमाण है। "बलिनः शुक्रशशिनोः केन्द्राख्यां तु दशां नयेत्।

इसके अनन्तर केन्द्रदशाके क्रमभेदोंको कहते हैं।

प्रथमे प्राक्प्रत्यक्त्वम् ॥ ८ ॥

यदि लग्नसप्तमसंबंधी बलवान् राशि चरसंज्ञक होवे तौ अनुज्ञित मार्ग कर केंद्रदशाक्रम होता है। तिसमेंभी यदि लग्नसप्तमसंबन्धी बलवान् चर राशि विषम पदमें होवे तौ प्रथम द्वितीय तृतीयादिक्रमसे केंद्रदशाका आरम्भ होता है॥ ८॥

द्वितीये रवितः ॥ ९ ॥

यदि लग्नसप्तमसंबंधी बलवान् राशि स्थिरसंज्ञक होवे तो विषमसमपदभेदसे छठे २ राशिके क्रमकर केंद्रदशाप्रवृत्ति जाननी। भाव यह है कि लग्नसप्तमसंबन्धी बलवान् स्थिर राशि विषम पदमें होवे तौ सीधे क्रमसे छठा फिर उससे छठा राशि इस क्रमसे केंद्रदशाप्रवृत्ति होवे है और यदि लग्नसप्तमसंबन्धी बलवान् स्थिर राशि समपदमें होवे तो उलटे मार्गसे छठे २ राशिकी केंद्रदशा होवे है॥ ९॥

पृथक्क्रमेण तृतीये चतुष्टयादि ॥ १० ॥

यदि लग्नसप्तमसंबन्धी बलवान् राशि द्विस्वभावसंज्ञक होवे तो विषमसमभेदसे चतुर्थादि केंद्रसे पृथक् क्रमकरके अर्थात् लग्न पंचम नवमादिसे केंद्रदशा प्रवृत्त होवे है। भाव यह है कि लग्नसप्तमसंबन्धी बलवान् द्विस्वभाव राशि विषमपदमें स्थित होवे तो प्रथम तो उसकी फिर सीधे क्रमसे पंचम पणफरकी, फिर उससे पश्चात् नवम आपोक्लिमकी तदनन्तर चतुर्थ केन्द्रकी तदनन्तर चतुर्थकेंद्रसे पंचम पणफरकी पश्चात् नवम पणफरकी तदनन्तर सप्तम केंद्रकी फिर सप्तम केंद्रसे पंचम पणफरकी, फिर नवम आपोक्लिमकी तदनन्तर दशम केंद्रकी, पश्चात् दशम केंद्रसे पंचम पणफरकी, फिर

पुरुषश्चेत्ततो नेया स्त्री चेद्दर्पणतो नयेत॥" अर्थ—यदि पुरुष ज्ञातकवान् होवे तौ लग्न सप्तममें जो कि बली है उससे केंद्रदशा लावे और यदि स्त्री ज्ञातकवती होवे तौ केवल सप्तमसेही केन्द्रदशा लावे॥

नवम आपोक्लिमकी दशाप्रवृत्ति होवे है और यदि लग्नसप्तमसबन्ध बलवान् द्विस्वभाव राशि समपदमें होवे तौ प्रथम उसीके फिर उलटे रीतिसे पंचम पणफरकी फिर नवम आपोक्लिमकी इत्यादि रीतिसे केंद्रदशाप्रवृत्ति होवे है। इस केंद्रदशामें प्रत्येक राशिके नौ २ ही वर्ष ग्रहण करने चाहिये ॥ १० ॥

इसके अनन्तर कारककेंद्रादिदशा कहते हैं।

स्वकेंद्रस्थाद्याः स्वामिनो नवांशानाम् ॥ ११ ॥

आत्मकारकसे केंद्र पणफर आपोक्लिम इन स्थानोंमें क्रमसे स्थित हुए राशि नवांशदशाओंके स्वामी होते हैं। भाव यह है कि आत्मकारकसे प्रथम केंद्रस्थित फिर पणफरस्थित फिर आपोक्लिमस्थित जो कि राशि है वह क्रमसे नवांशदशाके वर्षोंके स्वामी होते हैं परन्तु तिसमेंभी सबसे अधिक बली राशि प्रथमका फिर उससे कम बलवाला द्वितीयका फिर उससे कम बलवाला तृतीयका इस रीतिसे सर्व दुर्बल पर्यंत जानने चाहिये। जैसे केंद्रमें चार राशि स्थित होवे हैं उनमें जो कि अधिक बली है वह प्रथमका और उससे अल्पबलवाला द्वितीयका इत्यादि रीतिसेही पणफर आपोक्लिमस्थ राशियोंका विभाग करना चाहिये[2]। अथवा आत्मकारकसे केंद्र पणफर आपोक्लिम

---

१ इन तीनों सूत्रोंका फलितार्थ वृद्धोंनेभी स्पष्ट किया है। " चरेऽनुज्झितमार्गाः स्यात्षष्ठषष्ठादिकाः स्थिरे। उभये कंटका ज्ञेया लग्नपंचमभाग्यतः ॥ चरस्थिरद्विस्वभावेष्वोजेषु प्राक्क्रमो मतः। तेष्वेव त्रिषु युग्मेषु ग्राह्यं व्युत्क्रमतोऽखिलम् ॥ " अर्थ—चरमें आरम्भसे द्वितीयादि वा द्वादशादि क्रमसे स्थिरमें आरम्भसे क्रम व्युत्क्रम भेदकर षष्ठषष्ठादि क्रमसे और द्विस्वभावमें आरम्भसे क्रमव्युत्क्रम भेदकर लग्न पंचम नवम क्रमसे चारों केंद्रोंकी दशा जाननी। चर स्थिर द्विस्वभाव ये विषम पदमें होवें तौ क्रमसे और सम पदमें होवे तौ व्युत्क्रमसे गिने ॥

२ यहां वृद्धवचन विशेष है। " प्रतिभं नव वर्षाणि कारकाश्रयराशितः। जन्म संपद्विपत् क्षेमः प्रत्यरिः साधको वधः ॥ मैत्रं परममैत्रं चेत्येवमंतर्दशा नयेत्। " अर्थ—जिस राशिपर आत्मकारक स्थित होवे उस राशिसे आरम्भ करके प्रत्येक राशिके नौ २ वर्ष होते हैं उन नौ वर्षोंके मध्य प्रत्येक वर्षके जन्म, संपत्, विपत्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध इन नामोंसे अन्तर्दशा होवे है ॥

इन स्थानोंमें स्थित हुए ग्रह नवग्रहोंके दिये हुए वर्षोंके स्वामी होते हैं। भाव यह है कि आत्मकारकसे प्रथम केंद्रस्थित फिर पणफरस्थित फिर आपोक्लिमस्थित इन ग्रहोंकी क्रमसे दशा होवे हैं परन्तु उन ग्रहोंके वर्ष वही होते हैं जो कि " स तल्लाभयोरावर्त्तते " इस सूत्रद्वार कहे हैं। केंद्रस्थित ग्रहोंमेंभी प्रथम बलीकी फिर उससे कम बलीकी इत्यादि रीतिसे दशा जाननी चाहिये[1] ॥ ११ ॥

इसके अनन्तर अन्य केन्द्रदशा कहते हैं।

पितृचतुष्टयवैषम्यबलाश्रयः स्थितः ॥ १२ ॥

लग्नादि चारों केंद्रोंमें जो कि सबसे अधिक बलयुक्त राशि है वह प्रथम केंद्रदशाप्रद निश्चित किया है। भाव यह है कि केंद्रस्थित राशियोंमें जो कि अधिक बली है प्रथम उस राशिकी फिर अल्पबलकेन्द्रस्थ राशिकी दशा होवे है इसी प्रकार पणफर आपोक्लिम स्थित राशियोंकी दशा होवे है। इस केन्द्रदशामें प्रत्येक राशिके नव ९ वर्ष दशावर्ष होते हैं॥ १२ ॥

इसके अनन्तर कारकादिदशाके वर्ष बनानेका विधान कहते हैं।

स तल्लाभयोरावर्तते ॥ १३ ॥

सो आत्मकारक लग्न और सप्तम इनके विषे वर्तता है। भाव यह है कि लग्न और सप्तमसे विषम समपदसे अनुसार व्युत्क्रमसे आत्मकारकपर्यंत गिने लग्न सप्तम दोनोंके बीच जिससे आत्मकारकपर्यन्त गिननेसे राशिसंख्या अधिक आवे वही संख्या आत्मकारकके कारककेन्द्रादिदशामें वर्ष जाने और अन्य ग्रहोंके मध्य ग्रहसे आत्मकारकपर्यन्त विषमसमपदके अनुसार क्रमव्युत्क्रम रीतिसे गिननेसे जितनी संख्या आवे वही वर्ष उस ग्रहके कारकेन्द्रादिदशामें होते हैं परन्तु जो कि ग्रह आत्मकारकके साथ

[1] यह अर्थभी सूत्रकारको संमत है क्योंकि सूत्रका यह अर्थ न किया जावेगा तो " स तल्लाभयोरावर्त्तते " यह सूत्र व्यर्थ हो जावेगा ॥

युक्त होवे उसके दशावर्ष आत्मकारकके वर्षोंके बराबर होते हैं[1] ॥१३॥

इसके अनन्तर फल कहते हैं।

स्वामिबलफलानि च प्राग्वत् ॥ १४ ॥

दशाके स्वामी जो कि राशि और ग्रह हैं उनके बल और फल पूर्वोक्त शास्त्रवत् जानना चाहिये ॥ १४ ॥

इसके अनन्तर मंडूकदशा कहते हैं।

स्थूलादर्शवैषम्याश्रयो मंडूकस्त्रिकूटः ॥ १५ ॥

लग्न और सप्तम इन दोनोंमें जो कि राशि बलवान् हो उससे आरम्भ करके मण्डूकदशा प्रवृत्त होवे है। प्रथमदशा केन्द्रस्थ राशियोंकी पश्चात् पणफरस्थ राशियोंकी फिर आपोक्लिमस्थ राशियोंकी होवे है। तिसमेंभी केन्द्रस्थ पणफरस्थ आपोक्लिमस्थोंमें प्रथम दशा अधिक बलीकी फिर उससे न्यून बलीकी इत्यादि क्रमसे दशाप्रवृत्ति होवे है और यदि पुरुष जातकवान् होवे तो लग्न सप्तममें जो अधिक बली हो उससे मंडूकदशा प्रवृत्त होवे है और यदि स्त्री जातकवती होवे तो बलयुक्त सप्तम राशिसेही मण्डूकदशा प्रवृत्त होवे है[2] ॥ १५ ॥

---

१ इस ग्रहदशाके बनानेमें वृद्धवाक्य प्रमाण है। "लग्नात्कारकपर्यन्तं सप्तमाद्वा दशां नयेत्। उभयोरधिका संख्या कारकस्य दशासमाः ॥ तद्युक्तानां च तत्तुल्यं प्रत्येकं स्युर्दशाः क्रमात्। ग्रहाः कारकपर्यन्तं संख्यान्यस्य दशा भवेत् ॥ कारकस्तद्युक्तश्चादौ तत्केन्द्रादिस्थितास्ततः। दशाक्रमेण विज्ञेयाः शुभाशुभफलप्रदाः ॥" अर्थ—लग्न वा सप्तम दोनोंमेंसे विषमसम पदानुसार जिससे कारकपर्यन्त संख्या अधिक आवे वही वर्ष दशामें कारकके होते हैं। जो कि ग्रहकारकके साथ युक्त होवे उस ग्रहके वर्ष कारकके वर्षोंके बराबर होते हैं और ग्रहोंके वर्ष वेही होते हैं जो कि ग्रहसे कारकपर्यन्त गिननेसे संख्या होवे है। जहां कारक स्थित होवे उसको केन्द्र मानकर प्रथम केन्द्रस्थ बलियोंकी दशा होवे है तत्पश्चात् अल्पबलियोंकी इसी प्रकार पणफरआपोक्लिमस्थोंकी दशा जाने॥

२ इसमें वृद्धवचनभी है। "बलिनः शुक्रशशिनोर्द्वयोः मंडूकदा दशा। पुरुषश्चेत्ततो नेया स्त्री चेद्दर्पणतो नयेत् ॥" अर्थ—लग्न सप्तम इनके मध्य जो कि बली होवे उससे यदि पुरुष जातकवान् होवे तो मंडूकदशा प्रवृत्त होवे है और स्त्री जातकवती

इसके अनन्तर फल कहनेके लिये शूलदशा कहते हैं।

निर्याणलाभादिशूलदशाफले ॥ १६ ॥

मरणकारक राशिसे जो कि सप्तम राशि है उससे आरम्भ करके शुभाशुभ फल कहनेके निमित्त शूलदशा प्रवृत्त होवे है। यह शूलदशा अनेक प्रकारकी होवे है क्योंकि रुद्रशूल और रुद्राश्रय राशि और महेश्वराश्रय और मारकराशि ये सब मरणकारक स्थानही हैं। यहां शूलदशामेंभी प्रत्येक राशिके नव २ वर्ष ग्रहण करना चाहिये ॥१६॥

इसके अनन्तर जिन दशाओंमें कि कोई विशेष विधान नहीं ऐसी समस्त साधारण दशाओंके आरम्भमें तथा वर्ष लानेमें कुछ विशेष कहते हैं।

पुरुषे समाः सामान्यतः ॥ १७ ॥

जिन दशाओंमें कि विशेष विधान नहीं उन समस्त दशाओंमें यदि आरम्भ राशि विषम होवे तो विषम सम पदानुसार क्रमव्युत्क्रम रीतिसे उसी आरम्भराशिसे दशाप्रवृत्ति होवे है और सामान्यसें प्रत्येक राशिके नव २ वर्ष होते हैं और यदि आरम्भ राशि सम होवे तो उस आरम्भ राशिसे जो कि सप्तम राशि है उससे आरम्भ करके विषम सम पदानुसार क्रमव्युत्क्रम रीतिसे दशाप्रवृत्ति होवे है[1]। कोई आचार्य इस सूत्रकी यह व्याख्या करते हैं कि यदि पुरुष जातकवान् होवे तो आरम्भराशिसेही दशा प्रवृत्त होवे है और यदि स्त्री जातकवती होय तो आरम्भराशिसेही जो कि सप्तम राशि है उससे दशा प्रवृत्त होवे है[2] ॥ १७ ॥

होवे तो बलवान् सप्तमसेही मंडूकदशा प्रवृत्त होवे है। मण्डूकदशामें प्रत्येक राशिके नव २ वर्ष ग्रहण करने चाहिये। चर स्थिर द्विस्वभावरूप त्रिकूटघटित होनेसें अथवा केन्द्रादि त्रिसमुदायघटित होनेसे इस दशाका त्रिकूट नाम है॥

१ इसमेंभी वृद्धवचन है। "ओजे लग्नं तदेव स्याद्युग्मे तत्सप्तमं भवेत्। दशोडुक्रमतो ज्ञेया युग्मे व्युत्क्रमतो मता॥" अर्थ-विषमराशिमें लग्न होवे तो उसीसे और सम राशिमें लग्न होवे तो उससे सप्तम राशिसे क्रमव्युत्क्रमरीतिसे दशा होवे है॥

२ इसमेंभी वृद्धवचन है। "पुरुषश्चेत्ततो नेया स्त्री चेद्दर्शनतो नयेत्।"॥

इसके अनन्तर नक्षत्रदशा कहते हैं।

सिद्धा उडुदाये ॥ १८ ॥

विंशोत्तरी अष्टोत्तरी आदिक रूप नक्षत्रायुर्दायमें जातकान्तर-प्रसिद्ध वर्ष ग्रहण करने चाहियें[1] ॥ १८ ॥

इसके अनन्तर योगार्द्ध दशा कहते हैं।

जगत्तस्थुषोरर्द्धं योगार्द्धं ॥ १९ ॥

प्रत्येक राशिके आये हुए चरदशावर्ष और स्थिरदशावर्षको जोडकर आधा करे जो वर्ष आवें वही वर्ष योगार्द्धदशाके होते हैं। भाव यह है कि चरदशामें जिस राशिके जितने वर्ष होवें और जितने वर्ष स्थिरदशामें होवें उन दोनोंको जोड लेवे फिर आधा करे जो वर्ष होवे वेही उस राशिके योगार्द्धदशामें होते हैं ॥ १९ ॥

---

१ अथ विंशोत्तरीदशासाधन अन्यजातकसे लिखते हैं। " कृत्तिकामवधिं कृत्वा भरण्यवधि गण्यते । नवभिस्तु हरेद्भागं शेषं सूर्यादिका दशा ॥ षडादित्ये दश चंद्रे सप्त वर्षाणि भूमिजे । अष्टादश तथा राहौ षोडश च बृहस्पतौ ॥ एकोनविंशतिमिदे बुधे सप्तदशैव च । सप्त वर्षाणि केतौ च विंशतिर्भार्गवे तथा ॥ विंशोत्तरी-दशा ज्ञेया भोगवर्षाणि निश्चितम् । " अर्थ—कृत्तिकासे लेकर जन्मनक्षत्रतक गिने संख्यामें ९ का भाग देवे एक बचे तो सूर्य, दो बचे तो चंद्रमा, तीन बचे तो मंगल, चार बचे तो राहु, पांच बचे तो बृहस्पति, छः बचे तो शनैश्चर, सात बचे तो बुध, आठ बचे तो केतु, शून्य बचे तो शुक्रकी प्रथम विंशोत्तरी दशा होवे है। सूर्यके ६ वर्ष, चंद्रमाके १० वर्ष, मंगलके ७ वर्ष, राहुके १८ वर्ष, बृहस्पतिके १६ वर्ष, शनैश्चरके १९ वर्ष, बुधके १७ वर्ष, केतुके ७ वर्ष १ शुक्रके २० वर्ष विंशोत्तरीदशामें होवे हैं। यदि स्पष्ट परमायुः १२० वर्षकी होवे तो यह कहे हुए वर्षही सूर्यादि ग्रहोंके होते हैं और यदि स्पष्ट परमायुः १२० वर्षसे कम आवे तो त्रैराशिकरीतिसे प्रत्येक ग्रहके दशावर्षभी स्पष्ट करे। जैसे स्पष्ट परमायुको सूर्यादिकोंके कहे हुए वर्षोंसे गुणे १२० का भाग देवे जो लब्ध मिले वह सूर्यादिकोंके स्पष्ट परमायुमें स्पष्ट वर्षादि होते हैं। परमायुके स्पष्ट करनेकी रीतिभी अन्य जातकसे लिखते हैं। " जन्मर्क्षयातघटिका वेदघ्ना रामभाजिताः। लब्धमभ्रार्कतः शोध्यं शेषमायुः स्फुटं भवेत् ॥ " अर्थ—जन्मनक्षत्रके स्पष्ट घटिका जितने व्यतीत हुए हों उनको ४ से गुणकर ३ का भाग देवे जो लब्ध आवे उनको १२० मेंसे घटा देवे जो शेष रहें वही स्पष्ट परमायु होवे है। अन्य अष्टोत्तरी आदिकोंका विवरण विस्तरभयसे नहीं लिखा है ॥

इसके अनन्तर योगार्द्धदशाके आरम्भराशिको कहते हैं।

स्थूलादशैवंपम्याश्रयमेतत् ॥ २० ॥

लग्न और सप्तम दोनोंमेंसे जो कि बली होवे उसके आश्रय यह योगार्द्धदशा होवे है। भाव यह है कि यदि लग्न सप्तमसे जो कि बली होवे उससे विषम सम पदानुसार क्रमव्युत्क्रमरीतिसे योगार्द्धदशा प्रवृत्त होवे है। यदि स्त्री जातकवती होवे तौ बलवान् सप्तमसेही और पुरुष जातकवान् होवे तौ लग्न सप्तम दोनोंमें बलीसे योगार्द्धदशाका आरम्भ होता है[1] ॥ २० ॥

इसके अनन्तर द्रग्दशा कहते हैं।

कुजादित्रिकूटपदक्रमेण द्रग्दशा ॥ २१ ॥

लग्नसे नवमादि त्रिकूटपद क्रमकरके द्रग्दशा होवे है। भाव यह है कि लग्नसे जो कि नवम राशि है प्रथम उसकी फिर वह राशि जिन राशियोंको दृष्टिचक्रमें देखता हो उनकी क्रमानुसार दशा होती है फिर लग्नसे जो कि दशम राशि है उसकी पश्चात् वह दशम राशि जिन राशियोंको दृष्टिचक्रमें देखता हो उनकी क्रमानुसार होवे है फिर लग्नसे एकादशराशिकी फिर एकादशराशि दृष्टिचक्रमें जिन राशियोंको देखता है उनकी क्रमानुसार दशा होवे है। लग्नसे नवम दशम एकादश राशियोंकी द्रग्दशा होवे है। नवम द्रग्दशा, दशम द्रग्दशा, एकादश द्रग्दशा यह फलितार्थ है[2] ॥ २१ ॥

---

१ ऐसा वृद्धोंनेभी कहा है। "बलिनस्तु दशा नेया राहोर्हि शशिशुक्रयोः। स्त्री चेद्दर्शनतो नेया पुरुषश्चेत्ततो नयेत् ॥"

२ लग्नसे प्रथम नवम राशिकी द्रग्दशाकी फिर दृष्टिचक्रमें नवमका जो कि सप्तम राशि है उसकी फिर नवमसे कहीं क्रमसे और कहीं व्युत्क्रमसे पंचम राशिकी फिर नवमसे कहीं क्रमसे कहीं व्युत्क्रमसे एकादशराशिकी दशा होवे है। फिर लग्नसे दशम एकादश राशियोंकी इसी प्रकार द्रग्दशा जाननी। शंका—नवम दशम एकादश इनसे प्रथम संमुख राशि कैसे कही क्योंकि प्रमाण न होनेसे हम प्रथम पंचम राशिका ग्रहण कर सक्ते हैं। समाधान—"अभिपश्यंत्यृक्षाणि पार्श्वभे च" दृष्टिविषयमें प्रथम सब राशि अपने सम्मुख राशियोंको देखते हैं पश्चात् पार्श्वराशियोंको देखते हैं ऐसा इन सूत्रोंका अभिप्राय होनेसे प्रथम पंचम राशि नहीं ग्रहण की है ॥

मातृधर्मयोः सामान्यं विपरीतमोजकूटयोः ॥ २२ ॥
यथा सामान्यं युग्मे ॥ २३ ॥

पंचम एकादश इन दोनोंका क्रम विषम पदमें तौ विपरीत है और सम पदमें यथार्थ है। वृष वृश्चिक विषमपदी हैं इससे विपरीत रीतिसे पंचम एकादश ये दोनों दृष्टियोग्य हैं और सिंह कुम्भ समपदी हैं इससे विपरीत रीतिसे पंचम एकादश ये दोनों दृष्टियोग्य होते हैं। द्विस्वभावराशिमें पंचम एकादश दृष्टियोग्य है नहीं तहां यह क्रम है कि लग्नसे नवम, दशम, एकादश इन स्थानोंमें द्विस्वभाव राशि होवे तौ प्रथम उन्हींकी फिर उनसे सप्तमकी फिर यदि द्विस्वभाव राशि विषम होवे तौ क्रमसे चतुर्थ दशमकी और यदि सम होवे तौ उलटे रीतिसे चतुर्थ दशमकी दशा होवे है। भाव यह है कि लग्नसे नवमादि स्थानोंमें चर राशि होवे तौ क्रमसे पंचम नवम इन राशियोंकी दृग्दशा होवे है और लग्नसे नवमादि स्थानोंमें स्थिर राशि होवे तौ उलटे रीतिसे पंचम एकादश इन राशियोंकी दृग्दशा होवे है और तिसी प्रकार पार्श्वराशिदशाक्रम जानना और लग्नसे नवमादि स्थानोंमें द्विस्वभाव राशि होवे तौ प्रथम नवमादिककीही दशा होवे है फिर सप्तमकी फिर यदि द्विस्वभाव विषम होवे तौ क्रमसे चतुर्थकी फिर दशमकी दशा होवे है और यदि द्विस्वभाव सम होवे तौ उलटे क्रमसे चतुर्थकी फिर दशमकी दशा होवे है। इस दृग्दशामेंभी प्रत्येक राशिके नव २ वर्ष ग्रहण कर्त्तव्य[1] हैं॥२२॥२३॥

इसके अनन्तर त्रिकोणदशा कहते हैं।

पितृमातृधर्मप्राण्यादित्रिकोणे ॥ २४ ॥

१ यदि लग्नसे नवममें चर राशि होवे तौ प्रथम तौ उसी नवमकी फिर नवमसे जो कि अष्टम पंचम नवम राशि हैं उनकी क्रमसे दशा होवे है और यदि स्थिर राशि होवे तौ प्रथम तौ उसी नवमकी फिर नवमसे उलटे क्रमसे षष्ठ, पंचम, नवम इन राशियोंकी दशा होवे है और यदि द्विस्वभाव राशि होवे तौ प्रथम तौ उसी नवमकी फिर द्विस्वभाव राशि विषम होवे तौ क्रमसे सप्तम चतुर्थ दशमकी और सम होवे तौ उलटे क्रमसे सप्तम चतुर्थ दशमकी दशा होवे है। इसी प्रकार लग्नसे दशम एकादश इन स्थानोंकी दशा जाने। यह स्पष्ट भावार्थ है॥

लग्न पंचम नवम इन राशियोंमें जो कि बली होवे उससें त्रिकोणदशाका आरम्भ होवे है। आरम्भराशिसे लेकर क्रमसे और व्युत्क्रमसे द्वादशराशियोंकी दशा होवे है। भाव यह है कि यदि पुरुष जातकवान् होवे तौ आरम्भराशिसे लेकर क्रमसे द्वादश राशियोंकी दशा होवे है और स्त्री जातकवती होवे तौ आरम्भराशिसे लेकर उलटे क्रमसे द्वादश राशियोंकी दशा होवे है। त्रिकोणदशाके वर्ष चरदशाके समान जानने[1] ॥ २४ ॥

इसके अनन्तर त्रिकोणदशाका फल कहते हैं।

तत्र बाह्याभ्यां तद्वत् ॥ २५ ॥

त्रिकोणदशामें द्वारबाह्यराशियोंकी कल्पना कर पूर्वोक्त दशाओंके समानही फल जाने[2] ॥ २५ ॥

सप्तमतृतीयात्मनीकारात्कारकैः फलादेशः ॥ २६ ॥

सप्तम तृतीय प्रथम नवम इन स्थानोंसे तत्तत्कारकोंद्वारा फलादेश कर्त्तव्य है। भाव यह है कि सप्तमसे स्त्रीविचार तृतीयसे छोटे भ्राताका और आत्मकारकसे अपना और नवमसे पिता और धर्मका विचार कर्त्तव्य है ॥ २६ ॥

इसके अनन्तर नक्षत्रदशा कहते हैं।

तारकांशे मंदाद्यो दशेशः ॥ २७ ॥

---

१ इसमें वृद्धवचन प्रमाण है। " लग्नत्रिकोणयो राशिर्बलवानुक्तहेतुभिः। तदारभ्योन्नयेच्छ्रीमच्चरपर्यायवद्दशा ॥ युग्मराशिभुवां पुंसामोजं गृह्णीत सम्मुखम्। ओजराशिभुवां स्त्रीणां युग्मं गृह्णीत संमुखम् ॥ ओजराशिभुवां पुंसां गृह्णीयादोजमेव तु। युग्मराशिभुवां स्त्रीणां युग्ममेव समाश्रयेत् ॥ क्रमोत्क्रमाभ्यां गणयेदोजयुग्मेषु राशिषु ॥ " अर्थ-लग्न पंचम नवम इन राशियोंमें बली राशिसे त्रिकोणदशाका आरम्भ होता है परन्तु त्रिकोणदशाके वर्ष "नाथान्ताः" इस सूत्रकी कही रीतिके अनुसार जाने इसीसे यह दशा चरदशासमान कही है। यदि पुरुष जातकवान् होवे तौ आरम्भदशासे लेकर क्रमसे द्वादश राशियोंकी दशा होवे है और क्रमसेही प्रत्येक राशिके वर्ष राशिसे स्वामीपर्यन्त गिननेसे होते हैं और यदि स्त्री जातकवती होवे तौ उलटे क्रमसे द्वादश राशियोंकी दशा होवे है और उलटे क्रमसेही राशिसे स्वामीपर्यन्त गिननेसे वर्ष होते हैं॥

२ ऐसा वृद्धोंनेभी कहा है। " तदिदं चरपर्यायस्थिरपर्याययोर्द्वयोः। त्रिकोणदशायां च पाकभोगप्रकल्पनम् ॥ " इसका अर्थ सुगम है और पहिले लिखभी आये हैं॥

जन्मदिन जो कि चंद्रमाका नक्षत्र है उसके समस्त घटिका जितने होवे उनके बारह विभाग करे प्रथम भागसे लेकर बारहों विभागोंमें क्रमसे लग्नादि द्वादश राशि होवे हैं। जिस विभागमें जन्म होवे उस विभागकी जितनी संख्या होवे उस संख्यातक लग्नसे लेकर गिने जो कि राशि आवे उससे लेकर यदि पुरुष जातकवान् होवे तो क्रमसे और स्त्री जातकवती होवे तौ उलटे क्रमसे द्वादश राशियोंकी नक्षत्रदशा होवे है। नक्षत्रदशामेंभी प्रत्येक राशिके नव २ वर्ष होते हैं॥ २७॥

तस्मिन्नुच्चे नीचे वा श्रीमंतः॥ २८॥

नक्षत्रलग्नका स्वामी यदि उच्चमें अथवा नीच राशिमें होवे तौ उत्पन्न हुए नर लक्ष्मीवान् होते हैं। भाव यह है कि जन्मनक्षत्रके समस्त घटिकाओंके बारह खण्ड करनेसे जिस खण्डमें जन्म होवे उसकी संख्याको लग्नसे आरम्भ करके गिने जहां समाप्त होवे उस राशिको नक्षत्रलग्न कहते हैं। यदि नक्षत्रलग्नका स्वामी उच्च अथवा नीच होवे तौ मनुष्य लक्ष्मीवान् होता है॥ २८॥

स्वमित्रभे किंचित्॥ २९॥

यदि नक्षत्रलग्नका स्वामी अपने मित्रगृहमें स्थित होवे तौ कुछ थोडी लक्ष्मीवाला होता है॥ २९॥

दुर्गतोऽपरस्था॥ ३०॥

यदि, नक्षत्रलग्नका स्वामी शत्रुराशिमें स्थित होवे तौ दरिद्र होता है[1]॥ ३०॥

---

१ ऐसा वृद्धोंनेभी कहा है। "जन्मतारे द्वादशधा विभक्ते यत्र चंद्रमाः। लग्नात्तावतिथे राशौ न्यसेदाद्यदशाधिपम्॥ स यद्युच्चेऽथ वा नीचे तदा स्याद्राजसेवकः। स्वमित्रर्क्षे सुखी शत्रुराशौ निःस्वः समे समः॥" अर्थ—जन्मनक्षत्रघटिकाओंके बारह विभाग करे जिस विभागमे जन्म होवे उसकी जितनी संख्या होवे वह संख्या लग्नसे लेकर जिस राशिपर समाप्त होवे उसकी प्रथम दशा होवे है। यदि उस राशिका स्वामी उच्च वा नीच राशिमें होवे तौ राजसेवक होता है और मित्रराशिपर होवे तौ सुखी होता है और यदि शत्रुराशिमें स्थित होवे तौ निर्धन होता है और यदि सम राशिपर होवे तौ सम होता है॥

स्ववैषम्ये यथा संक्रमव्युत्क्रमौ ॥ ३१ ॥

आत्मकारककी विषमता होवे तौ राशिस्वभावानुसारही क्रम व्युत्क्रम जानने। भाव यह है कि आत्मकारक यदि विषमपद और विषम राशिमेंही स्थित होवे तो अन्तर्दशाका भोग क्रमानुसार होता है और यदि आत्मकारक विषम पदमें सम राशिमें स्थित होवे तो अन्तर्दशाका भोग उलटे क्रमसे होता है ॥ ३१ ॥

साम्ये विपरीतम् ॥ ३२ ॥

आत्मकारककी समता होवे तौ क्रमके स्थानमें व्युत्क्रम और व्युत्क्रमके स्थानमें क्रम होता है। भाव यह है कि आत्मकारक सम पदमें सम राशिपर स्थित होवे तो अन्तर्दशाका भोग क्रमानुसार होता है और आत्मकारक सम पदमें विषम राशिपर स्थित होवे तो अन्तर्दशाका भोग उलटे क्रमसे होता है ॥ ३२ ॥

शनौ चेत्येके ॥ ३३ ॥

जिस प्रकार कि आत्मकारकमें विषम सम पदके भेदसे क्रम व्युत्क्रम और व्युक्रम क्रम ये होते हैं तिसी प्रकार शनैश्चरके विषे होते हैं ऐसा कोई आचार्य कहते हैं। भाव यह है कि शनैश्चर विषम पद और विषम राशिमें स्थित होवे तो क्रम और यदि शनैश्चर विषम पदमें सम राशिपर स्थित होवे तौ व्युत्क्रम होता है और यदि शनैश्चर समपदमें सम राशिपर स्थित होव तो क्रम और समपदमें विषम राशिपर स्थित होवे तो व्युत्क्रम होता है ॥ ३३ ॥

अंतर्भुक्त्यंशयोरेतत् ॥ ३४ ॥

आत्मकारककी अन्तर्दशामें और उपदशामेंही यह रीति जाननी न कि अन्य जगह ॥ ३४ ॥

इसके अनन्तर दशाफलविशेष कहते हैं।

शुभा दशा शुभयुते धाम्न्युच्चे वा ॥ ३५ ॥

जो कि राशि शुभ ग्रहसे युक्त होवे अथवा उच्च ग्रहसे युक्त

होवे अथवा जिसका स्वामी उच्च राशिमें होवे तौ उस राशिकी दशा शुभ होवे है ॥ ३५ ॥

अन्यथान्यथा ॥ ३६ ॥

और जो कि राशि न शुभ ग्रहसे न मित्र ग्रहसे न उच्च ग्रहसे युक्त होवे तौ उस राशिकी दशा सम होवे है और जो कि राशि नीचादि ग्रहोंसे युक्त होवे उसकी दशा अशुभ होवे है ॥ ३६ ॥

सिद्धमन्यत् ॥ ३७ ॥

जो कि विषय इस ग्रन्थमें नहीं कहा है और अन्य शास्त्रमें प्रसिद्ध है वह अन्य शास्त्रसेही लेना चाहिये ॥ ३७ ॥

इति श्रीजैमिनीयसूत्रद्वितीयाध्याये श्रीनीलकंठीयातिलकानुसृतभाषाटीकायां श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशिरामकृतायां चतुर्थपादः समाप्तः ॥ ४ ॥

श्रीमन्मंगलसेनसूनुप्रवरश्रीकाशिरामो ह्यभू-
द्भाषा जैमिनिसूत्रके विरचिता तेनर्तुबाणांकको ॥
संवच्चाश्विनमासि पर्वणि तिथौ चंद्रक्षये विद्दिने
विद्वद्भिः खलु दृश्यतां शुभदशा संशोध्यतां यच्त्रुटिः ॥ १ ॥

दोहा—जिला मुरादाबादके, अन्तर्गत ढाढोलि।
बैजोई थाना निकट, काशिराम कुलमौलि ॥ १ ॥
तिन रचि जैमिनिसूत्रपर, नीलकंठ अनुसार।
भाषा गंगाविष्णुके, अर्पण कियो सुधार ॥ २ ॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" छापाखाना
कल्याण—मुंबई.

अथ तृतीयोऽध्यायः।

अथ राजजनिताभ्यां योगे योगे लेयान्मेषाधिपः॥१॥ उच्चनीचस्वांशवती तादृशदृष्टिश्च शुभमातृदृष्टे यदि महाराजः ॥२॥ लेयलाभयोः परकाले॥३॥ लाभलेयाभ्यां स्थानगः ॥ ४ ॥ तत्र शुक्रचंद्रयोर्यानवंतः ॥ ५ ॥ तत्र शनिकेतुभ्यां गजतुरगाधीशः ॥ ६ ॥ शुक्रकुजकेतुषु स्वभाग्यदारेषु स्थितेषु राजानः ॥ ७ ॥ पितृलाभधनप्राणयोश्च ॥ ८ ॥ पत्नीलाभयोः समानकालः ॥ ९ ॥ भाग्यदारयोर्ग्रहयुक्तसमानेषु सांप्रतः ॥ १० ॥ तत्र उच्चे करसंख्या राज्ञां च ॥ ११ ॥ पितृधर्मयोर्लेयलाभयोर्गुरौ चंद्रशुभदृग्योगे मंडलांतः ॥ १२ ॥ तत्र बुधगुरुदृग्योगे युदजो वा ॥ १३ ॥ तस्मिन्नुच्चे नीचे पितृलाभयोः श्रीमंतः ॥ १४ ॥ स्वभावनाथाभ्यां शुक्रचन्द्रदृग्योगयोः ॥ १५ ॥ तत्र शुभवर्गेषु श्रीमंतः ॥ १६ ॥ दारशूलयोश्चंद्रगुरौ ॥ १७ ॥ शूले चंद्रे रिःफगुरौ धनेषु शुभेषु राजानः ॥ १८ ॥ पत्नीलाभयोश्च ॥ १९ ॥ एवमंशतो दृक्काणतश्च ॥ २० ॥ लेयलाभश्चंद्रे गुरौ शुभदृग्योगे महांतः ॥ २१ ॥ लाभचंद्रेऽपि ॥२२॥ पापयोगाभावे शुभदृग्योगिनि च ॥ २३ ॥ अत्र शुभदृग्योगे राजप्रेष्यः ॥ २४ ॥ शुभवर्जेषु त्रिकोणकेंद्रे वा ॥२५॥ स्वांशयोगे राजवंशः ॥ २६ ॥ उच्चांशे तादृशदृष्टिश्च

राजराजा वंश्यो वा ॥ २७ ॥ अशुभदृग्योगान्न चेन्न चेन्न ॥२८॥ पंचमांशपदेऽपि समेषु शुभेषु राजानो वा ॥२९॥ स्वलेयमेषाभ्यां राजचिह्नानि ॥ ३० ॥ इत्युपदेशसूत्रे तृतीये प्रथमः पादः ॥ १ ॥

यज्ञजनेशाभ्यां स्वकारकाभ्यां निधनम् ॥ १ ॥ निधनं लेयलाभयोः प्राणिनाम् ॥ २ ॥ गुरौ केंद्रे मंदाराभ्यां दृष्टे शनिभोगहेतौ कक्ष्यापवादः ॥ ३ ॥ रिपुरोगयोश्चंद्रे ॥ ४ ॥ स्वभावगैश्च ॥ ५ ॥ रोगतुंगयोर्वा ॥ ६ ॥ तत्र शनौ प्रथमम् ॥ ७ ॥ राहोर्द्वितीयम् ॥ ८ ॥ केतोस्तृतीयं निधनम् ॥ ९ ॥ तत्तु त्रिकोणेषु ॥ १० ॥ चरे प्रथमम् ॥ ११ ॥ स्थिरे मध्यमम् ॥१२॥ द्वंद्वेऽन्त्यम् ॥१३॥ एवं चरस्थिरद्वंद्वचराभ्याम् ॥१४॥ स्वपितृचन्द्राः ॥१५॥ तत्र शनिकक्ष्याहासः ॥ १६ ॥ रिपुषष्ठाष्टमयोश्च ॥ १७ ॥ प्रथममध्यमयोरंत्यमध्यमयोर्वा ॥ १८ ॥ शुभदृग्योगान्न ॥ १९ ॥ पितृलाभेशयोरस्यैव योगे वा ॥ २० ॥ अप्रसंगवादात्प्रामाण्यं रोगयोः प्राणिसौरदृष्टियोगाभ्याम् ॥ २१ ॥ द्वारबाह्ययोरपवादः ॥ २२ ॥ द्वारे चंद्रदृग्योगान्न ॥२३॥ केवलशुभसंबंधे बाह्ये च ॥ २४ ॥ लेयरोगक्रूराश्रयेऽपि ॥२५॥ रोगर्क्षत्रिकोणदशाब्दे ॥ २६ ॥ रोगनवांशदशाभ्यां निधनम् ॥ २७ ॥ तत्रापि शनियोगे ॥२८॥ मिश्रे शुभयोगान्न ॥ २९ ॥ लग्नेंद्वोर्भावे स्वलाभयोर्भावयोः

क्रूर रुद्राश्रयेऽपि ॥ ३० ॥ नवापवादानि ॥३१॥ इनशुक्राभ्यां रोगयोः ग्रामाण्य निधनम् ॥ ३२ ॥ महेश्वरब्रह्मयोराद्यन्तयोः ॥ ३३ ॥ चरनवांशदशायां निधनम् ॥ ३४ ॥ चित्तनाथाभ्यां रिपुरोगचित्तकर्मणि ॥ ३५ ॥ क्रूरग्रहेषु सद्योरिष्टम् ॥ ३६ ॥ शनिराहुचंद्रयोगे सद्योरिष्टम् ॥३७॥ कोणाश्रयेषु सद्योरिष्टम् ॥३८॥ सर्वमेवं पापग्रहेषु च ॥३९॥ केवलरिपुरोगचित्तनाथाभ्याम् ॥४०॥ तत्रापि चित्तनाथापहारे ॥ ४१ ॥ इत्युपदेशसूत्रे तृतीये द्वितीयः पादः ॥ २ ॥

लेयलाभयोः पदम् ॥ १ ॥ पदभावयोश्चरे ॥ २ ॥ क्रांतराशौ कर्मणि दुष्टं मरणं कर्मणि पापे राजाभ्यां यथा सबुधे ॥ ३ ॥ दिने दिने पुण्यम् ॥ ४ ॥ तत्र कर्मादि ॥ ५ ॥ तत्र कर्मादि ॥ ६ ॥ चराचरयोर्विपरीतकाले ॥ ७ ॥ ततः कोशे ॥ ८ ॥ पत्नीदृष्टमात्रशुक्रयुक्ते ॥ ९ ॥ पापदृग्योगे ॥ १० ॥ पाषाणमरणे ॥११॥ अत्र केतुयुक्ते ॥ १२ ॥ दोषेण हननम् ॥ १३ ॥ केतौ पापदृष्टौ वा ॥ १४॥ अत्र शुभयोगे ॥१५॥ मलिनभावे क्रांतराशौ कर्मणि दुष्टं मरणम् ॥ १६ ॥ क्रूराश्रये सर्वशूलादि ॥ १७ ॥ राहुदृष्टौ निश्चयेन ॥ १८ ॥ राहुशनिभ्यां दुष्टबलादि ॥ १९ ॥ तत्र प्रतिबंधः ॥ २० ॥ कुजकेतुभ्यां नित्यं च ॥ २१ ॥ वाशीयोग्यफूलदं (?) ॥ २२ ॥ मृत्युरोगाभ्यां राहुचन्द्राभ्यां यथास्वं मृत्युः

॥ २३ ॥ अत्र भावकरादि ॥ २४ ॥ तुरगवृषवर्गे ॥२५॥
अत्र कुजास्फोटकादिकुंडलधरश्च ॥ २६ ॥ रत्नाकरयोगे
॥ २७ ॥ कालदंडान्मरणम् ॥ २८ ॥ शेषा भुजंगादि
॥ २९ ॥ कीटवृषवृश्चिकांशे ॥ ३० ॥ रोगमातृदृष्टयो-
र्भावे मूषकादिमृतिः ॥ ३१ ॥ तत्र मंदे ॥ ३२ ॥ विष-
पानादि ॥३३॥ सौम्यदृग्योगाभ्यां मंडूकभेदादि ॥३४॥
स्वांशग्राह्याद्वर्णनामभिः ॥ ३५ ॥ लेयान्मृत्युः ॥ ३६ ॥
चले मृत्युः ॥ ३७ ॥ भाग्ये दंडात् ॥ ३८ ॥ कर्मे वि-
षभक्षात् ॥ ३९ ॥ दारे ज्वरभयम् ॥ ४० ॥ माता श-
त्रुहतः ॥ ४१ ॥ ज्ञानौ रिपुभयम् ॥ ४२ ॥ लाभे कुष्ठ-
रोगः ॥ ४३ ॥ विषूचीजलरोगादि देहे ॥ ४४ ॥ धने
खड्गादौ ॥ ४५ ॥ नित्यदुर्मरणम् ॥ ४६ ॥ तत्र रवियोगे
रिपुशस्त्राग्निभयम् ॥ ४७ ॥ चंद्रेण कूपे ॥ ४८ ॥ कुजेन
व्रणस्फोटादि ॥ ४९ ॥ बुधेन वृक्षपर्वतादयः ॥ ५० ॥
गुरुणा स्ववैषम्येऽरौ पावकः ॥५१॥ शुक्रेण शुक्रमेहात्
॥ ५२ ॥ ज्ञानिना विषभक्षणादि ॥ ५३ ॥ राहुकेतुभ्यां
विषसर्पलोष्टबंधनादिभिः ॥ ५४ ॥ शनिराहुभ्यां राहुणा
दंडादि ॥ ५५ ॥ तत्र गुरुराहुभ्यामभिचारादि ॥ ५६ ॥
तत्र गुरुशनिभ्यां दृष्टे यथा स्वनाशः ॥ ५७ ॥ स्वत्रि-
शांशे कौलकाफलरोगादि ॥ ५८ ॥ ललाटं प्रथमम्
॥ ५९ ॥ केशं द्वितीयः ॥ ६० ॥ बधिरं तृतीयः ॥६१॥
चतुर्थो नेत्रे ॥ ६२ ॥ सिंहादौ पंचमे ॥ ६३ ॥ षष्ठं जि-

ह्वाभे ॥६४॥ पूर्वषट्के राहुकेतुभ्यां स्वजिह्वादि ॥६५॥ तत्र शनिमांदिभ्यां गलद्वादि ॥ ६६ ॥ तत्र कुजे शोषः ॥ ६७ लाभांशे मरणम् ॥ ६८ ॥ तत्र रवौ प्रतिबंधः ॥६९॥ कौंतायुधधनौ रोगे ॥७०॥ सायकैर्धनम् ॥७१॥ भशनिहतकाये ॥ ७२ ॥ मार्गे मार्गे रिपूणां वैरिवर्गश्च स्वैवपम्ये रिपुः ॥ ७३ ॥ क्रूराश्रयबले रिपुहतः ॥७४॥ शन्यारफणिवर्गाद्यैः ॥ ७५ ॥ भावेशाक्रांतराशिस्थः ॥ ७६ ॥ रवियुक्तदृष्टे प्राथमिकः ॥ ७७ ॥ तत्र चंद्रान्निश्चयेनाकुजेन ज्ञातिभ्यः ॥ ७८ ॥ तत्र शनौ मृत्युवादाग्निकरणश्च ॥ ७९ ॥ स्वांशेऽपि ॥ ८० ॥ अन्यतरांशश्च ॥ ८१ ॥ नीचाश्रये विपरीतम् ॥ ८२ ॥ तत्र शनौ रूपे ॥ ८३ ॥ विषभक्षणादि ॥ ८४ ॥ तनुतनौ दंडहरम् ॥ ८५ ॥ तत्र भावविशेषः ॥ ८६ ॥ (?) अघशवनिधनम् ॥ ८७ ॥ मातापित्रोर्द्वितीयः ॥ ८८ ॥ ज्ञातिवर्गभ्रातादिस्तृतीयः ॥ ८९ ॥ कलत्रं चतुर्थम् ॥ ९० ॥ पुत्र पंचमम् ॥ ९१ ॥ शत्रुवर्गं षष्ठम् ॥ ९२ ॥ तत्र पापानां सन्निकृष्टम् ॥ ९३ ॥ जनने ॥ ९४ ॥ लाभे स्त्रिया विपत्तिः ॥९५॥ भावे स्वकर्मचित्तांशात्स्वांशे निधनम् ॥ ९६ ॥ स्वभूच्चात्पतनम् ॥ ९७ ॥ शूले मृतिः॥९८॥ धनेन ज्ञानवान्मरणम् ॥ ९९ ॥ नयने ग्रहणीरोगादि ॥ १०० ॥ शूले शत्रुमरणम् ॥ १ ॥ उच्चे ग्रहभातिः ॥ २ ॥ तत्र रविशनिभ्यामोजे कूटराशौ युग्मे निर्णयः

॥ ३ ॥ धनमुखाभ्यां पादरोगः ॥ ४ ॥ तनुविक्रमाभ्यां मंगुलिरोगः ॥ ५ ॥ तत्र केतुना अंगहीनश्च ॥ ६ ॥ तत्र पापदृष्टे पादहीनः ॥ ७ ॥ अथ बलानि ॥ ८ ॥ प्राणिनि शुभयुक्ते ॥ ९ ॥ राशिबलभागे ॥ १० ॥ चरपर्यायेन ॥ ११ ॥ शुभदृष्टे पादहीनः ॥ १२ ॥ शुभदृष्टित्रिशूले ॥ १३ ॥ अंशत्रिशूले वा ॥ १४ ॥ भावकोणाभ्यां निसर्गतः ॥ १५ ॥ आश्रयतो बलिष्ठः ॥ १६ ॥ यादिभराशौ पितृलाभयोः ॥ १७ ॥ स्वकर्मभेदेन ॥ १८ ॥ मूर्तित्वे परिपाताभ्यां जघन्यायुषि तत्र परिपाके ॥ १९ ॥ एवं निधनं मातापित्रोः ॥ १२० ॥ भूम्यंशश्च निवृत्तिकारकः ॥ २१ ॥ नार्यांतसंज्ञाः स्युः ॥ २२ ॥ कर्मस्था चरपर्याये ॥ २३ ॥ भाग्यदारयोः स्थिरोभयोः ॥ २४ ॥ भाग्यकारकाभ्यां मंगलपदम् ॥ २५ ॥ मृत्यु मृत्युषि ॥ २६ ॥ अन्यैरन्यथा ॥ २७ ॥ भूतमन्यत् ॥ १२८ ॥ इत्युपदेशे आयुर्दायापवादे तृतीये तृतीयः पादः ॥ ३ ॥

पुनः पदः पदे ॥ १ ॥ उपग्रहयुक्ते श्रीमंतः ॥ २ ॥ आधानपितुर्लग्नमेषम् ॥ ३ ॥ सूर्यात् कर्मणि पित्रोः ॥ ४ ॥ पुनः पद उत्तरयोः ॥ ५ ॥ पदाभ्यां भृगुसौम्यव्यतिरिक्ते ॥ ६ ॥ दिनकरे लाभेयोरनिसंज्ञाः स्युः (?) ॥ ७ ॥ प्रियानुपपत्तिः ॥ ८ ॥ तत्र पाकर्म ॥ ९ ॥ स्वकर्मव्याघ्रश्च ॥ १० ॥ दिनकरत्रिकोणे लाभपदे गर्भसंप्लवे ॥ ११ ॥ तत्र गर्भपाते ॥ १२ ॥ रविकेत्वंशे शुक्र-

शोणितौ ॥ १३ ॥ गुरुत्रिंशांशे ॥ १४ ॥ चंद्रदृग्योगे ॥ १५ ॥ सुक्कलिषुवयोः ॥ १६ ॥ शुक्रेरतौ ॥ १७ ॥ वर्णपरिपाकम् ॥ १८ ॥ यस्याधानं चंद्रदृग्योगे ॥ १९ ॥ यथा आधानपरिपाके च चंद्रबुधभृगुयोगाभ्यामाधानपरिमिते ॥ २० ॥ सुवर्णारणिसंयोगे ॥ २१ ॥ शनिचंद्राभ्यां नाभेरधः ॥ २२ ॥ गर्भवायुपरिवृन्ते ॥ २३ ॥ तत्र केतुना पुष्करस्रजा रव्यादिके त्वंतम् ॥ २४ ॥ ग्रहानतिरतः ॥ २५ ॥ अन्ययोनिगर्भेध्वजः ॥ २६ ॥ राहुचंद्राभ्यां वीरतमः ॥ २७ ॥ अवीरोपपत्तिः कर्मणि पाके एवं गर्भनिर्णयम् ॥ २८ ॥ स्थानाद्यैः स्वांशगश्च ॥ २९ ॥ यथा धर्मशीले ॥ ३० ॥ स्वांशग्रहैर्नीचउच्चयोः ॥ ३१ ॥ क्रियमेषलग्नेषु ॥ ३२ ॥ अथ रविप्राणाः ॥ ३३ ॥ नैसर्गिकबलेष्वभियोगशूल इह जायते ॥ ३४ ॥ पुं पुमान् ॥ ३५ ॥ वाण इति ॥ ३६ ॥ अत्रोदाहारः ॥ ३७ ॥ केतुशनिभ्यां रक्तप्रदरः ॥ ३८ ॥ शनौ पातयोगे कृष्णवर्णः ॥ ३९ ॥ शनिशुक्राभ्यां श्यामवर्णः ॥ ४० ॥ गुरुशशिभ्यां गौरवर्णः ॥ ४१ ॥ शनिबुधाभ्यां नीलवर्णः ॥ ४२ ॥ शनिकुजाभ्यां रक्तसुवर्णः ॥ ४३ ॥ शनिचंद्राभ्यां श्वेतवर्णः ॥ ४४ ॥ स्वांशवशाद्धैरनीलादीनि ॥ ४५ ॥ तथाप्युदाहरंति ॥ ४६ ॥ रेतः सिंचन्प्रजाः प्रजनयमिति विज्ञायते ॥ ४७ ॥ चरे पापदृग्योगे पुत्रनाशः ॥ ४८ ॥ शुक्रदृग्योगे पुत्रलाभः ॥ ४९ ॥

पापशुभदृग्योगाभ्यां प्रथमवर्णक्रमेण हासावृत्तिः॥ ५० ॥ यन्नवभागे नवांशाभ्यां संख्यावृद्धिः ॥ ५१ ॥ बीजयुग्वलयोर्बिंदुपतनकाले यमलाभ्यामूर्ध्वतः शुभपापयोश्च रस्थिरयोर्द्वंतोतादिकनेत्रविकृतोष्ठनासिकमुखकर्णशदंतपटलपादांगहीनकुब्जबधिरमूलांगोपांगसुशिरकेशावर्तचक्रबीजविपर्यासकुनखी वृषोन्नतबृहन्नाभिनेत्रः पार्श्वदृष्टयोरंधकुब्जवामनसत्वस्वरनीचस्वरहीनस्वरेत्यादिष्वपि पितृमात्रोर्बलानि ॥ ५२ ॥ एवमृक्षाणां बलानि ॥ ५३ ॥ स्वपितृभाग्ययोः परिपाककाले ॥ ५४ ॥ इति तृतीयाध्याये गर्भवर्णननिर्णयो नाम चतुर्थः पादः ॥ ४ ॥ समाप्तश्चाध्यायः ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः।

पितृदिनेशयोः प्राणिदेहः ॥ १ ॥ लाभचंद्रयोः प्राणिहृदयम् ॥ २ ॥ लेयचंद्रयोः प्राणिशिरः ॥ ३ ॥ भाग्यचंद्रयोः प्राणिमुखम् ॥ ४ ॥ कामचंद्रयोः प्राणिकंठः ॥ ५ ॥ दारचंद्रयोः प्राणिबाहुः ॥ ६ ॥ मातृचंद्रयोः प्राण्युदरम् ॥ ७ ॥ ततश्चद्रयोः प्राणिजघनम् ॥ ८ ॥ लाभचंद्रयोः प्राणिपृष्ठः ॥ ९ ॥ दिनचंद्रयोः प्राणिगुदः ॥ १० ॥ धनचंद्रयोः प्राणिपादौ ॥ ११ ॥ रिःफचंद्रयोः प्राणिनेत्रे ॥ १२ ॥ शूलचंद्रयोः कर्णयोः प्राणिकर्णौ

॥ १३ ॥ रौप्यचंद्रयोः प्राणिनासिके ॥ १४ ॥ एवं द्वादशभावानाम् ॥ १५ ॥ प्राणिबलानि ॥ १६ ॥ अप्राण्यपि पापदृष्टः ॥ १७ ॥ प्राणिनि शुभदृष्टे ॥ १८ ॥ तत्तद्भावे जन्म सूचितम् ॥ १९ ॥ आजन्मादिर्वपुःषु ॥ २० ॥ पित्रोः प्राक्कालेः ॥ २१ ॥ शरमेव मातापितरौ जनयतः ॥ २२ ॥ अशोणितो क्लीबश्च ॥ २३ ॥ एवं भावविचारः ॥ २४ ॥ अंकुशाभ्यां तु ॥ २५ ॥ वर्णभेदाश्रयेण ॥ २६ ॥ जीवेंदुबुधादयः ॥ २७ ॥ ब्राह्मणश्च रविः कुजः क्षत्रः ॥ २८ ॥ शनिः शूद्रश्च ॥ २९ ॥ राहुर्दूरजातिः ॥ ३० ॥ केतुश्चांडालः ॥ ३१ ॥ वर्णभेदेन पुत्रलाभाभ्यां मृगवर्णम् ॥ ३२ ॥ आसुरत्रयं च ॥ ३३ ॥ यदि पापबाहुल्यं तत्र रमणीजालः ॥ ३४ ॥ सुखकेशानि ॥ ३५ ॥ षडानि ॥ ३६ ॥ शनिराहुकेतुजेषु वैपरीत्यम् ॥ ३७ ॥ तालुतेफोफस्यशेवलेमित्रावरुणबले (?) ॥ ३८ ॥ मृत्युना कैवल्यम् ॥ ३९ ॥ शृंगारे लाटः ॥ ४० ॥ प्राणपाणौ बले ॥ ४१ ॥ मृत्युविचित्ते ॥ ४२ ॥ माधुरीकन्ये ॥ ४३ ॥ मांजिष्ठे मृगे ॥ ४४ ॥ मानुषि कुरूपः ॥ ४५ ॥ मरणे माने ॥ ४६ ॥ मायामालिंगे ॥ ४७ ॥ शुभेन कर्मणि पितृनियोजयो जयेत् ॥ ४८ ॥ पापे मातरि मिश्रे भ्रातरः ॥ ४९ ॥ शुभपापमिश्रे विरूपः ॥ ५० ॥ मातुनाशोकः ॥ ५१ ॥ चंद्रागुदृग्योगानिश्चयेनास्वमू-

तिपुरुषे कालरूपः ॥ ५२ ॥ तिर्यग्दृष्टौ प्रायो निर्वृत्तिकारकः ॥ ५३ ॥ शूलेशयोर्दरियोशतोर्घं गुरुदृष्टे च ॥ ५४ ॥ इति उपदेशे चतुर्थे प्रथमः पादः ॥ १ ॥

बलपदयोः प्राणिमारकः ॥ १ ॥ रुद्राश्रयेऽपि ॥ २ ॥ भावेऽपि बलदृष्टांतः ॥ ३ ॥ ओजयुग्मयोः प्राणिबलम् ॥ ४ ॥ अभिपश्यति भावानि ॥ ५ ॥ शुभान्यतराणि च ॥ ६ ॥ प्रत्यक्शूले नित्यविक्रमे बुधशुक्राभ्यां दंतोष्टपटलपार्श्वपाः ॥ ७ ॥ करकर्णाभ्यां मृत्युचित्तयोर्विपरीतम् ॥ ८ ॥ लग्ने पित्रकभावेऽपि कामनाथयोरैक्ये यमलः ॥ ९ ॥ कामनाथप्राणिनि शुभम् ॥ १० ॥ स्वनाथप्राणिनि च्युतयोः ॥ ११ ॥ भावयोः प्राणिनि कक्ष्याह्रासः ॥ १२ ॥ शुभयोगबलाच्चैवम् ॥ १३ ॥ मिश्रे समाः प्राणिहीने विपरीतम् ॥ १४ ॥ समे नित्यम् ॥ १५ ॥ भाग्ययोर्बलम् ॥ १६ ॥ गुरुचंद्रयोर्धर्मधनैक्ये कर्मबले ॥ १७ ॥ मेषे विपरीतम् ॥ १८ ॥ ततः प्राणाः स्वपितृयोगः ॥ १९ ॥ शुद्धः स्वकाले ॥ २० ॥ अनुकूललेये तुंगे नीचे ॥ २१ ॥ भावबलाभ्यां तु ॥ २२ ॥ केंद्रत्रिकोणोपचयेषु राहुकुजौ जानुहावीरिकेवलराहौ तत्र निधनम् ॥ २३ ॥ भौमदृग्योगान्निश्चयेन ॥ २४ ॥ तत्र शनौ गुरुदृग्योगे सेतुयोग्यं स्वत्रिकोणराशिषु ॥ २५ ॥ पदे चापदभावे स्वामिन इत्थम् ॥ २६ ॥ हस्वफलादिशुभवर्गयुतिशेषास्तन्वये ॥ २७ ॥ मूर्ति रूपं च ॥ २८ ॥ स्वकारकव्यतिरिक्तेषु ॥ २९ ॥ भावबले

चंद्राश्रयेऽपि ॥ ३० ॥ दारे मित्रस्वपितृभ्याम् ॥३१॥ भावशूलदृष्ट्या च ॥३२॥ पितृनाथदृष्ट्या रोगः ॥३३॥ पुत्रनाथदृष्ट्या दरिद्राः ॥३४॥ शूलनाथदृष्ट्या व्ययशालः ॥ ३५ ॥ रिपुनाथदृष्ट्या कर्म ॥ ३६ ॥ धननाथदृष्ट्या निरोगी च ॥३७॥ माननाथदृष्ट्या प्रबलः ॥३८॥ दारेक्षदृष्ट्या सुखिनः ॥ ३९ ॥ कामेशदृष्ट्या प्रध्वंसः ॥ ४० ॥ भाग्यनादृष्ट्या सुरूपः ॥ ४१ ॥ सर्वदृष्ट्या प्रबलः ॥ ४२ ॥ दारभाग्ये च ॥ ४३ ॥ वर्णपदाश्रयकोणेषु ॥ ४४ ॥ शुक्रे च॥ ४५ ॥ कोणयोःशुभेषु मित्रप्रागपवर्गे ॥ ४६ ॥ केंद्रत्रिकोणयोः शुभे कालबलानि ॥४७॥इत्युपदेशसूत्रे चतुर्थेऽध्याये द्वितीयः पादः॥२॥

बुधशुक्रयोर्युग्मे स्त्रीजननम् ॥ १ ॥ कालनिर्णयादि ॥२॥ अंशभेदेन लिप्तविलिप्ताः ॥ ३ ॥ कालकाः ॥ ४ ॥ अनुलिप्ताश्च ॥ ५ ॥ द्विना द्विचतुःसंख्यादि ॥ ६ ॥ नव भागशेषे ॥७॥ आद्यंशके ॥ ८ ॥ ग्रहक्रमेण वर्णम्॥ ९॥ पुमान्पुंप्रजः ॥ १० ॥ अन्ये स्त्रियः ॥ ११ ॥ क्लीबे पूर्वापरौ ॥ १२ ॥ एवं वर्णसंज्ञाः स्युः ॥ १३ ॥ नीचे दारांशकः ॥ १४ ॥ आद्यादिस्ववर्णः ॥ १५ ॥ मित्रभेदाभ्यां चरपर्यायेण संज्ञाः स्युः ॥ १६ ॥ धात्वादिरूपवर्णेन ॥१७॥ स्वांशगैश्च बलः ॥१८॥ रविकुजौ रक्तौ ॥१९॥ बुधशुक्रौ श्यामौ ॥२०॥ कृष्णेतराः स्युः ॥ २१ ॥ त्रित्रिभागे चरस्थिरोभयपर्याये ॥२२॥ घटिकाषष्ठिनिर्णये

॥ २३ ॥ अंशस्यैकस्य पंचघटिकाः ॥२४॥ एवं द्वादश पंच स्युः विघटिकादिक्रमेण ॥ २५ ॥ ओजे पुरुषः ॥ २६ ॥ युग्मे स्त्रियः ॥२७॥ ओजयुग्मयोः स्त्रीपुरुषौ ॥२८॥ यथा मातरि वर्णे ॥१९॥ मात्रा प्रसवकालमुखेन ॥ ३० ॥ राहिंदुभ्यां स्त्रीजननम् ॥ ३१ ॥ पुरुषतराः ॥ ३२ ॥ शन्याराभ्यां पुरुषः ॥ ३३ ॥ शनिबुधाभ्यां स्त्रियः ॥ ३४ ॥ शनिचंद्राभ्यां कुजः ॥ ३५ ॥ शनिशुक्राभ्यां रूपवत्या ॥ ३६ ॥ शनिकेत्वोर्जारिणी ॥३७॥ तत्र बुधांशे बहिर्जारिणी॥ ३८ ॥चंद्रशुक्रौ कामी प्रवीणतमश्च ॥ ३९ ॥ अंशभेदेन ॥ ४० ॥ बुधशुक्राभ्यां कामी विरागतः ॥ ४१ ॥ तत्र केत्वंशे ॥ ४२ ॥ गोपमन्यतरः ॥४३॥ केत्वंशे बुधचंद्रदृष्टे सर्ववर्णाश्रयेषु संचरितः ॥४४॥ पापदृष्टे पुंश्चली ॥ ४५ ॥ सप्तमाष्टमयोः पापबल्ये विधवा (?) ॥४६॥ तत्राष्टमे कुजे केतुषु ॥ ४७॥ दृग्योगाभ्यां भर्तृहंत्री ॥ ४८ ॥ एकांशेन ॥ ४९ ॥ ओजयुग्ममार्गया ॥ ५० ॥ नीचे विपर्ययः ॥ ५१ ॥ षड्वर्गादौ सन्निपातहनने ॥ ५२ ॥ मूर्तौ रूपम् ॥ ५३॥ भाग्यांशगैश्चंद्रबाहुल्ये बुधशुक्राभ्यां सुमतिः ॥ ५४ ॥ तत्र केतुना केत्वंशे दुर्गंधी ॥ ५५ ॥ रविदृष्टे दंतवक्री ॥ ५६ ॥ कुजदृष्टे क्रोधकरी ॥ ५७ ॥ इतरग्रहदृग्योगः ॥ ५८ ॥ सौम्यश्च ॥ ५९ ॥ पापे पापबाहुल्या ॥६०॥ शुभे गुणवती ॥ ६१ ॥ मिश्रे समाः ॥ ६२ ॥ एवम-

ष्टमः सप्तमार्द्धहरितः ॥ ६३ ॥ त्रिकोणत्रिषडायेषु ॥ ६४ ॥ नीचे विपर्ययः ॥ ६५ ॥ द्विर्भाग्ययोरानुकूल्ये ॥ ६६ ॥ शुभेतरमिश्रतरौ च ॥ ६७ ॥ चक्षुर्वर्णभेदेन नित्याश्च ॥ ६८ ॥ यत्ने अंशकृतः ॥ ६९ ॥ राज्ये नीचे ॥ ७० ॥ धने कामी ॥ ७१ ॥ धर्मे मोक्षी ॥ ७२ ॥ धने पापी ॥ ७३ ॥ तत्र रव्यंशे बालविधवा ॥ ७४ ॥ रवित्रिकोणेषु च ॥ ७५ ॥ चंद्रे कामिनी ॥ ७६ ॥ चंद्रत्रिकोणेषु च कुजकुरूपिक्रोधी ॥ ७७ ॥ कुजत्रिकोणेषु च ॥ ७८ ॥ बुधे वंध्या ॥ ७९ ॥ बुधे त्रिकोणेषु चातुरी पतिभक्तिपरायणी ॥ ८० ॥ गुरुत्रिकोणेषु च ॥ ८१ ॥ शुक्रे सर्वसौभाग्यकारिणी ॥ ८२ ॥ शुक्रत्रिकोणेषु च ॥ ८३ ॥ शनौ कामिनी च पुरुषः ॥ ८४ ॥ शनित्रिकोणेषु च ॥ ८५ ॥ राहुसर्वकर्मात्मकेषु राहुत्रिकोणेषु च ॥ ८६ ॥ केतौ चंडाली तत्तन्मानवर्ती ॥ ८७ ॥ तत्त्रिकोणेषु च ॥ ८८ ॥ एवं वर्णसंज्ञाः स्युः ॥ ८९ ॥ चक्षुर्हीनम् ॥ ९० ॥ वर्णांत्रिंशांशे आद्य पहारे ॥ ९१ ॥ पापत्रिकोणेषु च ॥ ९२ ॥ यथास्वं नीचेषु च ॥ ९३ ॥ अंशग्रहबलानाम् ॥ ९४ ॥ रविशुक्राभ्यां प्रथमम् ॥ ९५ ॥ रविचंद्राभ्यां द्वितीयम् ॥ ९६ ॥ रविकुजाभ्यां तृतीयम् ॥ ९७ ॥ रविबुधाभ्यां चतुर्थम् ॥ ९८ ॥ रविराहुभ्यां सप्तमम् ॥ ९९ ॥ रविकेतुभ्यामष्टमम् ॥ १०० ॥ एवं सर्वं रन्ध्रभाग्ययोर्वर्जयेत् ॥ १ ॥

लाभे च तत्र लाभयोः ॥ २ ॥ शुभे न दोषः ॥ ३ ॥ शुभपापयोर्न क्वचित् ॥ ४ ॥ रंध्रापवादे सौम्यत्रिकोणे मृगवर्गादि ॥ ५ ॥ स्वत्रिंशांशः स्वनीचभवने ॥ ६ ॥ यथा मृगतौल्यादि ॥ ७ ॥ आद्यंशभेदेषु ॥ ८ ॥ राहुकेतुभ्यां प्रबंधः ॥ ९ ॥ वर्गोत्तमकाले ॥ १० ॥ प्राणी बलानि ॥ ११ ॥ नवत्रिषडाययोरंशः ॥ १२ ॥ सप्ताष्टगुणचेष्टिताः ॥ १३ ॥ शुभागेन कर्तव्यम् ॥ १४ ॥ लक्षलक्ष्यापवादयोः ॥ १५ ॥ क्रमात्क्रूरे शुभाभ्यां च व्युत्क्रमादुभयाययोः ॥ १६ ॥ रंध्रतत्तमयोरेतत् ॥ १७ ॥ बलसचरिते ध्रुवाः ॥ १८ ॥ एतद्योगविहीनस्तु निश्चित्यः स्त्रीजातके ॥ १९ ॥ इति गुरुणाभ्यां वर्णः ॥ १२० ॥ स्वपितृवर्णश्च ॥ १२१ ॥ इत्युपदेशसूत्रे चतुर्थाध्याये तृतीयः पादः ॥ ३ ॥

गुणेषु गुणरमणी ॥ १ ॥ केंद्रत्रिकोणेषु शुभवर्गेषु ॥ २ ॥ अर्कारमंदफलयोः पुमांश्च ॥ ३ ॥ चंद्रबुधाभ्यां स्त्री च ॥ ४ ॥ दृग्योगाभ्यामपि ॥ ५ ॥ यथा निर्हरणम् ॥ ६ ॥ रोगे पापे वैधवी पापदृग्योगा निश्चयेन ॥ ७ ॥ उच्चे विलंबात् ॥ ८ ॥ नीचे क्षिप्रम् ॥ ९ ॥ मिश्रे मिश्रात् ॥ १० ॥ चंद्रकुजदृष्टौ निश्चयेन ॥ ११ ॥ आद्या आत्मजस्त्री ॥ १२ ॥ कार्ये पापे कोणे वा ॥ १३ ॥ पापदृग्योगकाले वियोनिसंज्ञायां विधित्वादिति ॥ १४ ॥ धात्वादिवर्णकाले ॥ १५ ॥

भावपरिवेधनेन ॥ १६ ॥ उच्चे स्वांशवर्गः ॥ १७ ॥ अर्धांशे पश्वादियोनिसंबंधः ॥ १८ ॥ मध्ये मृगाः ॥ १९ ॥ अंत्ये कीटकादयः ॥ २० ॥ एवमुभौ शुभलोके ॥ २१ ॥ रविशुक्राभ्यां पापपूर्वम् ॥ २२ ॥ अन्यैरन्यथा ॥ २३ ॥ अत्र शुभः केतुः ॥ २४ ॥ पापदृग्योगान्न ॥ २५ ॥ रविराहुशुक्राः ॥ २६ ॥ गुरुश्चैककालादृग्योगमिति ॥ २७ ॥ यथा चंद्रम् ॥ २८ ॥ तत्र गुरुवर्गे स्वाम्यंशे च ॥ २९ ॥ स्वेशभूमित्रनीचांशकश्च ॥ ३० ॥ पूर्णेंदुराद्वारांतरालाश्च ॥ ३१ ॥ शुभवर्गे शुभदृष्टियुतः ॥ ३२ ॥ अंशे मित्रभेदात् ॥ ३३ ॥ स्वानंदतुल्ये वा ॥ ३४ ॥ वर्गे नवांशश्च ॥ ३५ ॥ तत्र ज्ञानाज्ञानेषु ॥ ३६ ॥ पुत्रमणिरमणी ॥ ३७ ॥ बुधकेतुर्वा ॥ ३८ ॥ शुभचंद्राभ्याम् ॥ ३९ ॥ स्वलग्ननाथाश्च ॥ ४० ॥

इत्युपदेशसूत्रे वियोनिभेदो नाम चतुर्थाध्यायस्य चतुर्थः पादः समाप्तः ॥ ४ ॥

इति जैमिनीयसूत्राणि समाप्तानि ।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
"लक्ष्मीवेंकटेश्वर" छापाखाना,
कल्याण-मुंबई.

नूतन पुस्तकें.

संतानगोपालस्तोत्र	०–२
विवाहविचार	०–१
संकल्पकल्पना	०–८
पौतालचंद्रिका	०–४
समासकुसुमावलि	०–२
भूलोकरहस्य	०–४
वैष्णवनीति भाषाटीका	०–४
मदनपालनिघंटु भाषाटीका	२–४
मूर्खशतक-निंदकनामा	०–४
आत्मबोध भा०टी०	०–४
श्रीपराशरस्मृति छोटी	०–३
षट्पंचाशिका भाषाटीका....	०–६
मुक्तिकोपनिषद् भाषाटीका	०–५
रामाश्वमेध अक्षर बडा मूल	२–८
जगन्नाथमाहात्म्य छोटा....	०–६
संगीत सुधानिधि द्वितीय भाग	०–३
भक्तिविलास	०–२
वैष्णवतंत्र भाषाटीका	०–३
हितोपदेश भा० टी०	१–४
भोजप्रबंध भा० टी०	१–४
भैरवसहस्रनाम	०–२
संवत्सरफलदीपिका	०–३
काव्यमंजरी	१–८
नासिकेत भाषा वार्तिक....	०–४
मरहटासरदार और रौशनआरा औरंगजेबकी पुत्रीका प्रेम	०–७
बारामासीया लावणीसंग्रह	०–५
जीवनचरित्र तुलसीदासजीका	०–८
गूजरगीत मंगल....	०–५
सूर्यकवच	०–१
शिवकवच	०–१
ग्रहगोचरज्योतिष भा० टी०	०–२
जगन्नाथमाहात्म्य बडा ४९ अध्यायका	१–४
राधागोपालपंचाङ्ग	०–१२
वियोगवैराग्यशतक	०–१
मैत्रीधर्मप्रकाश भाषाटीका	०–४
पूरनमलभक्तका सांगीत	१–४
भजनसागर ग्लेज	१–०
" रफू....	०–१२
मासचिंतामणि भा० टी०	०–३
श्राद्धनिधान भाषाटीका....	०–६
केवल गीता भाषाटीका पाकेटबुक	०–८
तर्कसंग्रह भाषाटीका	०–६
स्वरतालसमूह (सितारका पुस्तक)	१–८
हारीतसंहिता भाषाटीका...	३–०
बृहद्वक्रहडाचक्र (होडाचक्र) भाषाटीका	०–४
राजवल्लभनिघण्टु भाषाटीका	१–८
गीतामृतधारा भाषा	०–८
भागवत भाषा खुलापत्रा....	६–०
लघुजातक भा० टी०	०–८
पद्मकोश भा० टी०	०–४
बीरबर अकबरका उपहास....	०–८
आल्हारामायण (आरण्यकांड)	०–६
भोजप्रबंध भाषा	०–१२
गोविंदगुणवृंदाकर	१–०
दिलगीकीपुडिया ५भाग प्रत्येक भागकी कीमत	०–२
सूर्यकवच भा०टीका	०–१
आदित्यव्रतकथा भा०टी०	०–२

पुस्तक मिलनेका ठिकाना–गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,

'लक्ष्मीवेंकटेश्वर' छापाखाना, कल्याण–मुंबई.